माघ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, बुधवार
05 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 06, पृष्ठ-12



पेज 10

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 25.5° | 28.0° |
| न्यून. | 12.0° | 15.0° |

₹77500 (10 ग्राम)

₹99000 (01 किलो)

| संसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,583.81 | 87.079 |
| +1,397.07 | +0.119 |

## एक नजर

### महाकुंभ में आज आस्था की डुबकी लगाएंगे पीएम

**प्रयागराज।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रयागराज पहुंच रहे हैं। वह 5 फरवरी को महाकुंभ में पवित्र स्नान करेंगे। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी सुबह लगभग 10 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वीआईपी मूवमेंट के तहत पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रधानमंत्री अरल घाट से नाव के जरिए 10 बजकर 50 मिनट पर महाकुंभ पहुंचेंगे। उनके साथ भूटान के नरेश भी मौजूद रहेंगे।

### नगड़ी में गोलीबारी, दो युवकों को लगी गोली

**रांची।** जिले में हुई गोलीबारी की घटना में दो लोगों को गोली लगी है। यह घटना नगड़ी इलाके में हुई है। जहां मंगलवार की रात हुई गोलीबारी में दो युवकों को गोली लगी है। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में दो लोगों को गोली मारी गई है। इस घटना में घायल दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राजभवन उद्यान लोगों के लिए कल से खुलेगा

**रांची।** आम लोग एक बार फिर से राजभवन उद्यान का दीदार कर सकेंगे। राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह से 12 फरवरी तक खोला जा रहा है। कोई भी व्यक्ति राजभवन के गेट नंबर दो से सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक प्रवेश कर सकता है। प्रवेश आवश्यक जांच के बाद ही मिलेगा। सभी आगंतुकों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### झामुमो स्थापना दिवस : केंद्र पर बरसे मुख्यमंत्री, कहा

# अधिकार के लिए जरूरत पड़ी तो खदानों को करेंगे बंद

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**धनबाद।** धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के 53वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, तमाम विधायक और पार्टी के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार से बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये पाने के लिए जरूरत पड़ने पर झारखंड के कोयला खदानों को बंद कर तक कि बातें कही।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना काल में लोगों की सेवा करते-करते हमारे दो मंत्री शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा से पूरा देश रौशन होता है और उसी झारखंड के लोग भूख से मरने लगे। तब जाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा जो हमेशा एक सिपाही की भूमिका में रही, उसने ये संकल्प लिया कि सत्ता से इन बेईमानों को बेदखल करना होगा। तब हमने एक लंबा संघर्ष यात्रा निकाला और जनता के आशीर्वाद से हमने वर्ष 2019 में सत्ता वापस पाया। उन्होंने कोयला रॉयल्टी के बकाया राशि की बात करते हुए कहा अधिकार छिनने से मिलता है। यहां के सांसद जब दिल्ली जाते है तो झारखंड का हक मांगने की जगह अपने मुंह पर टेप साट लेते है। लेकिन हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे। इसके लिए जरूरत पड़ी तो कानूनी रास्ता अख्तियार किया जाएगा शेष पेज 11 पर

### मंईयां सम्मान योजना की राशि का करें सदुपयोग : सीएम

हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पहली बार पूरे देश में एक साथ 50 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में राशि भेजी जा रही है। आज पूरे देश में मंईयां सम्मान योजना की चर्चा है। झारखंड में भाजपा इस योजना को रेवड़ी बता रही थी। अभी दिल्ली के चुनाव में भाजपा यही वादा कर रही है। हेमंत सोरेन ने महिलाओं से अपील की कि मंईयां सम्मान योजना की राशि का सदुपयोग करें। छोटी-छोटी बचत कर गाय खरीद सकती हैं। महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें। मंईयां सम्मान योजना के बाद अब किसी को पीडीएस का राशन नहीं बेचना पड़ेगा, न ही साइकिल बेचनी पड़ेगी।



### भ्रष्टाचार पर जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति

सीएम ने कहा कि राज्य में कहां क्या हो रहा है, इन सबकी जानकारी मिल रही है। बीडीओ व सीओ ऑफिस को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। खासकर जमीन को लेकर सीओ कार्यालय में सक्रिय बिचौलिए गड़बड़ी करा रहे हैं। गरीबों को परेशानी हो रही है। जल्द ही कुछ सीओ पर कार्रवाई होगी। कुछ सीओ बर्खास्त किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार फिर से ह्यसरकार आपके द्वारह्ण कार्यक्रम शुरु होगा। पंचायत स्तर पर जाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। उसका निराकरण करेंगे।

### रांची में बड़ा हादसा

# टोल प्लाजा का लाइट टावर ऑटो पर गिरा, दो महिलाओं की दर्दनाक मौत

नवीन मेल (न्यूज नेटवर्क)

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के रांची-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-23) पर टोल प्लाजा के पास हाई मास्ट का टावर एक ऑटो पर गिर गया। मंगलवार को हुए इस हादसे में 2 महिलाओं (मां-बेटी) की मौत हो गयी और 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों को पहले रामप्यारी अस्पताल और फिर वहां से रिम्स भेज दिया गया। मृतकों के नाम बांदी उरांईन (38) और दशमी उरांईन (22) हैं। दशमी उरांईन की 5 साल की एक बेटी है। दशमी और बांदी इटकी थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव की



रहने वाली थी। दुर्घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के पोकलो ढोड़ा पुल के टोल प्लाजा के पास हुई। सवारी ऑटो बेड़ो से रांची की ओर जा रहा था। दुर्घटना में घायल 5 लोगों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से जीसीबी की मदद से ऑटो से निकाला और अस्पताल भिजवाया। शेष पेज 11 पर

**ये लोग हुए घायल**

- चेपा लकड़ा, ग्राम - कुल्ली, थाना - इटकी
- भारती केरकेट्टा, ग्राम - पलमा
- बसंती उरांईन, ग्राम - पलमा
- मंगरा उरांव, जरिया गढ़

### चार सदस्यीय समिति करेगी घटना की जांच

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने नगड़ी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के पास हुई घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के लिए जिला प्रशासन ने कमिटी का गठन कर दिया है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव आज, पुलिस हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बुधवार को वोटिंग होगी। वोटिंग से पहले दिल्ली पुलिस कड़ी सतर्कता बरत रही है और पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। दक्षिण जिला पुलिस ने देर रात गश्त की, जिसका नेतृत्व डीसीपी अंकित चौहान ने किया। यह गश्त चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। डीसीपी अंकित चौहान ने सुरक्षा व्यवस्था में किए गए सुधार के बारे में बताया, हमारे जिले में बाहरी सुरक्षा बलों की लगभग 15 कंपनियां आई हैं। इसके अलावा, होमगार्ड और अन्य इकाइयों से पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

## जमीन फर्जीवाड़े में छवि रंजन समेत 9 के खिलाफ आरोप गठित

नवीन मेल (न्यूज नेटवर्क)

**रांची ।** सिविल कोर्ट रांची के पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति 1 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त करने के आरोप में शामिल रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत 9 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। मामले में अब ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जाएगा। एक आरोपी कोर्ट नहीं पहुंचा। जिसके कारण उस पर आरोप तय नहीं हो सका है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि



रंजन, व्यवसायी अमित कुमार अग्रवाल, प्रेम प्रकाश, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, दिलीप घोष, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम पर आरोप गठित किया गया है। पिछले दिनों मामले के आरोपियों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन सुनवाई पश्चात एक-एक करके खारिज कर दी थी। शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कसा तंज, कहा

## जो गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए अपने 11 साल से पीएम होने के उपलब्धियों का बखान करते हुए विपक्ष पर चुभने वाली अपनी शैली में हमला करते हुए खूब लीहाड़ी लिया। मोदी ने कहा कि, मैं आज जनता जनार्दन का भी बड़े आदर के साथ आभार व्यक्त करना चाहता हूं। सदन में जिन जिन लोगों ने हिस्सा लिया मैं उन सबका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि सदन में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की बातें हुईं। 21वीं सदी का 25 प्रतिशत हिस्सा बीत चुका है। राष्ट्रपति ने देश के सामने भविष्य के 25 साल की बात रखी। एक प्रकार से राष्ट्रपति का ये उद्बोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है, नया विश्वास पैदा करने वाला है और जन-सामान्य को प्रेरित करने वाला है। पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। हम लोगों ने पांच-पांच दशक तक गरीबी हटाओ के



नारे सुने। हमने गरीब को झूठे नारे नहीं दिए, सच्चा विकास दिया। हम जमीन से जुड़कर काम करते हैं, तो बदलाव होते ही हैं। अब तक गरीबों को चार करोड़ घर मिले हैं, जिन लोगों ने वो जिंदगी जी है वो जानते हैं कि पक्की छत मिलने का क्या मतलब होता है। आजादी के 75 साल के बाद देश में 16 करोड़ से ज्यादा घरों में नल का कनेक्शन नहीं था। हमारी सरकार ने 5 साल में 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल-से-जल देने का काम किया है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि- जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराकर सुर्खियां बटोरते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। मोदी ने कहा- समस्या की पहचान करके छूट नहीं सकते, समस्या का समाधान भी करना होता है। हमारा प्रयास समस्या के समाधान का रहता है और हम समर्पित भाव से प्रयास करते हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा - कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। पीएम ने कहा कि कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है। हमारा फोकस तो हर घर नल से जल पहुंचाने पर है। 12 करोड़ लोगों को नल से जल दिया, हमारा फोकस गरीबों के घर बनाने पर है। पीएम ने कहा- हमारे स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जाता था, न जाने क्या-क्या कहा जाता था। इस अभियान के तहत कबाड़ बेचकर दो हजार 300 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया है। पीएम मोदी ने कहा- लेकिन पहले अखबारों की हेडिंग होती थी। शेष पेज 11 पर

## लातेहार में जेजेएमपी के दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

नवीन मेल (न्यूज नेटवर्क)

**लातेहार।** जेजेएमपी नक्सली संगठन के दो नक्सलियों ने मंगलवार को लातेहार एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में चंदन साव और पप्पू साव शामिल हैं। दोनों छिपादोहर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट ने नक्सलियों को सम्मानित किया। दरअसल लातेहार पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए

### आत्मसमर्पण करें नहीं तो मारे जाएंगे: कमांडेंट




जा रहे निरंतर छापेमारी अभियान से नक्सली काफी कमजोर हो गए हैं। दूसरी बार पुलिस के द्वारा नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा किए जा रहे आत्मसमर्पण नीति के प्रचार प्रसार और पूर्व में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलने वाले फायदे की जानकारी होने शेष पेज 11 पर

सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने कहा कि नक्सलवाद और हिंसा का रास्ता हमेशा ही गलत होता है। जो लोग रास्ते से भटक गए हैं, वह वापस मुख्य धारा में लौट आएं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को विभिन्न प्रकार की सुविधा दी जाती है।

### पटरी से उतरे मालगाड़ी के 3 डिब्बे, आवागमन बाधित

**खरसावां।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राजखरसावां रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे एक मालगाड़ी की तीन बोगियां बेपटरी हो गई। चाईबासा-राजखरसावां रेल खंड में लाइन संख्या 5 में मालगाड़ी बेपटरी हुई। राजखरसावां रेलवे स्टेशन से करीब 600 मीटर आगे चाईबासा-राजखरसावां रेलखंड के डाउनलाइन के ट्रैक नंबर 5 के पास की घटना है। हालांकि, मालगाड़ी बेपटरी होने से कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन 5 नंबर रेलवे ट्रैक पर आवागमन बाधित है। रेलवे ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है। देर रात तक ट्रैक पर यातायात चालू होने की बात कही जा रही है। अन्य ट्रेकों में ट्रेनों का आवागमन सामान्य है। मालगाड़ी के बेपटरी होते ही इसकी जानकारी शेष पेज 11 पर

## क्या असम सरकार किसी मुहूर्त का इंतजार कर रही है : सुप्रीम कोर्ट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अभय एस. ओका व जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित न करने और उन्हें अनिश्चितकाल तक निरुद्ध केंद्रों में रखने पर असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने असम सरकार से पूछा कि क्या वह किसी मुहूर्त का इंतजार कर रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सरकार निरुद्ध केंद्रों में रह रहे 63 लोगों को दो सप्ताह के भीतर उनके देश वापस भेजना शुरू करे। शीर्ष अदालत ने असम के इस दावे



- 63 लोगों को दो सप्ताह के भीतर उनके देश वापस भेजना शुरू करें

पर भी सवाल उठाया कि निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि प्रवासियों ने अपने विदेशी पते का खुलासा नहीं किया था। सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# विधवा पुनर्विवाह योजना के लिए झारखंड का पहला आवेदन

भारत में पति की असामयिक मृत्यु के बाद विधवा महिलाओं की स्थिति पर जाने कितनी किताबें लिखीं गईं फिल्में बनीं और अनेक सामाजिक आंदोलन भी चले पर झारखंड में भी यह बड़ी समस्या है और डायन हत्या का बड़ा कारण भी । अनेक समुदायों में महिलाओं को संपति के अधिकार से वंचित रखा गया है और वैधव्य के लिए उन्हें ही दोषी बताया जाता है । जो आत्मनिर्भर नहीं उन महिलाओं को कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या कम उम्र की महिलाओं को होती है, जिनके सामने लंबी जिंदगी में परिवार से लेकर समाज के साथ संघर्ष की चुनौतियां होती है। झारखंड सरकार की ओर से इन महिलाओं को समाज में स्थान और सम्मान दिलाने के लिए कम उम्र में विधवा हो चुकी महिलाओं के पुनर्विवाह के लिए एक सराहनीय योजना शुरू की गई है। इसमें पुनर्विवाह करने वाली विधवा महिलाओं को 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा शुरू की गई इस योजना का लाभ लेने के लिए राजधानी रांची के पास स्थित कांके प्रखंड की एक महिला ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन मिलने के बाद जिला प्रशासन ने योजना का लाभ देने के लिए जरूरी प्रक्रियाएं शुरू कर दी है। इस योजना के लिए कुछ जरूरी शर्तें भी रखी गई है। शर्तों के अनुसार, लाभार्थी का झारखंड का निवासी होना अनिवार्य है। झारखंड का निवासी होना चाहिए। लाभार्थी की आयु विवाह योग्य होनी चाहिए। लाभार्थी महिला को अपने पति की मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करना होगा। पुनर्विवाह के संदर्भ में विवाह निबंधन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा। योजना का लाभ लेने के लिए पुनर्विवाह की तारीख से एक साल के अंदर आवेदन करना होगा। आयकर दाता, पेंशनधारी और सरकारी नौकरी वाली महिला इस योजना का लाभ नहीं उठा सकती है।विधवापन को उस व्यक्ति की स्थिति के रूप में परिभाषित किया जाता है जो कानूनी रूप से किसी ऐसे व्यक्ति से विवाहित था जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में 5.6 करोड़ विधवाएं हैं। कुल विधवा आबादी में महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज़्यादा है जो लगभग 78% है। 2001 और 2011 के बीच 89.71 लाख विधवाएं जुड़ गईं।विधवाओं के बीच असंतुलित लिंग अनुपात के पीछे कई कारक हैं। भारत में औसत जीवन अवधि 2001-2005 में पुरुषों के लिए 62.3 वर्ष और महिलाओं के लिए 63.9 वर्ष से बढ़कर 2011-2015 में क्रमशः 67.3 वर्ष और 69.6 वर्ष हो गई है। पत्नियां आम तौर पर अपने पतियों से कम उम्र की भी होती हैं। जनगणना के आंकड़ों के अनुसार कुल विधवाओं में से 0.45% 10-19 वर्ष की आयु वर्ग की बाल विधवाएं हैं। 9.0% 20-39 वर्ष की आयु वर्ग की हैं, 32% 40-59 वर्ष की आयु वर्ग की हैं और 58% 60 वर्ष से अधिक की हैं। चिंता का विषय है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बावजूद देश मेंअभी भी 1.94 लाख बाल विधवाएं हैं।विधवाओं की बढ़ती संख्या के साथ-साथ विधवापन के प्रति दृष्टिकोण भी बदल रहा है। विधवापन के नाम पर विधवाओं का दमन धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और विधवाएं नौकरी कर रही हैं, समारोहों और समारोहों में भाग ले रही हैं और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रही हैं। हालांकि देश में ऐसे क्षेत्र भी हैं जहां विधवापन में प्रवेश करना अभी भी महिलाओं के लिए विधुर की तुलना में दर्दनाक और अपमानजनक है क्योंकि समाज में विधवाओं के प्रति भेदभाव और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। कुछ समुदायों में विधवाओं को अभी भी विवाह करने की सीमित स्वतंत्रता है, उनके पास संपत्ति के अधिकार असुरक्षित हैं, रहने की व्यवस्था पर सामाजिक प्रतिबंध हैं, उनके पास सीमित रोजगार के अवसर हैं और सामाजिक समर्थन की भी कमी है। कई राज्य सरकारों ने विधवा पुनर्विवाह योजनाएं बनाई हैं। राज्य सरकारों ने विधवाओं को पेंशन और विधवाओं को उनकी बेटियों की शादी के लिए सहायता देने की योजनाएं भी बनाई हैं। मनरेगा के तहत, विधवा महिलाओं की पहचान करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं जो तब एक परिवार के रूप में योग्य हो सकती हैं ताकि उन्हें मृत्यु के बाद 100 दिन का काम दिया जा सके।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ एक विशेष अभियान चलाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी व्यक्ति के मृत्यु प्रमाण पत्र में विधवा का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज हो। कर्नाटक सरकार यह योजना अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए चलाती है ।हिमाचल प्रदेश में सभी विधवाओं को 10 हजार विवाह के समय और 15 हजार की राशि सावधि जमा योजना के तहत जमा करा दी जाती है । राजस्थान में 2007 से यह योजना चल रही है जिसमें 15 हजार रुपए वैसी 50 वर्ष तक की महिलाओं को दिए जाते हैं जो स्थायी निवासी हो या तीन वर्षों से निवास कर रही हो । मध्यप्रदेश में 2 लाख वाली योजना चल रही है ।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## यूसीसी लागू करने वाला दूसरा राज्य होगा गुजरात

एजेंसी

**अहमदाबाद।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू होगा। गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल ने प्रेस वार्ता करके जानकारी साझा की है और 5 सदस्यी कमेटी का गठन किया है। यह कमिटी 45 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल का कहना है, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार निर्णय लेगी।

**उत्तराखंड में पहले ही लागू हो चुका है यूसीसी :** उत्तराखंड में 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता लागू कर दिया गया। यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिमोट के माध्यम से अधिसूचना जारी कर यूसीसी को लागू किया था। अब इसको लेवकर बीजेपी के दूसरे राज्य गुजरात में भी लागू किया जाएगा।

### क्या है समान नागरिक संहिता

यूसीसी का मतलब है कि राज्य में सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, गोद लेने, संपत्ति के बंटवारे और अन्य सिविल मामलों के लिए एक समान कानून लागू होगा। इसका उद्देश्य विभिन्न धर्मों और समुदायों के लिए अलग-अलग पर्सनल लॉ की जगह एक समान प्रणाली स्थापित करना है। इसके तहत शादी और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले कपल्स को भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

विश्व कैंसर दिवस पर बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी

# मोबाईल फोन के रेडिएशन से कैंसर का खतरा

- स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है
- राज्य की लगभग 42 हजार सहिया बहनों को मिलेगा लेटेस्ट टैब

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि मोबाईल फोन के रेडिएशन और पान मसाले के सेवन से कैंसर फैल रहा है। उन्होंने बताया कि पान मसाले की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री मंगलवार को नामकुम के आइपीएच सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ निजी अस्पताल उनके आदेश की अवहेलना कर रहे हैं और चेतावनी दी कि यदि यह सब नहीं रुका तो वह खुद संबंधित अस्पतालों में ताला जड़ देंगे। मंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि झारखंड के अस्पतालों में हाईटेक मशीनें लगाई जाएं और इसके लिए काम चल रहा है। साथ ही, झारखंड के स्वास्थ्य के बजट में बड़ा बदलाव होने वाला है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार स्वस्थ झारखंड की दिशा में काम कर रही है। झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार प्रयासरत है, ताकि राज्य के लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए राज्य में विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और इसके प्रचार-प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ होमवर्क किया गया है। इस बार का झारखंड का बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।

जल्द ही राज्य में 5 नए सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल बनाने की दिशा में काम चल रहा है। इसके बाद हर जिले में एक सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल होगा। 5 नए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन फिर भी कई चिकित्सक निजी अस्पतालों में अपनी सेवाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को बिजनेस की तरह नहीं, बल्कि सेवा भावना से लिया जाना चाहिए, ताकि दूसरों की सेवा करने में सुकून मिले।

राज्य की सहिया बहनें स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का काम करती हैं। सरकार जल्द ही उन्हें टैबलेट देगी ताकि उनका काम आसान हो सके। मंत्री ने कहा कि यदि किसी को कैंसर का शंका हो, तो सहिया बहनें तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते मरीज का इलाज शुरू हो सके और उनकी जान बचाई जा सके। राज्य सरकार मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। मौके पर निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही, सीईओ, कैपेड मृदु गुप्ता, राज्य के विभिन्न जिलों से आईं सहिया दीदी, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### जल्द ही सीएम रिम्स-2 की रखेंगे आधारशिला

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल्द ही रिम्स-2 की आधारशिला रखेंगे। विभाग इसकी तैयारी में जुटा है। इसके अलावा, राज्य में 300 नए एंबुलेंस भी देने की योजना है। गांवों में सहिया बहनों को बाइक एंबुलेंस दी जाएगी ताकि समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा सके। राज्य में कैंसर अस्पताल बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े और उन्हें आर्थिक नुकसान भी न हो।

### सादा पान मसाले पर भी लगेगा प्रतिबंध

मंत्री ने कहा कि उन्होंने झारखंड में सादा पान मसाले की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। राज्य में पान मसाला की खरीद-फरोख्त पर बैन रहेगा। जो लोग इसकी बिक्री करते हुए पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के रेडिएशन से भी कैंसर का खतरा होता है, इसलिए सोते समय सिर के पास मोबाइल न रखें।

### गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार जल्द ही झारखंड वासियों को मुफ्त में दवा और जांच सेवाएं प्रदान करेगी। गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी मुफ्त में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भगवान के रूप होते हैं और यदि कोई डॉक्टर से दुर्व्यवहार करेगा तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि निजी अस्पताल मरीजों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों से बिल चुकाने का दबाव नहीं बनाएंगे और इसे स्वयं माफ कर देंगे।

### पूरे राज्य में कैंसर स्क्रीनिंग करने का निर्णय

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अबु इमरान ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्यभर में कैंसर स्क्रीनिंग करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। यह पहली बार राज्य स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन भी किया जाएगा।

**2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक**

हर साल विश्व कैंसर दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में नए लक्ष्य और दिशा निर्धारित करती है। इस साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम ह्यूनाइटेड बाय यूनिकह्न है। इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों को मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ना होगा। इस कैंसर स्क्रीनिंग के माध्यम से लोगों को कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि उन्हें समय पर जांच और इलाज मिल सके।

## गरीबों को बेघर नहीं किया जाएगा : मुस्ताक आलम



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने रांची जिला झामुमो संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची नगर निगम के उप प्रशासक से मिलकर खादगढ़ा सब्जी मंडी के समीप बनाई गई बीएसयूपी योजना के अंतर्गत गरीबों के लिए आवास में रह रहे लोगों के आवास खाली करने के लिए निगम द्वारा नोटिस दिए जाने के संदर्भ में ज्ञापन देते हुए वार्ता किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व अध्यक्ष लालजी रमन एवं पूर्व सचिव अरुण वर्मा ने विस्तार से गरीबों के हित में बातों को रखा। उप प्रशासक ने कहा की जो जरूरतमंद गरीब लोग हैं उन्हें आवास निगम के प्रक्रिया के तहत आवंटित किया जाएगा और उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है जिसमें वहां रह रहे लोग व्यक्तिगत रूप से निगम को आवेदन दे और उसके जांच करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी। रांची जिला झामुमो संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा की हजारों गरीबों को बेघर नहीं किया जाएगा। मौके पर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता शिवनंदन मिश्रा, निजामुद्दीन अंसारी, अजय वर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा, बाबूराम संदीप ठाकुर अजय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को गलत बताया कांग्रेस नेताओं ने

## जेपीएससी के मापदंडों का उल्लंघन विश्वविद्यालयों द्वारा किए जाने की शिकायत उच्च शिक्षा मंत्री से

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस का शिष्टमंडल उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू से उनके आवासीय कार्यालय में मिला। शिष्टमंडल ने विश्वविद्यालयों में हो रहे नीट बेस असिस्टेंट प्रोफेसरों की गलत तरीके से नियुक्ति की बातों को रखा। बंधु तिर्की ने कहा कि जिन विश्वविद्यालयों में नियुक्ति हो रही है उसकी प्रक्रिया सही नहीं है। जेपीएससी ने जो मापदंड तैयार किया था उस आधार पर नियुक्ति नहीं हो रही हैं, जिस वजह से झारखंड के बाहर के लोगों को विश्वविद्यालय के नीट बेस असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए बड़े पैमाने पर नियुक्ति होना तय है। विश्वविद्यालय द्वारा जो शॉट लिस्ट किया गया है उसमें राज्य के बाहर के लोगों का बड़े पैमाने पर नाम आया है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही मंत्री ने तत्काल प्रभाव से नियुक्ति को रोकने का आदेश उच्च शिक्षा सचिव को दिया। शिष्टमंडल में मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, अशोक चौधरी, सतीश पॉल मूंजीनी, डॉ एम तौसीफ, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।

कृषि मंत्री ने जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं को सुनी, कहा

## अधिकारियों को तय सीमा के अंदर जनता का काम करना होगा : शिल्पी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जनता की समस्याओं को दूर करने का लिए जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस भवन में किया गया। जनता दरबार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आम लोगों की समस्याओं को सुनी। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष लगभग 60 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा कांग्रेस की पहल से जनता दरबार की लोकप्रियता बढ़ी है। समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है, लोगों की समस्याओं का हर संभव निराकरण हो रहा है। विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और शिकायतों का निष्पादन कर इससे अविलंब सूचित करने को कहा। शिकायतों के निष्पादन के क्रम में कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ चेतावनी भी दी गई। जनता दरबार में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग से जुड़े 28, भू अर्जन भूमि संरक्षण से 8 स्वास्थ्य से 7, अबुआ आवास सहित अन्य मामले सामने आए जिसका प्रक्रियागत समाधान किया गया। जनता दरबार में पलामू, रांची, गिरिडीह, पाकुड़, लातेहार, देवघर, गुमला व हजारीबाग जिले से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। कांग्रेस इस अभियान को जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक ले जाने की योजना तैयार कर रही है और निश्चित रूप से इसे अमली जामा पहनाया जाएगा। जनता के प्रति अधिकारियों को जवाबदेह बनना होगा तभी लोकतंत्र के असली मायने सामने आएंगे। अभी तक कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री प्रथम दौर का जनता दरबार लगा चुके हैं यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। जनता दरबार के बाद शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अधिकारियों को तय सीमा के अंदर जनता का काम करना होगा। इसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। कांग्रेस ने जनता के बीच रहने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करना है। बहुत सी समस्याएं ऐसी है जिसमें जागरूकता की कमी है, जनता को अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं है। जनता इस दरबार के माध्यम से बहुत आशा और आसरे के साथ सरकार के सामने आ रही है। हमारी सरकार में अधिकारियों की कार्यशैली पर लगाम लगाया गया है,इससे पहले अधिकारीयों ने इतना खौफ बना रखा था कि जनता अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी, हमारी सरकार में जनता पूरे अधिकार के साथ खुलकर अपनी बातें रखती है। हेमंत कैबिनेट 2.0 काफी संवेदनशील और मजबूत है और जनता के बीच जाकर काम कर रहा है साथ ही अधिकारियों के साथ समन्वय बनाने का काम कर रहा है।अगर समस्याएं बड़ी हो तो समय लग सकता है लेकिन छोटी समस्याओं के लिए समय सिमा तय की जा सकती है। हमारा प्रयास व्यवस्था को सुधारने का जारी है। जनता दरबार में नेहा तिर्की के साथ मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी सोनाल शांति अभिलाष साहू राजन वर्मा नरेंद्र लाल गोपी उपस्थित थे।

सांसदों-विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की सुनवाई में देर

## सीबीआई के जवाब से हाईकोर्ट असंतुष्ट, मांगा फिर से जवाब

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद व जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में सांसद-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन में देरी को लेकर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सीबीआइ के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए जवाब मांगा है। अदालत ने सीबीआइ से पूछा है कि झारखंड में सांसद-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के ट्रायल को पूरा करने में क्यों देरी हो रही है? लंबित सभी 15 केस में गवाही पूरी होने में देरी का कारण स्पष्ट करें। अदालत ने मौखिक कहा कि सांसद-विधायकों के कई केस में आरोप गठित होने के पांच साल बाद भी गवाही की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से ट्रायल लंबित है। मामले में अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। अदालत ने कहा कि सीबीआइ जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में असफल साबित हो रही है। ट्रायल में देरी होने से गवाहों में डर का माहौल बना रहता है।

एक मामले में सीबीआइ ने भी स्वीकार किया है कि ट्रायल में गवाहों को धमकाए जाने की आशंका को देखते हुए उस गवाह की गवाही कराने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग का भी सहारा लेना पड़ा है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि सीबीआइ सांसद-विधायकों के लंबित केस के जल्द निष्पादन को लेकर गंभीर नहीं है। इनके खिलाफ आपराधिक मामले को जल्द क्यों नहीं निपटाया जा रहा है। सांसद- विधायकों के अधिकांश लंबित मामलों में गवाही की प्रक्रिया काफी धीमी है। गवाहों को जल्द लाकर ट्रायल प्रक्रिया पूरी की जाए ताकि जल्द से जल्द अंतिम फैसला हो सके। ट्रायल में देरी से गवाहों पर भी असर पड़ता है। उनकी गवाही प्रभावित होती है। पूर्व की सुनवाई में भी हाई कोर्ट ने राज्य के सांसद-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में देरी होने पर असंतोष जताते हुए कड़ी टिप्पणी की थी। सीबीआइ ने अपने शपथ पत्र में सांसद और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की लंबित रहने का सटीक कारण कोर्ट को नहीं बताया था।

जमशेदपुर महिला विवि के दीक्षांत समारोह आयोजित, राज्यपाल ने कहा

## आपको अपनी शिक्षा का उपयोग समाज व राष्ट्र के निर्माण में करना है

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर/रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि यह प्रमाण-पत्र केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि आपके ज्ञान, प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आपको अपनी इस शिक्षा का उपयोग समाज और राष्ट्र के निर्माण में करना है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि ज्ञान हासिल कर, उस ज्ञान का समाज और राष्ट्र के कल्याण में उपयोग करना है। आप सब अपने अर्जित ज्ञान और कौशल का उपयोग कर समाज के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। राज्यपाल ने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय कोल्हान क्षेत्र में एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने ज्ञान, कौशल और परिश्रम से विभिन्न क्षेत्रों में सफलता अर्जित की है। राज्य में महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक प्रगति अत्यंत आवश्यक है और यह विश्वविद्यालय इस दिशा में योगदान दे रहा है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों से अपेक्षा जताई कि वे लड़कियों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ऐसा माहौल बनाना होना चाहिए, जहां यह विश्वविद्यालय राज्य और देश में लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए आदर्श केंद्र बने। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का भी उल्लेख किया, जिसने महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।



### अपना रास्ता समझदारी से चुनें अनुशासन बनाए रखें

राज्यपाल ने उपाधीधारक बेटियों को सलाह दी कि वे पेशेवर दुनिया में प्रवेश करते हुए अपना रास्ता समझदारी से चुनें और अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आपकी क्षमताएं असीमित हैं। यदि आप अपने ज्ञान, परिश्रम और आत्मविश्वास का पूरा उपयोग करें, तो कोई भी बाधा आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने यह भी कहा कि ये बेटियां जमशेदपुर की छवि को 'महिला शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र' के रूप में स्थापित कर सकती हैं।

### महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में कर रही हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन

राज्यपाल ने महिलाओं की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं अब डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासक और एथलीट के रूप में उत्कृष्टता हासिल कर रही हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला के उद्धरण शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं और बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के शब्द मैं किसी समाज की प्रगति को महिलाओं की प्रगति से मापता हूं का उल्लेख किया।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले डीजीपी अनुराग गुप्ता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राजभवन में राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता एवं अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों ने भेंट की। वहीं राज्यपाल को राज्य में आयोजित हो रहे 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के उद्घाटन समारोह हेतु आमंत्रित किया।

### मुख्यमंत्री हेमंत से मिले कांग्रेसी जनसमस्याओं पर की चर्चा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों / मुद्दों पर विचार- विमर्श हुआ। इसके साथ राज्य में संचालित विकास एवं जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रियाज अहमद भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले प्रधान मुख्य वन संरक्षक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) अशोक कुमार एवं मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एसआर नटेश ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### मुख्यमंत्री से मिले डीजीपी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी असीम विक्रांत मिंज ने शिष्टाचार भेंट की।

## 1.36 लाख करोड़ बकाए पर ब्रेकअप दे सरकार, भाजपा भी मदद करेगी : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी मंगलवार को बोकारो में मीडिया से बात कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि 1.36 लाख करोड़ पर झामुमो केवल राजनीति कर रहा है। झामुमो को इस संबंध जनता को विस्तृत रूप से बताना चाहिए कि आखिर कब का, किस किस मद में कितना बकाया है। उन्होंने कहा कि सामान्य व्यक्ति भी किसी से बकाया मांगता है तो देनदार व्यक्ति इससे उसका डिटेल मांगता है। हिसाब चाहता है। ऐसे ही कुछ बोल देने से कुछ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि सरकार बजट पेश करती है तो बताती है कि किस मद में कितना राशि आवंटित की गई है। सरकार पर कितना उधार है। सरकार खर्च केलिए पैसे कहां से लाएगी। कितना केंद्रीय अनुदान मिलेगा।ये सारी बातें जनता को बताना पड़ता है। कहा कि 1.36 लाख करोड़ के विषय में भी यही बात होनी चाहिए।राज्य सरकार विस्तार से बताए कि कब का कितना बकाया केंद्र सरकार पर है। कहा कि राज्य सरकार रोज योजनाओं के प्रचार प्रसार केलिए विज्ञान देती रहती है।एक दिन 1.36 लाख करोड़ बकाए राशि के संबंध में भी विज्ञापन देकर जनता को विस्तार से बताए। कहा कि आंकड़ों के बाद भाजपा भी राज्य सरकार को मदद करेगी।

### भ्रष्टाचार राज्य का सबसे बड़ा मुद्दा

श्री मरांडी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार से आम आदमी प्रभावित हो रहा है। सही काम कराने केलिए भी पैसे देने पड़ रहे। अपनी पुश्तैनी जमीन केलिए भी पदाधिकारियों को पैसे देने पड़ रहे। अंचल में प्रति एकड़ पर घुस के दर निर्धारित हैं। कहीं भी सही काम नहीं हो रहा।बच्चों के भविष्य से भी राज्य सरकार खिलवाड़ कर रही।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का जताया आभार

बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय बजट में झारखंड की रेल परियोजनाओं के लिए 7 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। कहा कि केंद्र सरकार झारखंड में रेल सेवा को सुगम बनाने और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था बनाएं : मुख्य सचिव

● पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को प्रशिक्षित कर चिह्नित जलाशयों पर गोताखोर के रूप में की जाएगी तैनाती, मिलेगा 10 हजार मानदेय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में प्राकृतिक कारणों से होने वाली क्षति से निपटने के लिए आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। उन्होंने कहा है कि ससमय राहत और बचाव कार्य से हम प्राकृतिक आपदा की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। वह मंगलवार को आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक की अद्यक्षता कर रही थीं। बैठक में तय हुआ कि राज्य के चिह्नित जलाशयों पर बचाव उपकरणों से लैश गोताखोर की तैनाती की जाएगी। इसके लिए पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। चयनित गोताखोरों को 10 हजार रुपये मानदेय भी दिया जाएगा। वहीं राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा, मसलन अतिवृष्टि से होनेवाली जान-माल की क्षति, सर्पदंश, खनन जनित आपदा, वज्रपात, रेडिएशन संबंधी आपदा, पानी में डूबने, भगदड़ एवं गैस रिसाव तथा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान भुगतान के लिए 10 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी गई। इससे किसी भी आपदा के बाद जिले द्वारा राशि की मांग और उसकी स्वीकृति में लगने वाले समय से बचा जा सकता है। संबंधित जिले के उपायुक्त इस राशि का परिस्थिति के अनुसार तत्काल उपयोग कर सकेंगे। वहीं बैठक में राज्य में आंधी-तूफान तथा ग्रीष्म लहर (लू) से संभावित जानमाल की क्षति को देखते हुए राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आपदा घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। दूसरी ओर राज्य के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की संकीर्ण गलियों में निर्मित मकानों-भवनों में आगजनी की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 39 अग्निशामालयों के लिए अग्निशमन वाहन ( मिनी वाटर टेंडर विथ मिस्ट टेक्नोलॉजी) खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग वज्रपात और डूबने से होने वाली मौतों के हॉटस्पॉट को झारखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के सहयोग से चिह्नित करेगा। उसके बाद चिह्नित स्थानों, इलाके में इस संकट से निपटने की रणनीति बनाई जाएगी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, होमगार्ड एवं अग्निशमन के डीजी अनिल पालटा, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, आपदा प्रबंधन सचिव राजेश शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में भोजन का वितरण

● मानव सेवा माधव सेवा तुम सेवा से पाओगे पार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में मंगलवार को आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादारों को भोजन खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 26 जनवरी 2025 से 4 फरवरी तक 10 दिनों मे लगभग 2240 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य को विनीत रश्मि अग्रवाल, अजय जैन, निर्मल छावनिका, निलेश ट्विंकल छावनिका, विद्या देवी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, शशी केडिया, दीपक खेतान, नरेश डालमिया, मनोज कविता चौधरी एवं शीला मुरारका के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन कराकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार,ओमप्रकाश सरावगी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### निगम हरिओम टावर में लगाएगी विशेष शिविर

**रांची।** नगर निगम द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें घृतिकर का भुगतान, व प्रतिष्ठानों में लिए ट्रेड लाइसेंस हेतु आवेदन / नवीकरण का कार्य ऑन-स्पॉट किया जा रहा है। मंगलवार को रांची नगर निगम द्वारा मेन रोड स्थित चर्च कॉम्प्लेक्स में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया एवं भवन मालिकों द्वारा घृतिकर का भुगतान भी किया गया। बता दें कि शिविर एवं अन्य माध्यमों से आज कुल 21 लाख रू० राजस्व प्राप्त की गई। हरिओम टावर में आज शिविर लगाया जाएगा। आस-पास के क्षेत्र के सभी भवन मालिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठान जल्द से जल्द अपने घृतिकर का भुगतान व प्रतिष्ठानों में लिए ट्रेड लाइसेंस हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ले। जांच अभियान के क्रम में होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस नहीं पाये जाने पर निगम द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### राष्ट्रपति बीआईटी के प्लेटिनम जुबली में होंगी मुख्य अतिथि

**रांची।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा में आयोजित प्लेटिनम जुबली के जश्न में मुख्य अतिथि होंगी, संस्थान अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं तकनीकी इनोवेशन के 70 वर्षों का जश्न मना रहा है। इस ऐतिहासिकआयोजन में गणमान्य दिग्गज, नीति निर्माता, अकादमिक दिग्गज तथा संस्थान के एल्युमनाई भी शामिल होंगे, जो आज दुनिया भर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बीआईटी मेसरा के भावी दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए कई घोषणाएं की जाएंगी। 1955 में स्थापित उद्योगपति बीएम बिरला, बीआईटी मेसरा तकनीकी शिक्षा में अग्रणी रहे हैं, संस्थान ने वैज्ञानिकों, उद्यमियों और उद्योग जगत के लीडर्स को विकसित करने में मुख्य भूमिका निभाई है। एरोस्पेस, इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और हेल्थकेयर में उत्कृष्ट योगदान के साथ संस्थान ने भारत की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्लेटिनम जुबली का जश्न तकनीकी शिक्षा में इनोवेशन और उत्कृष्टता में बीआईटी मेसरा की समृद्ध धरोहर की पुष्टि करता है। शिक्षा, अनुसंधान एवं उद्यमिता के लिए प्रतिबद्धता के साथ संस्थान ज्ञान की सभी सीमाओं को पार करने के लिए तैयार है।

### पेसा एक्ट सदानों के लिए काला कानूनः डॉ प्रदीप कुमार



**रांची।** पेसा एक्ट झारखंड वासियों, मूलवासियों एवं सदानों के अस्तित्व को मिटाने की एक गहरी साजिश है, झारखंड की सभी जातियों एवं धर्मावलंबियों को पेसा एक्ट के खिलाफ एकजुट होकर चरणबद्ध तरीके से जोरदार आंदोलन चलाया जाना चाहिए। उक्त बातें अपने सदान विकास पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार ने कही। डॉ प्रदीप कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पेसा एक्ट राज्य में निवास करने वाले 70% सदानों, मूल वासियों के हक अधिकार एवं पद प्रतिष्ठा से वंचित करने वाला एक काला कानून है। राज्य के सभी जिलों में सदान बहुत संख्यक रूप से हैं, आज राज्य में सभी पार्टियों के सांसद विधायक एवं मंत्रियों की मिली भगत से और आदिवासियों एवं मिशनरियों के नेताओं के नेतृत्व में 1996 में पास की गई पेसा कानून को लागू किए जाने की मांग की जा रही है। राज्य के सभी मंत्री सांसद, विधायक एवं मुख्यमंत्री निजी स्वार्थ के लिए मूलवासियों एवं सभी धर्मावलंबियों के अधिकारों को लूटने में लगे हुए हैं। आज इन्हीं सांसदों विधायकों एवं मंत्रियों की करतूत है कि राज्य में सारे एकल पदों को आरक्षित कर दिया गया है और ओबीसी आरक्षण लागू किए बिना पंचायत चुनाव कर दिया गया है और नगर निकाय चुनाव को करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही झारखंड के खूंटी, लातेहार, गुमला, सिमडेगा, आदि सात जिलों में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया है।डॉ प्रदीप कुमार ने आगे बताया की झारखंड में 70% सदान निवास करते हैं, आज असम में बहुत ही कम प्रतिशत में निवास करने वाले आदिवासियों की सरकार है। सदान एवं मूल वासी झारखंड में अपनी सरकार बनाने की दिशा में पहल नहीं करते, वर्तमान में झारखंड में 20% भी आदिवासी नहीं बचे हैं, कुछ लोगों का यहां से पलायन हो गया है और अधिकांश लोगों ने ईसाई, मिशनरी धर्म अपना लिया है एक चिंतनीय विषय है। डॉ प्रदीप कुमार ने यहां निवास करने वाले सभी सदानों, मूल बासियो के साथ ही सभी धर्मावलंबियों से यह आह्वान किया है की सभी लोग पूरी एक जुट के साथ अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए जिले के सभी प्रखंडों में योजना बद्ध, एवं चरण बद्ध तरीके से जोरदार आंदोलन छेड़ते हुए सरकार की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए अपने हक एवं अधिकारों की लड़ाई में सदान विकास पार्टी का साथ दें।

### झारखंड स्टार्टअप पालिसी 2023 के लागू होने पर चैंबर ने जताई खुशी

**रांची।** राज्य सरकार ने मंगलवार से नए स्टार्टअप आईडिया शेयर करने के लिए ऑफिसियल वेबसाइट पोर्टल को लांच किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि आज झारखण्ड में स्टार्टअप इकोसिस्टम का पुनर्जन्म दिवस है। झारखण्ड स्टार्टअप पालिसी 2023 को लागू करने की दिशा में पहला कदम है। इसका लक्ष्य वर्ष 2028 तक 1000 स्टार्टअप्स को झारखण्ड में स्थापित करने का है। पोर्टल के आरम्भ होने पर आज झारखण्ड चैम्बर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, स्टार्टअप उप समिति चेयरमैन अमित अग्रवाल एवं मनीष पियूष ने संयुक्त रूप से आईटी सचिव विप्रा भाल से मुलाकात कर, इस प्रयास के लिए धन्यवाद दिया। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि सरकार के इस प्रयास से राज्य में नए निवेश की संभावनाएं तो बनेंगी ही, राज्य का प्रतिभा और पलायन रुकेगा और अधिकाधिक संख्या में रोजगार का सृजन भी संभव होगा। उप समिति चेयरमैन अमित अग्रवाल ने यह भरोसा जताया कि सरकार के इस नए प्रयास से यहाँ के युवाओं का स्टार्टअप्स के प्रति रूचि बढ़ेगी और उनका राज्य से पलायन भी रुकेगा। सरकार द्वारा आरम्भ किये गए इस पोर्टल की जानकारी नए स्टार्टअप उद्यमियों तक पहुँचाने के आईटी सचिव विप्रा भाल ने कहा गया कि अधिक से अधिक स्टार्टअप उद्यमियों को इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराया जायेगा।

### पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 को



**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 फरवरी को वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा रांची। पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 2025, वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित करने के लिए 12 फरवरीको रांची में आयोजित किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल आर. सी. तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा,

**जिसमें शामिल हैं :** 20 सेना पदक (वीरता), 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा),01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक। इस समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, 45 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। 11 फरवरी को, कार्यक्रम से एक दिन पहले शौर्य सनाध्य नामक एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें शामिल होंगे मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुति व भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदल 78 हजार की निकासी

**रांची।** धुर्वा सेक्टर टू के श्रीकृष्ण अग्रवाल (81) ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 78 हजार रुपये निकाल लेने पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शहीद मैदान के एटीएम में रविवार को पैसे निकालने गए थे। इसी बीच एक शख्स अंदर आया और ट्रांजेक्शन कंप्लीट नहीं होने की बात कह दोबारा कार्ड लगाने को कहने लगा।

**आज / कल**




## राज्य में एक भी पब्लिक थिएटर नहीं है : चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड चैम्बर के फिल्म, कला एवं संस्कृति उप समिति की बैठक चैम्बर भवन में हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय बाल फिल्म सोसायटी के पूर्व सीईओ, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पूर्व सीईओ तथा संस्कृति मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव डॉ श्रवन कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। झारखण्ड में फिल्म-कला के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों के लिए उन्होंने झारखण्ड चैम्बर के फिल्म, कला उप समिति की सराहना की। यह भी सहमति बनाई गई कि चैम्बर द्वारा आयोजित किये जा रहे मेगा ट्रेड फेयर में उप समिति द्वारा कार्यक्रम कर बच्चों को कला से जुड़ने एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे नाट्य कला एवं चित्रकला कार्यक्रम भी रखा जायेगा। बच्चों को उनकी कला एवं कौशल के अनुसार अपनी पसंद की एक शॉर्ट मूवी बनाने एवं थियेटर में उसे रिलीज कर उन्हें प्रोत्साहन देना चाहिए। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी एवं उप समिति चेयरमैन आनंद जालान ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य में एक भी पब्लिक थियेटर नहीं है जहाँ पर प्रोत्साहन हेतु एवं फिल्म, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में युवाओं को बढ़ावा देने हेतु किसी भी फिल्म, डाक्यूमेंट्री तथा नाटक को प्रदर्शित किया जा सके। सरकार को इसपर पहल करनी चाहिए। मौके पर चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, उप समिति चेयरमैन आनंद जालान, सदस्य सीए जेपी शर्मा, देवेश खान, अमित पोद्दार, बुलंद अख्तर, पिया बर्मन, वीणाश्री, किशन अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

### एडीजे ने ई-साक्ष्य ऐप को लेकर की समीक्षा बैठक

**रांची।** एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने मंगलवार को ई-साक्ष्य ऐप को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी, एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस बैठक में एडीजी ने ई-साक्ष्य ऐप के उपयोग से संबंधित विषय और स्थिति की समीक्षा किए। इसके अलावा आपराधिक कानून में प्रावधानित अपराध दृश्य, घटनास्थल, तलाशी और जब्ती प्रक्रिया और वादी एवं साक्षियों के बयान को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिकॉर्ड किये जाने और ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड करने पर समीक्षा हुई। समीक्षा में एडीजी ने अनुसंधान के मद्देनजर सभी जिलों के एसपी को इस तथ्य से अवगत कराया कि जिस कांड में सात साल से अधिक का सजा का प्रावधान है, उस कांड की विशेष रूप से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए शत प्रतिशत अनुसंधानकर्ताओं को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग अनिवार्य रुप से कराया जाए। साथ ही हिदायत दी गयी कि अनुसंधान में वांछित वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी नहीं होने से भविष्य में कोर्ट द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी की जाता है या अनुसंधान को खारिज किया जाता है, या फिर झूठा होने का निर्णय दिया जाता है।

## झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव में गड़बड़ी नहीं, पुनर्मतगणना आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की दोबारा मतगणना बुधवार को होगी। मतगणना सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी हाई कोर्ट प्रशासन को भी दे दी गई है। निवार्ची पदाधिकारी मृणाल कांति राय ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने पर्यवेक्षक और निवार्ची पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हुई है। इसलिए दोबारा मतगणना होगी। 23 जनवरी को मतगणना को दौरान हंगामा होने के बाद निवार्ची पदाधिकारियों ने मतदान रद करने का निर्णय लिया था और बैलेट सहित कमरे को सील कर दिया गया। इसके बाद इसकी रिपोर्ट बार काउंसिल को भेजी गई थी। सात पदाधिकारी सहित नौ कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 23 जनवरी को मतदान हुआ था।

**बार काउंसिल के आदेश को हाईकोर्ट में दी चुनौती**

झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव की दोबारा मतगणना कराने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। चुनाव में उम्मीदवार अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर बार काउंसिल के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2015 में बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआइ) ने एक पत्र जारी कर कहा था कि झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में स्टेट बार काउंसिल हस्तक्षेप नहीं करेगी। लेकिन बार काउंसिल इस मामले दोबारा मतदान करने का आदेश जारी किया है। उनकी ओर से कोर्ट में विशेष सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। अदालत ने उन्हें संबंधित सभी दस्तावेज कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बुधवार को फिर से मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया जाएगा।

**राज्य महिला आयोग : पांच वर्षों से 4 हजार से अधिक मामले लंबित**

# महिला आयोग के अस्तित्व में नहीं रहने से शिकायती लिफाफे खुल तक नहीं रहे

**काजल मेहता** घर की देहलीज के बाहर महिलाएं जितनी असुरक्षित हैं, उससे कहीं ज्यादा खतरों का सामना घर के अंदर करती हैं। महिलाओं के प्रति अपराध कोई हाल में घटने वाली घटना नहीं, सालों पहले से ही उनके खिलाफ शारीरिक एवं मानसिक हिंसा का सिलसिला जारी है। जब किसी महिला के साथ उसका पति, प्रेमी या कोई दूसरा करीबी मारपीट, दुर्व्यवहार या दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देता है तो यह उसके लिए सबसे अपमानजनक अनुभव होता है। जिसकी शिकायत करने के लिए महिलाएं महिला थाना या राज्यों के महिला आयोग का सहारा लेती हैं। अमूमन घरेलू हिंसा के मामले राज्य महिला आयोग में सुनी जाती है। लेकिन क्या होगा जब राज्य महिला आयोग ही अस्तित्व में नहीं होगा। झारखंड महिला आयोग में लगभग पिछले 5 वर्षों से अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है। ऐसे में ग्रामीण महिलाएं जो अधिकतर घरेलू हिंसा की शिकार होती है उनके न्याय के सारे रस्ते बंद हो गए है इस हाल में घरेलू हिंसा रोकना या इस पर विराम लगना मुश्किल होता जा है।

### झारखंड राज्य में महिला आयोग की भूमिका

झारखंड राज्य महिला आयोग की भूमिका, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और महिलाओं से जुड़े मुद्दों को संभालना है। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जांच करना और उनका अध्ययन करना, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, परिवार और समुदाय में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न और मुद्दों के खिलाफ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, महिलाओं के कल्याण और सुरक्षा सुनिश्चित करना, महिलाओं को किसी भी तरह के अधिकार से वंचित करने या अवसर से वंचित करने के मामलों में समय पर हस्तक्षेप करना, महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर राज्य सरकार को सिफारिशें करना, महिलाओं से जुड़े कानूनों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करना, महिला आयोग, महिलाओं को अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करता है।

### 5 वर्षों से महिला आयोग में अध्यक्ष के ना होने से महिला प्रताड़ना को मिल रहा बढ़ावा : कल्याणी शरण



● कल्याणी शरण पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य महिला आयोग




झारखंड में पिछले 5 वर्षों से राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति नही हुई है। अध्यक्ष ना होना मतलब पीड़ित- प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के सारे रास्तों का ठप होना साबित हो रहा है। झारखंड महिला आयोग का अध्यक्ष और सदस्य विहीन हुए इस आयोग को अब 5 वर्ष हो चुके हैं। वहीं पांच वर्ष पहले से लेकर अब तक लंबित मामले तकरीबन 6000 से अधिक हो गए हैं। कल्याणी शरण ने बताया 2020 तक महिला आयोग की अध्यक्ष रही। अपने कार्यकाल में उन्होंने 45,00 से अधिक मामले सुलझाये थे। उनका कहना है प्रतिदीन महिला प्रताड़ना के अलग अलग मामले सामने आते थे। कल्याणी शरण ने कहा- मेरे कार्यकाल में जब इतने मामले आते थे तो जाहिर है की मेरे बाद भी मामले आते होंगे लेकिन झारखंड सरकार ने कभी इस विषय में सोचा ही नहीं। मौजूदा सरकार का यह रुखा बर्ताव कहीं न कहीं महिलाओं की प्रताड़ना को बढ़ावा देने की दिशा में है। कल्याणी शरण ने कहा झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी आज भी चरम पर है जिस कारन ग्रामीण बच्चियां अपने घर का सहारा बनाने की उम्मीद में बिचौलियों के हाथों तस्करी का शिकार हो जाती हैं ऐसे मामले भी आयोग में आया करते थे। हालांकि उन्होंने कहा मेरा कार्यकाल जब पूरा हुआ उस वक्त करीबन 1700 मामले लंबित थे। जो की सही मायनों में राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष बनाये जाने पर सुलझाये जा सकते थे। सही वक्त पर आयोग में अध्यक्ष ना बनाये जाने के कारण महिलाओं का भरोसा आयोग से उठ गया। हालांकि कल्याणी ने कहा- आज भी कई महिलाएं उनसे संपर्क करती है जिनकी परेशानियों का वह अनोपचारिक ढंग से सुलझाती हैं।

### झारखंड में महिला आयोग का गठन, और सक्रियता

झारखंड में महिला आयोग का गठन 2005 में हुआ था। अर्जुन मुंडा की सरकार में राज्य में पहली झारखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष स्वर्गीय लक्ष्मी सिंह बनाई गई जो की आईपीएस सह जैक की अध्यक्ष भी रह चुकी। 2009 में लक्ष्मी सिंह का कार्यकाल पूरा होने के बाद डीपीएस बोकारो की प्राचार्य हेमलता को अध्यक्ष बनाया गया। हेमलता का कार्यकाल पूरा होने के बाद महुआ माजी तीसरी अध्यक्ष बनाई गई झारखंड राज्य महिला आयोग की। वहीं चौथी और आखरी अध्यक्ष 2017 में कल्याणी शरण बनाई गई। 2020 में कल्याणी शरण का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब तक झारखंड राज्य में महिला आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई।

## झारखंड बना मॉडल, 4.60 लाख चिन्हित माहिलाओं की हुई स्क्रीनिंग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वीमेन डॉक्टर्स विंग आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय सह अध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप वर्ष 2014 से पूरे झारखंड में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की दिशा में कार्य कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ 2021 में झारखंड मॉडल बनाकर अब तक 4 लाख 60 हजार 12 प्रजनन क्षमता वाली ऐसी माहिलाओं की स्क्रीनिंग हो चुकी है, जिन्हें जननांग सम्बन्धी सूजन के लक्षण थे या हाई रिस्क कैटेगरी की थी। गतवर्ष सारंडा के गुआ, गोईलकेरा और टोंटो में और वर्ष 2025 में संथाल परगना के पाकुड़ और साहिबगंज में वृहत पैमाने पर मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत गुआ में 1, गोईलकेरा में 2, टोंटो में 1, पाकुड़ में 8 और साहिबगंज में 1 महिला कुल 13 कैंसर के मरीजों की पहचान की गई। पाकुड़ में सर्वाइकल कैंसर के सबसे ज्यादा मरीज मिले। गर्भाशय ग्रीवा की सूजन से ग्रसित गुआ की 11, गोईलकेरा की 11, टोंटो की 13, पाकुड़ की 14 और साहिबगंज की 5 कुल 54 मरीजों का क्रायो उपचार किया गया।

## कलश यात्रा में 1 हजार महिलाएं हुई शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अयोध्या में विशाल राम मंदिर के निर्माण के एक वर्ष पूरा होने पर सेवा विभाग विश्व हिंदू परिषद झारखंड ने अनेक कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। इसी श्रृंखला में 11 स्थानों पर विशाल टुसु मेले का आयोजन किया गया। प्रत्येक मेले में 20 से 30 हजार ग्रामीणों का विशाल जनसमूह भागीदार बना। मेले में आए सैंकड़ों चौड़ल समूह को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया और श्रीरामचरितमानस की एक-एक प्रति उपहार में प्रदान की गई। इसी क्रम में पहले मंदिर निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत बसंत पंचमी के दिन ग्राम बालवाडीह पंचायत जाड़ेया प्रखंड सोनहातू में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और राड़ू नदी व स्वर्ण रेखा नदी के संगम स्थल से अभिषेक के लिए स्नान ध्यान के पश्चात पवित्र जल कलश में लेकर चार किलोमीटर पैदल चलकर सभी जलूस की शक्ल में बलवाडीह राम मंदिर निर्माण स्थल स्थान पर पहुंचे। कलश यात्रा के आगे आगे भक्तवेदांत विद्याभवन कुटाम के 50 से अघिक बाल ब्रह्मचारी अपने गुरु स्वामी सुबल दास जी संकीर्तन कर रहे थे।

## एक नजर

### अड़की में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अड़की।** अड़की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं का बंध्याकरण और पुरुषों के लिए हाइड्रोसिल सर्जरी की गई। इस कार्यक्रम के तहत 46 महिलाओं का बंध्याकरण और 10 पुरुषों की हाइड्रोसिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। वहीं इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निरुपमा निलम लकड़ा, बीपीएम राजेश कुमार, आस्तीक यादव, मनोज कुमार और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सक ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य असहाय लोगो को मुफ्त तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में मदद करना था।

### तेरह दिवसीय व्यवसायिक बागवानी प्रशिक्षण की होगी शुरूआत

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 13 दिवसीय व्यावसायिक बागवानी प्रशिक्षण 6 फरवरी दिन वृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहा है कग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार युवक एंव महिला जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड इत्यादि डाक्यूमेंट की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9523381187, 7820953480, 9308544400,7370885508 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री सरस्वती महायज्ञ का समापन

**ठाकुरगांव ।** मंगलवार को जगरनाथ मंदिर धुर्वा के प्रांगण में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री सरस्वती महायज्ञ का समापन किया गया। यज्ञ के आयोजक शांडिल्य जोतिष्य आध्यात्म रांची के निदेशक डॉ अखिलेश नंद तिवारी ने बताया कि इस तरह का यज्ञ का आयोजन झारखंड में पहली बार किया गया। इस यज्ञ के अनुष्ठान से विद्यार्थियों, बौद्धिक प्रतिभागियों, शोधार्थियों, कला प्रेमियों व राहु ग्रह से पीड़ित जातकों के लिए अमृत के समान लाभकारी है। इस यज्ञ अनुष्ठान में झारखंड के 20 परिवार, काशी व वाराणसी से 2 परिवार, गुजरात से 2 परिवार, हरियाणा से 1 परिवार , पंजाब से 2 परिवार, मुरादाबाद से 1 परिवार व ऑनलाइन संकल्प के माध्यम से अमेरिका से 1 परिवार व कनाडा से 1 परिवार सम्मिलित हुए। यज्ञ का आयोजन समष्टि ग्लोबल फाउंडेशन कर्नाटक के माध्यम से किया गया।

पूजा को लेकर रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

## शैक्षणिक संस्थाओं में स्थापित प्रतिमाएं विसर्जित



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय स्थित बेड़ो बस्ती सहित, झारखंड युवा उत्थान समिति झरी क्लब सहित विभिन्न पंडालों में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई। वहीं करमचंद भगत महाविद्यालय, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित प्रतिमाओं का नम आंखों से विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान बेड़ो के करमचंद भगत महाविद्यालय, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बेडो. बालक एवं कन्या बेड़ो, राजकीय मध्य विद्यालय जरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा सहित विभिन्न विद्यालयों के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं ने विसर्जन शोभायात्रा निकाली और प्रतिमाओं का विसर्जन किया। वहीं दूसरी ओर सरस्वती पूजा आयोजन समिति बेडो. बस्ती में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। यहां पांच फरवरी को सरस्वती पूजा आयोजन समिति के तत्वावधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध लोक कलाकार पवन कुमार रॉय, सुमन गुप्ता, मनोज सहरी, चिंता देवी, रुपेश बडाईक, सूरज कुमार, कयूम अब्बास, कयूम रुमानी सहित कई लोक कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष आयुष गोप, उपाध्यक्ष दीपक गोप, सचिव खद्दी उरांव, संरक्षक राम बडाईक, रवि सिंह, विष्णु बडाईक छोटू गोप, मनोज उरांव, जयराम गोप, विश्वा गोप सहित दर्जनों कार्यकर्ता और सदस्य पूजा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बेडो. प्रखंड के तुको, ईटाचिल्दरी, जरिया, पाकलमेडी. खत्री खटंगा सहित दर्जनों गांवों में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई और मंगलवार की देर शाम तक अधिकांश जगहों की प्रतिमाएं जलाशयों में विसर्जित कर दी गई।

## पूरे विश्व को आकर्षित करती है सनातन संस्कृति : डा घोषाल



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

बुकबुका साईंनगर स्थित सरस्वती पूजा पंडाल में संध्या आरती के उपरांत पुजारी सह रांची विश्वविद्यालय ज्योतिर्विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा एसके घोषाल ने सनातन धर्म को लेकर लोगों के बीच प्रवचन दिया। उन्होंने सनातन धर्म की वैज्ञानिकता के ऊपर विशेष रूप से प्रकाश डाला। डा घोषाल ने कहा कि सनातन धर्म को हमलोग लोकाचार में हिन्दू धर्म के नाम से जानते हैं। यह सनातन धर्म भारत के लोगों को ही नहीं अपितु पूरे विश्व को हमारी संस्कृति की ओर आकर्षित करती है।इसका सबसे ताजा उदाहरण अगर देखा जाए तो अभी कुंभ के मेले को देखा जा सकता है। पूरे विश्व से जितने भी भक्तजन हमारे सनातन धर्म से हों या अन्य धर्म से हों, अब कुंभ के मेले में आ रहे हैं। उनमें भी एप्पल कंपनी की को-फाउंडर स्टीव जाब्स की पत्नी अपने पूरे टीम के साथ इस मेले में आई। हाल ही में पूरे विश्व के 77 राष्ट्रों के प्रतिनिधि कुंभ के मेले में स्नान के लिए भारत वर्ष की पावन भूमि पर सनातन परम्परा से अपने आप को लाभान्वित करने पधारे हैं। हमारे यहां नीम करौली बाबा, देवराह बाबा, रामकृष्ण परमहंस या वर्तमान में प्रेमानंद महाराज जैसे संत महात्मा हुए हैं जिनमें इस सनातन परम्परा के भक्ति में डूबे होने के कारण अपार शक्ति का संचार हुआ है। जिससे ये अपने जीवन की विकट समस्याओं का निवारण करते हुए आम जनता के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं।



महालक्ष्मी सुजुकी ने न्यू एडिशन एक्सेस किया लॉन्च रांची विधायक सीपी सिंह हुए शामिल

## न्यूज बॉक्स

### विधि व्यवस्था के साथ प्रतिमा का किया गया विसर्जन



चान्हो/मांडर। मंगलवार को सरस्वती की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही प्रखंड में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। मंगलवार को सुबह से ही प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया और दोपहर होते होते लगभग सभी जगहों पर प्रतिमा विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के दौरान माता के जयकारों के साथ प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं निजी पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को नजदीकी नदी व तालाबों में विसर्जित किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए चान्हो और मांडर थाना की पुलिस अपने अपने थाना क्षेत्रों में लगी रही। सोमवार को पूरे प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में विद्या की देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। वहीं मां सरस्वती कि अराधना के लिए पूजा पंडालों तक लोगों का आना देर शाम तक जारी रहा। कई पुजा पंडालों में देर शाम तक भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

### नरकोपी के नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**नरकोपी।** नरकोपी थाना में नए थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने मंगलवार को योगदान दिया। पूर्व थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के द्वारा बुके देकर स्वागत किया।

### साई नगर बुकबुका में सरस्वती पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**खलारी।** युवा सरस्वती पूजा समिति सांईं नगर बुकबुका स्थित सरस्वती पूजा पंडाल में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन आयोजन समिति के संयोजक शिबु तुरी और कुलदीप लोहरा ने संयुक्त रूप से किया। नन्हे बच्चों ने काफी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में संयोजक शिबु तुरी व कुलदीप लोहरा द्वारा भाग लेने वाले सभी 30 बच्चों को मेडल पहनाकर तथा पेन व कापी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर रवीन्द्रनाथ चौधरी, सरजु लोहरा, ब्रह्मदेव लोहरा, युवा समिति अध्यक्ष गोलू तुरी, मनीष कुमार, ध्रुव राम, दीपक तुरी, आरियन तुरी, बादल राम, निखिल तुरी, गगन तुरी, कुंदन कुमार, आदित्य तुरी, अशोक तुरी, बंटी तुरी, कृष्णा तुरी, आशीष तुरी, अमित तुरी, रोहित तुरी आदि उपस्थित थे।

### पुरोहित के माता की निधन, शोक की लहर

**सिल्ली।** सिल्ली लालबाग कालोनी निवासी व इलाके के जाने-माने पुजारी तथा दवा दुकान महादेव मेडिकल के संचालक विनय चक्रवर्ती के 88 वर्षीय माता उमा चक्रवर्ती की मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर सुनकर उनके रिश्तेदार आसपास के लोग उनके घर पहुंच कर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किया।

## एसएसपी ने जागरुकता वाहन को किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने आज रांची समाहरणलय से अफीम की खेती के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक और एलईडी जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य अफीम की खेती के नुकसान और इसके दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। एसएसपी ने कहा- अब तक करीबन 1000 करोड़ एक्कड़ से ज्यादा अफीम को नष्ट किया जा चूका है। अफीम विनिष्टीकरण के साथ साथ जरुरी है की जनता के बीच भी जागरूकता फैले इसलिए मंगलवार को हरी एलईडी जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

आयुक्त ने कल्याण विभाग के संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा

## शिक्षा व कल्याण विभाग के पदाधिकारी छात्रवृत्ति कार्य को गंभीरता से लें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में प्री मैट्रिक योजना, पोस्टमैट्रिक, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), अत्याचार निवारण अधिनियम, सरना, मसना, हड़गड़ी स्थल इत्यादि की घेराबंदी, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/ छात्रावासों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, साइकिल वितरण योजना इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सिमडेगा जिले में कुल लाभुकों की संख्या 29, खूंटी में 297, लोहरदगा में 41, रांची में 227 एवं गुमला में 408 योग्य लाभुकों को लाभ दिया गया है। बैठक में आयुक्त ने गुमला जिले के शत प्रतिशत राशि व्यय होने पर कार्य प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों को भी ऐसे ही कार्य प्रणाली तैयार कर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों की मदद करें। समय पर सदर अस्पताल का भी निरीक्षण करें जिससे कई जरूरतमंद, गरीब परिवार मिल जाएंगे जिन्हें योजना से संबंधित जानकारी नहीं होगी, उन्हें योजना के प्रति जागरूक कर योजना का लाभ दें। साथ ही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग और कल्याण विभाग के पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर छात्रवृत्ति के कार्यों को गंभीरता से लें। सभी का 31 मई तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित कराएं। शेष राशि मिलते ही जल्द से जल्द शत प्रतिशत राशि का भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

### श्री मां दुर्गा शिव महावीर मंदिर की स्थापना दिवस पर आयोजित भंडारा में शामिल हुए श्रद्धालु



**खलारी।** खलारी के बाजारटांड शांति नगर स्थित श्री मां दुर्गा शिव महावीर मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को आकर्शक सजाया गया। पुजारी संतोष मिश्रा ने मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं का मंत्रोंच्चार से पूजन किया। भगवान सत्यनारायण स्वामी का कथा करवाया गया। यजमान के रूप में ब्रजेशकुमार सिंह व उनकी पत्नी मनोरमा सिंह अनुश्ठान किए। आरती के बाद खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया। अपराह्न तीन बजे से शांति नगर की महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। संध्या में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद महाभोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर बलराम सिंह, बंसी दास, नारायण साव, नागदेव सिंह, भाखर सिंह, गणेश सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, अनिल सिंह, अशोक सिंह, सभाजीत सिंह, लालबाबू सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, संतोष सिंह, ओम गिरि, बसंतप्रसाद गुप्ता, उपेंद्र सिंह, सुभाष कर, दिनेश सिंह, उजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, मुकेश सिंह, अशोक लाला, अशोक राम, किशोर नायक, दीपक नायक, अमित नायक, सोनी नायक, रणजीत सिंह, बिहारी यादव, गुड्डू साहू, शिमलु उरांव, कुंदन कुमार, गोपाल अग्रवाल, सरोजनी देवी सहित शांति नगर के सभी लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

### युवक की मौत से गांव में पसरा सन्नाटा

**गांडेय, गिरिडीह।** गांडेय अहिल्यापुर मुख्य मार्ग स्थित मोदी चौक के समीप बीते 24 जनवरी को 108 एम्बुलेंस गाड़ी की टक्कर से एक युवक घायल हो गया था । घायल युवक हरिपाल डीह गांव निवासी 22 वर्षीय सुधीर कुमार वर्मा था। घायल युवक को परिजनों ने आनन - फानन में इलाज के लिए गांडेय सीएचसी आया जहां पर बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह और गिरिडीह से धनबाद लेकर पहुंचे थे । पिछले आठ दिनों से घायल युवक का इलाज धनबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा था । इलाज के क्रम में युवक की मौत शनिवार की देर रात को हो गई। धनबाद के पीएमसीएच अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव हरिपाल डीह गांव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजन दहाड़ मार - मार कर रोने लगे । युवक के आकस्मिक मौत पर परिजन विश्वास नहीं कर पा रहे थे। परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया।

## सुलभ व त्वरित न्याय पाने का सर्वोत्तम माध्यम चलंत लोक अदालत : दिवाकर पांडे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने मंगलवार को सिविल कोर्ट परिसर से चलंत लोक अदालत सह जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कहा कि चलंत लोक अदालत के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में रह रहे लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जाएगा। चलंत लोक अदालत सुलभ एवं शीघ्र न्याय पाने का उत्तम माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि चलंत लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के सुलहनीय मामलों को सुनकर उसका त्वरित निष्पादन भी किया जाएगा। इसके लिए एलएडीसीएस की टीम गठित की गई है। यह चलंत लोक अदालत पूरे एक माह तक रांची जिले के विभिन्न प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर फैमिली कोर्ट के प्रधान जज एसएस फातमी, एजेसी प्रथम योगेश कुमार, जज राजेश कुमार सिंह, आनंद प्रकाश, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्तागण मौजूद थे। इस कड़ी में पहले दिन कांके प्रखंड में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने अफीम की खेती के विरुद्ध लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश के आलोक में सभी थाना प्रभारी अफीम खेती के विरुद्ध जोर-जोर से कार्रवाई कर रहे हैं एवं लगातार दिन प्रतिदिन ट्रैक्टर एवं ग्रास कटर के माध्यम से अफीम की खेती पर प्रहार कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन अपने स्तर से अपने कार्रवाई में तत्परता दिखाते हुए अफीम की विनष्टीकरण कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। बताते चले की एनडीपीएस की धारा 18 के अंतर्गत अफीम में खेती करना एक दंडनीय अपराध है। रांची जिले के उपायुक्त भी जिले के कई ग्राम पंचायत के मुखिया एवं ग्राम के कई अधिकारियों को अफीम की खेती के विरुद्ध शपथ दिलवाए हैं जिसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 47 में यह भी प्रावधान है कि सरकार के प्रत्येक अधिकारी और प्रत्येक पंच, सरपंच, मुखिया एवं पंचायत समिति अफीम की खेती के विरुद्ध अविलंब पुलिस को सूचना दें, उपेक्षा करने पर दंड के भागी होंगे। परंतु ऐसा देखा जाता है कि सरकार और जिला प्रशासन पुलिस पदाधिकारी के कार्रवाई में जन प्रतिनिधियों का साथ अति आवश्यक है तभी जाकर अफीम की खेती की रोकथाम की जा सकती है। ग्रामीण शिक्षा एवं कानून के प्रावधान से अवगत नहीं होने के कारण अल्प लाभ हेतु बहकावे में आकर खेती कर लेते हैं। इस तरह की खेती के रोकथाम हेतु समाज के प्रत्येक इकाई को एक साथ खड़े होकर विरोध करने की आवश्यकता है साथ ही इस तरह की खेती करने वाले तथा बढ़ावा देने वालों को चिन्हित कर प्रशासन को सूचना देकर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### नम आंखों से मां शारदे को दी गई विदाई

**लापुंग।** लापुंन प्रखंड के ककरिया, दोलैचा, लेटे, दानेकेरा, महुगांव, हुलसू, तपकरा, बड़काकुरा, नावाटोली, देवगांव सहित विभिन्न गांवों में मां सरस्वती की प्रतिमा को विसर्जित कर नम आंखों से विदाई दी। मंगलवार को मां शारदे की पूजन हवन के बाद गाजा बाजा ढोल नगाड़े तथा डीजे साउण्ड के साथ नाचते गाते छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने मां शारदे की प्रतिमा को जुलूस की शक्ल में विसर्जन शोभायात्रा निकालकर अलग अलग जलाशयों तथा नदियों में मां की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी। ककरिया में राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल ककरिया, विद्या पब्लिक स्कूल ककरिया सहित श्री राम क्लब सरस्वती पूजा आयोजन समिति, अम्बाटोली सरस्वती पूजा आयोजन समिति सहित अन्य संस्थाओं के द्वारा गाजा बाजा के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई।

एसएसपी ने पांच पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला

## कांके, बेड़ो और नरकोपी के बदले गए थाना प्रभारी

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा ने तीन थाना प्रभारी समेत पांच पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया है, इससे संबंधित आदेश मंगलवार को जारी की गई। कांके थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहू को बदलते हुए सुशील कुमार को थाना प्रभारी बनाया गया, वहीं कृष्णा कुमार साहू को पुलिस केंद्र भेजा गया है। इसके अलावा बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साहू को बदलते हुए देव प्रताप धान को प्रभार सौंपा गया। वहीं नकुल साहू को पुलिस केंद्र भेजा गया। कोतवाली थाना में जेएसआई नागेश्वर साव को नरकोपी थाना का प्रभार सौंपा गया है।

### अंचल कार्यालय में भूमि अदालत का उद्घाटन



**चान्हो।** चान्हो अंचल कार्यालय में भुमि संबंधित विवाद समाधान हेतु भुमि अदालत कक्ष का उद्घाटन मंगलवार को अंचलाधिकारी संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने देखा कि चान्हो प्रखंड में जमीन को लेकर जनता रोज अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है। कभी कभी तो आपस में लड़ाई झगडे तक कर लेते हैं। इसी को लेकर प्रत्येक शनिवार को भुमि सुधार एवं उसका निपटारा किया जाय जिसमें अंचल और थाना के अलावा जन प्रतिनिधि जमीन निपटारा करने में सहयोग करेंगे। जिससे आम जनता को परेशानी से निजात मिलेगी। मौके पर इरशाद खान, मंगलेश्वर उरांव, मो मोजिबुल्लाह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

पुलिस ने साहिबगंज के चोर गिरोह का किया खुलासा

## यूट्यूब पर सीखते थे चोरी करने का तरीका




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुलिस ने साहिबगंज जिले के रहने वाले एक बड़े चोर गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह सोने चांदी के दुकानों को अपना निशाना बनाता था। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरोह के 7 सदस्यों को पुलिस की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में 4 चोरी करने वाले हैं और बाकी 3 रिसीवर हैं। सभी शातिर चोर हैं और झारखंड के साहिबगंज जिला के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अपराधियों में तफज्जुल शेख, कमरुज जमाल, सलमान शेख, दाऊद शेख और रिसीवर गुलाम मोहम्मद, मदन स्वर्णकार और अजय कुमार शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने ही 1 जनवरी को रांची के डोरंडा स्थित एक जेवर की दुकान में लाखों के जेवर की चोरी की थी। डोरंडा में हुई चोरी किये गए गहने भी पुलिस ने बरामद किया।

**यू ट्यूब से लेते थे चोरी करने का प्रशिक्षण :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूछताछ में सभी चोरों ने बताया है कि वह सब यूट्यूब देखकर दुकान का शटर तोड़ने की विधि सीखते थे और फिर उसी विधि से दुकान का शटर तोड़कर उसमें चोरी को अंजाम देते थे। एसएसपी ने बताया गिरफ्तार सभी चोर राजधानी में किराए का मकान लेकर रहते थे और कबाड़ी का काम किया करते थे। इसी दौरान वे लोग दुकानों की रेकी भी किया करते थे और फिर रात में वहां जाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

**पुलिस ने गहने किये बरामद**

गिरफ्तार चोरों के पास से 27 चांदी के ताबीज, 4 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी चांदी की बिछिया, 11 चांदी के लॉकेट, 7 चांदी के ब्रेसलेट, 18 चांदी की चेन, 20 जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी का झुमका, 20 चांदी के सिक्के, 45 चांदी की अंगूठी, दो चांदी की धातु, चांदी का ग्लास, प्लेट, सोने की एक जोड़ी कान की बाली बरामद की गयी है।

## एक नजर

### कटे ओठ और तालु वाले 10 मरीजों का होगा निःशुल्क ऑपरेशन

**रामगढ़।** ऑपरेशन स्माइल के तहत कटे ओठ और तालु वाले चयनित मरीज मंगलवार को सदर अस्पताल रामगढ़ से हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने सभी को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने बताया कि कठे ओठ व तालु वाले मरीजों का चयन स्वयंसेवी संस्था अग्रगति द्वारा कराया गया था। इनफिंगा ऑपरेशन स्माइल के सहयोग से कटे ओठ व तालु वाले मरीजों को हजारीबाग के क्षितिज हॉस्पीटल में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इसके लिए कुल 10 मरीज ऑपरेशन के लिए हजारीबाग गये। एक मरीज के साथ दो लोगों के भोजन तथा लाने ले जाने की निःशुल्क व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है।

### जिलास्तरीय कृषि मेला का आयोजन 17 को

**रामगढ़।** कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने की। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक के कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विभागवार संचालित योजना और कार्यों का समीक्षा किया। उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को आगामी 17 फरवरी को जिला स्तरीय कृषि मेला का आयोजन करने का निर्देश दिया। वहीं कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा के क्रम में उपयुक्त में लंबित ई केवाईसी कार्यों को जल्द पूर्ण करने की बात कही। जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए चिन्हित सभी 92 पैक्सों में 15 फरवरी तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

### उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड का जलवा

**भुरकुंडा।** उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बना ली है। राष्ट्रीय तीरंदाजी खेल में विगत सोमवार को हरियाणा की टीम को पराजित कर झारखंड ने यह मुकाम हासिल किया है। 6 फरवरी को देहरादून में तीरंदाजी का फाइनल मुकाबला होगा। इसमें झारखंड की टीम महाराष्ट्र का सामना करेगी। टीम की इस सफलता को लेकर एक ओर जहां बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकडमी में खुशी की लहर है, वहीं दूसरी ओर कोयलांचल भुरकुंडा के लोग भी फाइनल मैच को लेकर खासे उत्साहित हैं। इसकी वजह राज्य की टीम में शामिल कोयलांचल की बेटी तमन्ना वर्मा है, जिसने राष्ट्रीय स्तर के कई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड की टीम में जगह बनाई है।

### गोला में दामोदर नदी से बरामद हुआ लापता महिला का शव

**गोला।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के भुचूंगडीह गांव निवासी लापता महिला संगीता देवी पति विजय विषाद 35 वर्ष का शव सोमवार को गोला थाना क्षेत्र के हेसापोड़ा पंचायत के परसाडीह गांव के पास दामोदर नदी तट से बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। परिजनों ने बताया कि बीते 26 जनवरी को मृतिका की छोटी बेटी साक्षी कुमारी ने पुलिस अधीक्षक डॉ अजय कुमार को आवेदन देकर अपनी मां संगीता देवी के घर से लापता होने की जानकारी दी थी। आवेदन में कहा गया था कि मेरी मां को रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर गांव निवासी देवकी देवी पति विश्वनाथ केवट, गुड़िया देवी पति अनिल केवट, यशोदा देवी पति फिरबील केवट ने डायन बीसाही का आरोप लगाकर बीते 25 जनवरी को जान से मारने की धमकी दी थी। जिससे मेरी मां डर गई थी।

पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ सुंदरकांड के पाठ का हुआ आयोजन

# पूरा दरबार बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 4 फरवरी को फुटबॉल ग्राउंड में छावनी परिषद मैदान में अखंड सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ वाचक श्री मनोज सेन धनबाद से पधार कर पाठ का सामूहिक वाचन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत गणेश पूजन से हुई। इसके पश्चात राजस्थान के सीकर जिले से मकराना से पधारे शब्बीर अहमद भाई एवं अरुण अग्रवाल जिन्होंने इस सफेद मार्बल की आपूर्ति की उनका अभिनंदन अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल कोषाध्यक्ष संजय चौधरी एवं उपस्थित जजमानों ने मिलकर किया। मकराना से यह विशेष रूप से कार्यक्रम के लिए यहां पर पधारे हैं। आज के सुंदरकांड पाठ के जजमान संजय चौधरी एवं श्री महावीर बौंदिया मंच पर उपस्थित थे। पूरा दरबार बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। सैंकड़ो महिलाओं एवं बजरंगबली के भक्तों ने जय कार्य के साथ पाठ का आरंभ किया। फुटबॉल ग्राउंड की छटा देखते ही बनती थी। ऑफिस के कार्यालय में लोग पूरे मनोयोग से जुड़े हुए थे। उपायुक्त महोदय के प्रयास से फायर ब्रिगेड की गाड़ी तत्परता के साथ अपने कर्मचारियों के साथ खड़ी हुई थी। मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट दादी मंदिर के लोग चाय एवं बिस्किट की सेवा में जुटे हुए थे। मेडिकल कैंप न्यू प्रकाश मेडिकल के सृजन में से लगा हुआ था जहां जांच की जा रही थी और इमरजेंसी के लिए हमेशा तैयार थे। फुटबॉल ग्राउंड के द्वार पर आदियोगी शिव की मूर्ति अपनी अलग ही छटा बिखेर रही थी। चरण पादुका के लिए बगड़िया परिवार सेवा में जूटा हुआ था। जगह-जगह श्याम भगवान की एवं अन्य देवताओं की मूर्तियों के बैनर लगे हुए थे जिसमें उनकी आरती लिखी हुई थी। भंडार एवं प्रसाद कक्ष विशेष रूप से बनाया गया है। कार्यालय के साथ अतिथि कक्ष का भी निर्माण किया गया है। 15000 स्क्वायर फीट से भी बड़ा पंडाल

सांसद ने जताया आभार, कहा सांसद सामूहिक विवाह ऐतिहासिक

# सामूहिक विवाह को ऐतिहासिक बनाने वालों का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



बीते 02 फरवरी 2025 को सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 में 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह यज्ञ को ऐतिहासिक, भव्य और मंगलमय बनाने में जिन-जिन महानुभावों का योगदान रहा, उन सभी का सांसद मनीष जायसवाल ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के इस पवित्र यज्ञ को सफल बनाने में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, व्यवस्थापकों, मेरे सांसद सेवा कार्यालय के कर्मचारियों, हजारीबाग और रामगढ़ जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, समाजसेवियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, मीडिया बंधुओं, धार्मिक गुरुओं, सामाजिक संगठनों, व्यवसायी बंधुओं, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मियों, भोजन एवं स्वागत समिति के सदस्यों, स्वच्छता एवं प्रबंधन दल सहित सभी सहयोगी जनों का अतुलनीय योगदान रहा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से, नवविवाहित वर-वधु के परिवारजन, जो इस पवित्र यज्ञ के साक्षी बने, मेरे बड़े-छोटे सभी परिजन, और हजारों की संख्या में पधारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता-जनार्दन, जिनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्यता प्रदान की, उन सभी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

## न्यूज | बॉक्स

### विधायक अमित कुमार यादव ने निःशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू कर क्षेत्र वासियों को दी सौगात



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव की ओर से प्रखंड क्षेत्र वासियों के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। इसकी जानकारी विधायक अमित यादव ने दिया है। कहा कि बरकट्ठा क्षेत्रवासियों के लिए हमारी ओर से निःशुल्क एंबुलेंस सेवा कि शुरूआत की गई है। यह सुविधा जरूरतमंद लोगों के लिए प्रत्येक आपातकालीन, विषम परिस्थितियों में सहारा बनेगी। उन्हें यह एहसास दिलायेगी कि हर मुश्किल वक्त में हम उनके साथ है। विधायक ने कहा कि बरकट्ठा के बाद इसकी शुरूआत अन्य प्रखंड क्षेत्र में भी की जाएगी। एंबुलेंस सेवा 24 घंटे 7 दिन आपकी सेवा में समर्पित रहेंगी। इस निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा का आप हमारे मोबाइल नंबर 9431186286, 9934397176, 9431538030, 7903867476 पर संपर्क कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### सरस्वती पूजा के अवसर पर दुगोला कार्यक्रम आयोजित, झूमे श्रद्धालु



**बरही।** सरस्वती पूजा के अवसर पर डपोक स्थित पांडेय टोला में दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया इंद्रा देवी, अल्प संख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो कैयूम, बरही प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष प. डोमन पांडेय आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर समाजसेवी उमेश यादव, सुरेन्द्र यादव विकास पांडे उपेंद्र पांडे संजय पांडे, संतोष पांडे, विनोद पांडे, वीरु यादव आदि कई लोग मौजूद थे. दुगोला कार्यक्रम में दर्शकों को बीटू तिवारी छपरा और संजय रसीला औरंगाबाद जबरदस्त सांस्कृतिक मुकाबला देखने को मिला. दर्शक रात भर झूमने को मजबूर रहे.ःअपने संबोधन में अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती ज्ञान और बुद्धि की देवी है. जिनके आशीर्वाद से ही हम सबों में सद्गुण और सद्ज्ञान का प्रवाह होता है. संगीत के सात सुर भी उन्ही की कृपा से बजते हैं. कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने दुगोला कार्यक्रम का रात भर आनंद लेते रहे.

### शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**रामगढ़।** मंगलवार को डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ में विद्या कि देवी मां सरस्वती की पूजा का विर्सजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मातृसंस्था जन आकांक्षा के सचिव मनीकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर एवं प्रभारी प्राचार्य मो. परवेज अखतर मुख्य रूप से पूजा में उपस्थित रहे। मां सरस्वती की पूजा अचार्ना, हवन, आरती एवं विधि-विधान के साथ बीएड सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। क्रमशः पूजा पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही सभी प्रशिक्षुओं एवं शिक्षको को भोजन भी कि गई तथा एक दुसरे के साथ रंग-गुलाल खेलकर एवं नृत्य संगीत करके माँ सरस्वती को विदाई दी गई। उपस्थित शिक्षकों में बीएड सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम, डीएलएड प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, डॉ. राजेश महतो, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार, कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, सुश्री श्रेया गुप्ता, दिनेश कुमार, पुजा कुमारी, मुनिता देवी, सुनीता वर्मा, उमेश कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, निर्मल महतो आदि मौजूद रहे।

### केदला में सरस्वती पूजा पर भक्ति जागरण का आयोजन

**रामगढ़।** सरस्वती पूजा के अवसर पर केदला जोंडरागोड़ा में सोमवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन पूजा कमेटी की ओर से किया गया। रामगढ़ से आए जागरण मंडली के कलाकारों ने मनमोहक जागरण प्रस्तुत किया। जागरण का उदघाटन मुख्य अतिथि टाटा स्टील वेस्ट बोकारो चीफ सीईपी राजेश कुमार, विशिष्ट अतिथि जदयू प्रदेश महासचिव राजू महतो, जिप सदस्य भोला तुरी, आजसू के केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि मंतोष सिंह, संजय कुमार मुर्मु, रामचन्द्र राम आदि लोगों ने संयुक्त रुप से फिता काट कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान की नियमित पूजा, अराधना व उनका ध्यान करने से घर में सुख, शांति और समृद्धी बनी रहती है। जागरण का शुभारंभ गोमिया से आए गायक सुरज डाबला ने भगवान गणेश की वंदना आवो अंगना पधारो गणेश जी से की। उसके बाद भुरकुंडा, अरगड्डा, चुंबा से आए सुनिता देवी, सिकंदर प्रजापति, मौनी कुमारी ने हे दुख भंजन मारुती नंदन, घर में पधारों गजानन जी, मेरे मन में बसे हैं राम, तुने मुझे बुलाया शेरावालिये भजन पर लोगों को खूब झूमाए।

कृषि व संबद्ध विभागों के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# मिनी कोल्ड स्टोरेज का संचालन जल्द शुरू करने का दिया निर्देश


> **❑ समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को बैकयार्ड फिशिंग के तहत क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को लेकर डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया**



उप विकास आयोग ने किसानों को कृषि की नई-नई तकनीक के प्रति जागरूक करने एवं किसानों की आय बढ़ाने हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए


**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी जिसके उपरांत उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को आगामी 17 फरवरी को जिला स्तरीय कृषि मेला का आयोजन करने का निर्देश दिया वहीं कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा के क्रम में उपयुक्त में लंबित ई केवाईसी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए चिन्हित सभी 92 पैक्सों में 15 फरवरी तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में नवनिर्मित मिनी कोल्ड स्टोरेज का संचालन जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा के क्रम में राइस मिल संचालकों के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द पैक्सों से धान उठाओ करने एवं नियमित रूप से धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को बैकयार्ड फिशिंग के तहत क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रस्ताव तैयार करते हुए शुक्रवार तक डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयोग ने किसानों को कृषि की नई-नई तकनीक के प्रति जागरूक करने एवं किसानों की आय बढ़ाने हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

### निजी जमीन पर जबरन कब्जा के प्रयास को लेकर बरकट्ठा थाना में दिया गया आवेदन


सेवा में
श्री मान थाना प्रभारी महोदय
बरकट्ठा थाना
महाशय

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घंघरी में निजी जमीन पर जबरन कब्जा का प्रयास करने को लेकर बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया गया है। इस बाबत ग्राम बरकट्ठा निवासी नसीम खान व शाहिद शेख ने लिखित शिकायत बरकट्ठा थाना में किया है। जिसमें लिखा है कि ग्राम घंघरी में मेरा जमीन जिसका खाता नंबर 13, प्लाट नंबर 884 है। जिस पर ग्राम घंघरी निवासी सत्तार अंसारी, साबीर अंसारी दोनों पिता सोबराती मियां तथा दिलीप भुइयां टिलीया के द्वारा बराबर अवैध रूप से कब्जा का प्रयास किया जाता है। बताया कि 25 दिसंबर को उपरोक्त लोगों के द्वारा उक्त स्थान पर बनी झोपड़ी को तोड़कर हमलोगों के विरुद्ध ही झूठा आरोप लगाया जा रहा है। रोक-टोक करने पर उनलोगो के द्वारा नाजायज रूप से मजमा बनाकर गाली-गलौज और मारपीट किया जाता हैं। इसको लेकर हमलोगों के द्वारा पूर्व में भी बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 129/23 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही अंचल कार्यालय बरकट्ठा से मुझे पोजीशन पत्र भी मिला है।

### पारा लीगल वोलेंटियर ने डोर टू डोर जाकर लोगों को दी कानून की जानकारी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा उत्तरी पंचायत में रविवार दोपहर को विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पूरे प्रदेश में मुफ्त कानूनी सलाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तरीय वोलेंटियर बरकट्ठा उतरी पंचायत में नियुक्त कुमारी प्रीति रानी ने बरकट्ठा उतरी पंचायत के ग्रामीणों में जाकर कानून की जानकारी दिया। वहीं लोगों को विभिन्न धारा और मौलिक अधिकार, समानता का अधिकार के अलावे अन्य अधिकारों को बतलाया गया।

### मदरसा रहमतिया बागे रसूल नईसराय कमेटी गठित

**रामगढ़।** मदरसा रहमतिया बागे रसूल नईसराय कमेटी गठन को लेकर अंजुमन कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान मदरसा संचालन को लेकर सर्वसम्मति से कमेटी का गठन हुआ। जिसमें मदरसा रहमतिया बागे रसूल के सदर, शेख अरशद रजा और सेक्रेटरी एजाज अहमद को बनाया गया। नई कमेटी को मदरसा की बेहतरी के लिए एक वर्ष का समय दिया गया है। मदरसा हित में अपेक्षाकृत काम नहीं होने पर जिम्मेवारी वापस लेने की बात कही। साथ ही मदरसा को लेकर कोई भी बड़ा कार्य आपसी सहमति से ही करने का निर्णय हुआ। सभी कार्यों की निगरानी नईसराय अंजुमन कमेटी के द्वारा होगा। सभी शर्त को मानते हुए दोनों पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। साथ ही जिम्मेवारी देने के लिए सभी आवाम का शुक्रिया अदा किया। इसके अलावा मदरसा की बेहतरी के लिए कार्य करने की बात कही। मौके पर नईसराय अंजुमन कमेटी सदर सलीम खान, सचिव मोह्न कमाल, मोह्न निसार, मो कलाम आदि मौजूद थे।

स्कूल के वार्षिकोत्सव मे शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष

## गुणों से भरे हैं गांव के नन्हे मुन्ने बच्चे प्लेटफार्म की आवश्यकता : किशुन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिप उपाध्यक्ष किसून यादव शामिल हुए. जिनका विद्यालय प्रबंधन के गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नृत्य, संगीत, एकांकी आदि विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया. जिप उपाध्यक्ष ने बच्चो के कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि गांव के नन्हे मुन्ने बच्चो में प्रतिभा की कमी नहीं है. गांव की बेटी बेटियां भी गुणों से भरे हुए हैं. इन्हें उचित प्लेटफार्म की आवश्यकता है जिसे विद्यालय प्रबंधन देने का प्रयास कर रहा है. इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट स्थिति स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव रहे. कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय प्रधान सहित अन्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### अबुआ आवास के 600 लाभुकों का सामूहिक गृह प्रवेश आज

**रामगढ़।** अबुआ आवास योजना के तहत 5 फरवरी को जिले के सभी प्रखंडों में सामूहिक गृह प्रवेश का आयोजन होना है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उनके द्वारा 5 फरवरी के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, मुखिया सहित अन्य को कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्देश दिया। जिला में सभी प्रखंडों में 5 फरवरी को सामूहिक गृह प्रवेश का आयोजन होगा। इस दौरान निर्मित कुल 600 लाभुकों का गृह प्रवेश का कार्यक्रम निर्धारित है।

सरस्वती पूजा के अवसर पर तेलियातू में भव्य जागरण का आयोजन

# इस प्रकार के आयोजनों से भक्ति की भावना का होता है प्रसार : रोशन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सरस्वती पूजा के शुभ अवसर तेलियातू में भव्य जागरण का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव सह निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए. अतिथियों ने संयुक्त रूप से जागरण का उदघाटन किया. इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति द्वारा उनका उत्साह के साथ स्वागत किया गया. कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया. इस क्रम में उपस्थित लोग धार्मिक गीतों की धुन पर झूमते नजर आए. मौके पर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा की इस प्रकार के आयोजन से लोगों में भक्ति की भावना का प्रसार होता है. साथ ऐसे कार्यक्रम में लोगों को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है. जिससे लोगों के बीच भाईचारे की भावना बढ़ती है. श्री चौधरी ने कहा की जागरण का विशेष महत्व होता है. साथ ही उस क्षेत्र में खुशहाली आती है. इसलिए समय समय पर इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए. वहीं, आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की इस तरह के धार्मिक आयोजन का विशेष महत्व है. क्योंकि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में खुशहाली आने के साथ साथ प्रभु की कृपा भी प्राप्त होती है. उन्होंने कार्यक्रम के व्यवस्थित तरीके से आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की. मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. मौके पर विशेश्वर महतो, नरेश महतो, अजय महतो, सियाराम महतो, अरविंद महतो ,मिथुन महतो, तुलसी महतो आदि उपस्थित थे.

प्रखंड प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता आयोजित

# प्रदर्शनी से विद्यार्थियों के मनोबल और आत्मबल में होती है वृद्धि : बीईईओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम बीईओ किशोर कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव कुमार ने बतौर कॉर्डिनेटर महत्ती भूमिका निभाई. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परिसंचरण तंत्र, प्रकाश संश्लेषण आदि जैसे विभिन्न मॉडल के माध्यम से विज्ञान के आविष्कार और वरदान को चित्रित करने का प्रयास किया. जिसमे उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर प्रथम, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही द्वितीय और उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर तृतीय स्थान पर रहा. बीईओ श्री कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपने हुनर दिखाने का एक प्लेटफार्म है. इससे विद्यार्थियों के मनोबल और आत्मबल में वृद्धि होते है. इस प्रदर्शनी में उच्च विद्यालय बरही, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई. निर्णायक मंडली में शामिल विज्ञान शिक्षक विक्रम प्रजापति, ज्योति कुमारी, प्रदीप प्रसाद, सुरेश विश्वकर्मा ने प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया.

## जेएसएलपीएस विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# कटहल को कटिंग कर के बाजार उपलब्ध कराने की बात कही

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त को जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा स्वयं सहायता समूह को उपलब्ध कराए जाने वाले क्रेडिट लिंकेज, सोशल मोबिलाइजेशन एंड इंस्टिट्यूशन बिल्डिंग, फाइनेंसियल इंक्लूजन इंश्योरेंस व पेंशन, लाइवलीहुड प्रोग्रेस, पलाश मार्ट, फार्म व नन फार्म लाइवलीहुड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, पीवीटीजी डाकिया योजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, जोहार परियोजना सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।बैठक में उपायुक्त ने फाइनेंशियल इंक्लूजन जो ब्लॉक पीछे चल रहे हैं उसे निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाने हेतु कार्य करने। उन्होंने अधिक से अधिक समूह की महिलाओं को फाइनेंशियल इंक्लूजन कर उसे योजना का लाभ दिलाने की बात कहीं।बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से की जा रही गतिविधि बढ़ावा देने हेतु किए जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा के क्रम में उन्होंने जिले में वन से उत्पादन होने वाले लाह, महुआ, करज बीज, इमली आदि का प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग कर बिक्री करने हेतु महिलाओं को जागरूक करने की बात कहीं। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पलाश मार्ट खोलने हेतु स्थल चिन्हित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वही उपायुक्त ने फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत वैसी महिलाएं जो वर्तमान में दारू हड़िया का व्यापार कर रही हैं को चिन्हित करते हुए योजना के तहत ऋण उपलब्ध करा कर मुख्यधारा से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही जिस महिला को पहले लाभ मिल चुका है तो उसकी आज की वर्तमान स्थिति क्या है इसकी समीक्षा भी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने महिलाओं की आजीविका को बेहतर बनाने की दिशा कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने ने जिले में होने वाले जैकफ्रूट को कटींग कर एवं उसका पैकिंग कर बड़े व्यापारियों को बिक्री हेतु बाजार उपलब्ध कराने की बात कही। इस अलावा बैठक के दौरान डीपीएम जेएसएलपीएस के द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यों में आ रही समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसके निराकरण के संबंध में उपायुक्त में कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, डीपीएम जेएसएलपीएस कान्ती मारडी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



### जिले के आवासीय विद्यालयों के बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी का उपायुक्त ने लिया जायजा

● कहा बोर्ड परीक्षा में बच्चों की फेल प्रतिशत शून्य हो इसे सुनिश्चित करें

सिमडेगा:- उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय एवं सी0एम0 ऑफ एक्सीलेंस, विद्यालय के बच्चों का बोर्ड परीक्षा की तैयारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विद्यालय के वार्डेन एवं सी.एम. ऑफ़ एक्सीलेंस विद्यालय के प्रधानाचार्य से बच्चों की बोर्ड परीक्षा से संबंधित तैयारी की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय पदाधिकारियों से कहा कि बोर्ड परीक्षा में बच्चों की फेल प्रतिशत शून्य हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने एक-एक बच्चों का विशेष रूप से मॉनिटरिंग करने की बात कहीं। तथा जो बच्चे पढ़ने में कमजोर है वैसे बच्चों का चयन कर अलग से पढ़ाने की बात कहीं। उपायुक्त ने बच्चों का प्री बोर्ड टेस्ट रिजल्ट की भी समीक्षा किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में जिले के बच्चें अच्छे अंक से उत्तीर्ण इसके लिए विशेष तैयारी कराने का निर्देश दिये।इसके अलावा बैठक में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चों को हो रही समस्याओं की जानकारी ली। जिस पर बोलबा एवं बानो विद्यालय में पानी की विशेष समस्या वार्डन द्वारा बताई गई। तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय बानो में खराब जल मीनार को मराम्माति का अनुरोध किया गया। वहीं वार्डन ने बताया कि बोलबा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जल स्तर नीचे जाने से गर्मियों के दिन में बच्चों को पाने की विशेष समस्या होती है। कभी-कभी तो टैंकर से पानी मांगवाय जाता है। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पानी से संबंधित समस्याओं को दूर करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पत्र भेजने की बात कहीं। कस्तूरबा गांधी विद्यालय, पाकरटांड़ में बच्चों के खेलने हेतु फोटो हो खेल विकास योजना से मैदान की समतलीकरण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय में नियुक्ति से संबंधित कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सदर अस्पताल सिमडेगा में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन



**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। विश्व कैंसर दिवस का शुभारंभ उपायुक्त अजय कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र रोहिला, सहित महिला डॉक्टर बेला एक्का द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।उपायुक्त ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में कहा कि कैंसर बीमारी से बचाव के लिए तीन चीज जरूरी है रोकथाम, इलाज और जागरूकता। उन्होंने कहा कि विश्व भर में मौत का सबसे बड़ा कारण है कैंसर बीमारी। इस बीमारी से बचाव के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता। उन्होंने कहा कि कैंसर बीमारी से पीड़ित लोगों को जागरुक होकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर बड़े अस्पताल में जाकर सक्सेसफुल इलाज करा सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी स्वस्थ्य कर्मियों को दूरस्थ गांव में विशेष कर महिलाओं को एवं सिगरेट, गुटका, तंबाकू व मादक पदार्थ की प्रयोग करने वाले लोगों को इस बीमारी के बारे में जानकारी दें, जागरूक करें। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने विश्व कैंसर दिवस के बारे में जानकारी देते हुए उसका रोक थाम के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके साथ साथ किन-किन कारणों से कैंसर होता है। कैसे बचा जा सकता है। सभी प्रकार की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने लोगों को बारी-बारी से सभी प्रकार के कैंसर का लक्षण के बारे में बताया। इसके साथ साथ व्यक्तियो को कैंसर के बारे में जागरूक किया गया।महिला डॉक्टर बेला एक्का ने महिलाओं में होने वाले कैंसर के बारे विस्तृत जानकारी दी।मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सभी डॉक्टर्स, कर्मी गण, सहिया सहित मीडिया कर्मी गण एवं आमजन उपस्थित रहे।

## सरस्वती पूजा के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित मां शारदे पूजा समिति कुम्हार टोली और पुराना पंचायत परिसर में सरस्वती पुजा के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अतिथि के रूप में लचरागढ़ पुलिस पिकेट प्रभारी एएसआई जितेंद्र सिंह, सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर कुंदन कुमार दास,संदीप साहु किशोर ओहदार,समीर राय, पत्रकार धर्मवीर सिंह व अनुज कुमार साहू उपस्थित थे। कार्रक्रम का उदघाटन अतिथियों ने फीता काट कर किया।कुम्हार टोली नृत्य प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागीयों ने भाग लिया जिसमें पहला आशा कुमारी,दूसरा शिवानी कुमारी,तीसरा विष्णु कुमार,चौथा कुलदीप सिंह,पलक कुमारी, पुराना पंचायत भवन सरस्वती पूजा समिति में 25 नृत्य प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें पहला तमन्ना कुमारी, दुसरा भारती कुमारी, तीसरा रूहानी कुमारी, चौथा खुशी कुमारी व पंचला जमुना कुमारी को मिला।सभी बच्चों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों के द्वारा नगद राशि,शिल्ड मोमेंट व कॉपी,पेंसिल और चॉकलेट देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा श्रेया कुमारी,अराध्या कुमारी, श्रृष्टि, साक्षि, रितेश महतो, नवीन महतो, रितु कुमारी, रितिक महतो, पद्मावती कुमारी, राजवीर महतो, प्रणव काशी, दिव्या कुमारी, गोल्डी कुमारी, कृतिका कुमारी, सरिता कुमारी, शीतल कुमारी दिक्षा कुमारी, सुभद्रा कुमारी, तिशुल, सृष्टि कुमारी, अंजली कुमारी,गोलु,नैना, निशा कुमारी को सम्मानित किया गया।संचालन धर्मवीर सिंह,संतोष महतो,अनिल काशी व रोहित सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुम्हार टोली पूजा पंडाल समिति के संतोष महतो, अजय महतो, अनिल काशी, कमल काशी, सत्यम सिंह, सितेश महतो, बनु महतो, सोनु महतो, कृष्णा महतो, टिंकु नाग, रामजीत सिंह, राजु महतो, बिसनाथ महतो, महेश महतो, डोमन नाग, तुलेश्वर सिंह समरू महतो, कालीचरण सिंह गोपाल महतो, राजेंद्र महतो, संदीप महतो, पूजा कुमारी, हेमा कुमारी,प्रिया कुमारी, काजल कुमारी, किरण कुमारी, सीता कुमारी, शिखा कुमारी, पलक कुमारी, पूर्वी कुमारी, दीक्षा कुमारी, मंजु कुमारी, पुष्पा कुमारी, जुही कुमारी, शिल्पा कुमारी, नैना महतो,श्रुति, अंजलि महतो, के अलावा अन्य लोगो की अहम भुमिका रही।

## पारा लीगल वोलेंटियर के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा नियुक्त पारा लीगल वोलेंटियर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह मासिक बैठक का आयोजन मंगलवार को प्राधिकार कार्यालय में किया गया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर सभी पीएलवी के कार्यों की समीक्षा करते हुए सचिव ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कहा गया कि सभी पीएलवी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से करें। सचिव ने कहा कि मानव तस्करी की समस्या को रोकने की दिशा में सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि काम की तलाश में बाहर जाने वाले लोगों को श्रम कार्ड बनाने के लिए पीएलवी प्रेरित करेंगे। उन्हें जानकारी दें कि श्रम कार्ड बनाने से किसी तरह की दुर्घटना होने पर उन्हें योजना का लाभ मिल सके। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करें कि अपने बच्चों को दलाल के जरिए काम करने महानगर नहीं भेजें। बैठक में झालसा के निर्देश पर जिले में प्राधिकार द्वारा चल रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि 90 दिनों तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए आगे भी बेहतर तरीके से कार्य करें। गांव गांव में कार्यक्रम आयोजित करते हुए लोगों को डालसा द्वारा दिए जाने वाले विधिक सेवाओं और सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी दें। बैठक में चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने सभी पीएलवी को कार्य करने के विभिन्न तकनीकी पहलुओं के बारे जानकारी दी। बैठक में कहा गया कि प्राधिकार द्वारा 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत और आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे लोगों को जानकारी दें।

## न्यूज बॉक्स

### कारा मण्डल की विधि व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित हुई




**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कारा मण्डल की विधि व्यवस्था से संबंधित बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा मंण्डल सुरक्षा के बारे में जानकारी लेते हुए जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. सहित विद्युत व्यवस्था सहित अन्य संरचनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई और कारा सुरक्षा को लेकर आवश्यक व दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कारा सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सावधानी बरतने की बात कहीं। इसके अलावा कारा के कई कार्य योजना के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर अनुमोदन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, कारा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

### कार ने पेड़ को मारी टक्कर,कोई हताहत नहीं

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ देवनदी के समीप कार ने पेड़ को टक्कर मार दी।जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि कार JH01EQ-7925 कोलेबिरा से बानो की ओर जा रहा था। इसी क्रम देवनदी के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ से



टकरा गयी तथा गड्ढा में गिर गया। बाद में कार को गड्ढा से निकाला गया।घटना में चालक को हल्की चोटे आयी।

### राणी सती दादी के मंगल पाठ का हुई आयोजन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित पवन अग्रवाल के आवास में राणी सती दादी का मंगल पाठ का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पंडित अमरेश झा ने पूजा संपन्न कराया।मौके पर भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण काफी संख्या में भाग लिए।कार्यक्रम में रानी सती दादी के जीवनी के बारे में बताया गया। रानी सती दादी का सिंहासन बनाया गया।दरबार सजाया गया।इस अवसर पर बच्चों के बीच कॉपी और पेंसिल का वितरण किया गया साथ ही प्रसाद का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मचंद अग्रवाल, इंद्रसेन अग्रवाल,मदनलाल अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, प्रीतम जैन, रिकी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, कृष्णा देवी, शकुंतला, सावित्री देवी रेखा, माया,तनुजा, अनन्या, राजेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, वारिस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### धूमधाम से की गई माँ सरस्वती की प्रतिमा की विसर्जन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित सक्सेस पॉइंट कंप्यूटर कोचिंग सेंटर और आरबीए कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर में पूर्णाहुति कार्यक्रम के साथ सरस्वती पूजा संपन्न हुई।इस अवसर पर विसर्जन जुलूस निकाला गया।विसर्जन जुलूस लचरागढ़ स्थित सेंटर परिसर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए ब्राह्मण तालाब पहुंची जहां भक्ति भाव से माता सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।इस दौरान कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने नाचते-गाते झूमते हुए पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ सरस्वती पूजा संपन्न हुई।विसर्जन के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में लचरागढ़ पुलिस पिकेट के प्रभारी एएसआई जितेंद्र कुमार सिंह के पुलिस दलबल ने अहम भूमिका निभायी। इस अवसर पर संचालक कुंदन कुमार दास,अविनाश साहु,नरे साहु, पिंकी कुमारी,मनोज होता,रूपेश पंडा,पिंकी कुमारी,शिवानी कसेरा,शिवानी कुमारी,अर्चना कुमारी,किरण कुमारी,माही कुमारी,काजल कुमारी,विश्वासी कुमारी,रुची कुमारी,नैना कुमारी,प्राची कुमारी,तन्नु कुमारी, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ पढ़ाई पर जोर दें युवा : आशा मक्सिमा लकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** आर्मी भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा आईटीआई कॉलेज बेरीटोली सिमडेगा में मंगलवार को सेना में नौकरी प्राप्त करने हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कॉलेज के विद्यार्थियों को सेना में नौकरी प्राप्त करने एवं सेना में नौकरी प्राप्त कर भविष्य संवारने से संबंधित जरूरी जानकारियां दी गई। इस शिविर में मुख्य रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी सह कॉलेज की प्राचार्या आशा मक्सिमा लकड़ा, आर्मी के कर्नल विकास भोला, मेजर राम पौल उपस्थित थे। शिविर में लगभग एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी सह कॉलेज के प्राचार्या आशा मक्सिमा लकड़ा ने छात्र-छात्राओं को फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ पढ़ाई को भी महत्व देने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावे उन्होंने छात्रों की उम्र, शिक्षा तथा शारीरिक कद काठी के अनुसार कैरियर बनाने का भी मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पढ़ लिख कर भी कई युवा अपने कैरियर की दिशा को लेकर असमंजस में रहते हैं या फिर सही तैयारी या मार्गदर्शन ना होने की वजह से कैरियर बनाने में असफलता तथा नौकरी की उम्र निकल जाती है। सिमडेगा जिला काफी दूरदराज इलाका है। यहां के विद्यार्थियों तथा युवाओं को उनका करियर बनाने में मदद के लिए ही इस शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर यहां के छात्रों के लिए काफी कारगर साबित होगी। नियोजन पदाधिकारी ने छात्रों को नौकरी के अलावा खुद के कारोबार तथा आत्मनिर्भरता के लिए कारपेंटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राइविंग इत्यादि के विकल्प बता कर जरूरी मार्गदर्शन किया। मौके पर मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी नवीन निश्चल पासवान, यदुनाथ टुडू, प्रशिक्षण अधिकारी जुनूल तोपनो, प्रशिक्षण अधिकारी सुनील लुगून, प्रशांत कुमार, गोपाल प्रधान, प्रफुल टेटे, अनिल कुमार सिंह, रवि कुमार, आनंद कुमार, निर्मल कुजूर, सिद्धार्थ नाग, मुकेश कुमार साहू, प्रशांत कुमार नायक, चंद्रदीप तिग्गी,दुर्गाचरण साहू, बलराम, शिशिर प्रताप कुजूर, दाउद संगा, ज्ञान प्रकाश हेंब्रम आदि उपस्थित थे।




### सेना में नौकरी प्राप्त करने हेतु कर्नल ने छात्रों का किया मार्गदर्शन

मौके पर आर्मी के कर्नल विकास भोला ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि अगर उनमें से कोई सेना, आर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स, अग्निवीर मे जाना चाहता है, तो उन्हें किस तरह की तैयारी करने की जरूरत है। उन्होंने सही तरीके से रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन फॉर्म भरने की भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं शारीरिक फिटनेस के अलावे पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सेना की नौकरी में एडभेंचर्स लाइफ जीने का मौका मिलता है। जगह जगह घूमने का मौका मिलता है। अपने अंदर गजब का जोश बना होता है। वर्दी पहनते ही गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि परिवार को भी सिक्युरिटी मिलती है। इसलिए नौकरी के दौरान शहीद होने की भी कोई चिंता नहीं होती। क्योंकि सेना के शहीद होने के बाद सेना के परिवार को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है।

### इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत दोमिनिक इंटरमीडिएट कॉलेज में समारोह आयोजित कर इंटर परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओ को विदाई दिया गया। इस अवसर पर रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य क्लेमेंट लकडा, प्रोफेसर शांति केरकेट्टा, प्रोफेसर अनिल खडिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।संस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम वर्ष की छात्राओ ने मंगलाचरण प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके बाद इंटर परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के माथे पर तिलक लगाया गया तथा बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य क्लेमेंट लकड़ा ने छात्र छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं बेहतर प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है मेहनत करने वाला ही सफल होता है। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित तथा लक्ष्य को पाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर फादर प्राचार्य क्लेमेंट लकड़ा, उपप्रचार्य फादर अल्बिनुस केरकेट्टा, शांति केरकेट्टा, मेरी मनोरमा सोरेंग, राजेश कुल्लू, पास्कल टोपनो, अमित केरकेट्टा, जोस्फिन कुल्लू, रश्मि एक्का, प्रितिवंति सुरिन, संजय पुरान, जुस्पिन डुंगडुंग, कांति टेटे,सुश्मिता बिलुंग, फिलिप बारला, अंजलि डांग, कामिल बाडा, पंकज लुगुन, सुबोध डुंगडुंग, अमित पौल केरकेट्टा, विलियम लुगुन, स्तानिलास डुंगडुंग, राजेश होबो, सोलिन तोपनो, फिलीप बरला, जेराल्ड होबो, रंजीत वरदान, अंजली बागे, अरनित एक्का के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।संचालन माधुरी बुढ, सरोन डांगस्वागत भाषण शांति करेकट्टा और धन्यवाद ज्ञापन सचिन साहु ने किया।

## शाहपुर में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा,सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत अंतर्गत शाहपुर ग्राम,कोम्बाकेरा, पटियाटोली में भव्य रूप से विद्या के देवी मां सरस्वती माता जी का पूजा किया गया साथ में बच्चो एवं ग्रामीणों के द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मुनेश्वर तिर्की के द्वारा फीता काट कर प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनेश्वर तिर्की ने उपस्थित लोगों से कहा की आपलोग सब मिलजुल कर रहें,एकता और भाईचारा बनाए रखें।रहे इस तरह के कार्यक्रम और पूजा पाठ करने से ग्राम में खुशहाली,सुख,शांति और समृद्धि मिलती है।सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई।सभी बच्चे खूब मन लगाकर पढ़ाई करें।पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद नृत्य प्रतियोगिता आदि में भाग ले और अपनी प्रतिभा को निखारें।खूब तरक्की करें अपने माता-पिता के साथ गांव समाज का नाम रोशन करें।सुख-दुख की घड़ी और हर विषम परिस्थिति में मैं सदैव आप लोगों के साथ हूं, कभी भी कुछ भी परेशानी हो मुझे जानकारी दें मैं हर संभव आप लोगों का मदद करूंगा।साथ में बच्चों सब को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर शाहपुर मुखिया अंकिता केरकेट्टा, सरस्वती पूजा समिति नव युवक संघ शाहपुर अध्यक्ष खिलेस्वर् सिंह,भाजयुमो मंडल महामंत्री महेश सिंह, सखी लोहरा, राजन राम, धनेश्वर् लोहरा, शंभु लोहरा, परशुराम बड़ाइक, श्याम सुंदर लोहरा, श्याम बड़ाइक, सोनू बड़ाइक, उमेश बड़ाइक, दिनेश बड़ाइक, शिवम कैथर, बजरंग बड़ाइक, सत्वीर बड़ाइक, बलिराम कैथर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यारंभ संस्कार सह सरस्वती कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति,झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु-विद्या मन्दिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में विद्यारंभ संस्कार के साथ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।पंडित जगरनाथ पांडा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यारंभ संस्कार किया गया और सरस्वती पूजा का विधिवत पूजन किया गया।यजमान के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू सह धर्मपत्नी नीलम देवी उपस्थित थे।इस अवसर पर सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसमे विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा धार्मिक,देशभक्ति गानों पर नृत्य किया गया।इस महोत्सव में बहन तमन्ना कुमारी प्रथम,बहन रूहानी कुमारी एवं तृतीय बहन कृष्ण बागरी ने प्राप्त किए।यह सरस्वती महोत्सव का पुरस्कार पुरातन छात्रा भैया गौरव कुमार के द्वारा दिया गया।माता का विसर्जन यात्रा मंगलवार को किया गया।विसर्जन जुलूस यात्रा में पत्रकार अनुज साहू,धर्मवीर सिंह पूरे समय उपस्थित रहकर विसर्जन जुलूस संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।लचरागढ़ पुलिस पिकेट के प्रभारी एएसआई जितेंद्र सिंह पुलिस दल बल के साथ सुरक्षा में मुस्तैद रहे। विसर्जन यात्रा मार्ग पर तपती गर्मी को देखते हुए रामवतार अग्रवाल,रिक्की अग्रवाल,किशन अग्रवाल,टोनी अग्रवाल,अंकित अग्रवाल और एलेन जोन के द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी,भैया-बहनों के लिए सुरेन्द्र सिंह बानो निवासी द्वारा खीर की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय परिवार की ओर से उनका साधुवाद और आभार प्रकट किया गया।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बायें, दायें, अंतर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय


### चीन, कनाडा, मेक्सिको पर भारी अमेरिकी कराधान, भारत मुक्त

नए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को एक टफ यानी कठोर व्यक्ति माना जा रहा है क्योंकि वे किसी भी बड़े और कठिन फैसले लेने से हिचकते नहीं। डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनमिक पावर्स एक्ट के तहत अमेरिका के तीन बड़े व्यापार साझीदार देशों कनाडा, मैक्सिको एवं चीन पर व्यापक शुल्क (टैरिफ) लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर कर वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। इन तीन देशों से आयात अमेरिका के कुल आयात का एक तिहाई से अधिक है। ऊर्जा उत्पादों को छोड़कर कनाडा व मैक्सिको से आयात होने वाली सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ और कनाडा के ऊर्जा उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ तथा चीन से आयातित वस्तुओं पर भी 10 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इनकी वजह से मैक्सिको का ऑटो एवं इलेक्ट्रिक उपकरण सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वहीं, अमेरिका में कृषि, मत्स्य पालन, धातु एवं ऑटो उत्पादन पर सबसे ज्यादा असर होगा।ट्रंप ने जब अपने पहले कार्यकाल में चीन पर टैरिफ लगाया था तो इसकी ज्यादातर लागत अमेरिकी उपभोक्ताओं को वहन करनी पड़ी थी। अगर कंपनियों ने फिर यही रवैया अपनाया तो अमेरिका में किराने की दुकानों, कार डीलरशिप और पेट्रोल पंपों पर कीमतें बढ़ी हुई दिखेंगी।उल्लेखनीय है कि अमेरिका में आयात होने वाला 60 प्रतिशत तेल कनाडा से आता है। विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप प्रशासन के इस कदम से अमेरिका में अस्थायी रूप से महंगाई में उछाल आ सकता है। किराने की वस्तुओं समेत जल्द खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतों में तेजी से वृद्धि हो सकती है। अमेरिका में अधिकतर एवोकाडो का मैक्सिको से आयात होता है और एक-दो हफ्तों में उनकी कीमतें बढ़ सकती हैं। खीरे और टमाटर के मूल्य भी बढ़ सकते हैं।

*इन तीन देशों से आयात अमेरिका के कुल आयात का एक तिहाई से अधिक है।*

हालांकि कार जैसी टिकाऊ चीजों के दामों को बढ़ने में थोड़ा वक्त लगेगा।राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद ट्रंप ने कहा था कि वह कनाडा एवं मैक्सिको पर टैरिफ लगाएंगे क्योंकि पड़ोसी देश बड़ी संख्या में लोगों और फेंटानाइल (सिंथेटिक ड्रग्स) का अमेरिका में प्रवेश करा रहे हैं। उनका कहना था कि इसे रोकने के लिए दंडित करना जरूरी है। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा के खिलाफ टैरिफ की धमकी को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। दोनों अमेरिकी पड़ोसी देशों ने सीमा सुरक्षा प्रयासों को बढ़ाने पर सहमति जताई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बात हुई है। उन्होंने सीमा सुरक्षा पर अतिरिक्त सहयोग का वादा किया है।' अमेरिका ने मेक्सिको के खिलाफ टैरिफ की धमकी को 30 दिनों के लिए टाले जाने के बाद कनाडा पर फैसला लिया है। कनाडा और मेक्सिको दोनों ही अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में अपने-अपने शुल्क लगाने वाले थे। वहीं, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी शिकायत दोहराई थी कि कनाडा दशकों की मित्रता और साझेदारी के बावजूद असहयोगी रहा है।

# जीवन में मनुष्य जैसा सोचता है...!



बृहदारण्यक उपनिषद (4.4.5) में कहा गया है कि आप वह हैं, जो आपकी गहन इच्छा है, जैसी आपकी इच्छा है, वहीं आपकी आकांक्षा है। जैसी आकांक्षा है, वैसा आपका कर्म है, जैसा आपका कर्म है, वैसा ही आपका भाग्य है। मनुष्य अपनी इच्छाओं का योग है। जैसा मनुष्य सोचता है, वैसा ही बन जाता है। सवाल यह है कि क्या हमने कभी सोचा है कि हम इंसान कैसे हैं ? हम मनुष्य अपने विचारों का योग है। जिस तरह एक छोटा सा बीज एक पौधे को जन्म देता है, उसी तरह हम जो भी काम करते हैं, वह हमारे विचारों का ही परिणाम होता है। इन कामों से पैटर्न बनते हैं। बदले में, ये पैटर्न हमारे चरित्र का निर्माण करते हैं। हमारा चरित्र या व्यक्तित्व हमारे विचारों से शुरू होता है। अगर हमारे विचार हमारे चरित्र को आकार देते हैं, तो यह तर्कसंगत है कि हमारे विचारों को बदलने से हमारा चरित्र भी बदल जाएगा। अपने विचारों की प्रकृति को बदलकर, निराशावादी लोग पा सकते हैं कि उनके पास मुस्कुराने के लिए कुछ और है। जो कोई भी अपने विचारों पर काबू पाने का प्रयास करता है, वह नकारात्मक चरित्र लक्षणों को खत्म करने से कहीं अधिक कर सकता है। अपने विचारों पर सही तरीके से काम करके, एक व्यक्ति वह भी प्राप्त कर सकता है जिसे दिव्य पूर्णता के रूप में संदर्भित किया जाता है। जेम्स एलन एक ब्रिटिश दार्शनिक लेखक थे, जो अपनी प्रेरणादायक पुस्तकों और कविताओं के लिए जाने जाते थे और स्वयं सहायता आंदोलन के अग्रणी के रूप में जाने जाते थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति, एज ए मैन थिंकेथ (जैसा आदमी सोचता है), 1903 में इसके प्रकाशन के बाद से बड़े पैमाने पर उत्पादित की गई है। इसमें एलन दर्शाते है कि हमारी ये पलकें हमारे व्यक्तित्व, हमारी परिस्थितियों और हमारी भलाई पर विचारों की शक्ति को प्रकट करती हैं। हम अपने मन को नियंत्रित करना और अपने विचारों को उन लक्ष्यों की ओर निर्देशित करना सीखने के लाभों की खोज करते हैं जिन्हें हम प्राप्त करना चाहते हैं। अपने मन को खुशनुमा विचारों से भरें। हर नकारात्मक विचार को सकारात्मक विचार से बदलें। सोचें कि हम क्या बनना चाहते हैं और उसके लिए काम करें। हम देखेंगे कि हमारा पूरा जीवन बदल रहा है। खराब या बेकार विचारों को दूर करके, एक व्यक्ति अपने जीवन में खुशी, शक्ति, शांति और ज्ञान ला सकता है तो इसके लिए प्रयास जरूर किया जाना चाहिए।

आज की बात



**डा मयंक मुरारी**

जब मनुष्य के विचार में ताकत है तो हरेक व्यक्ति को आज से ही अपने विचारों पर नियंत्रण करना शुरू कर देना चाहिए। अनियंत्रित विचार हमारी सबसे बड़ी बाधा बना सकता हैं। नकारात्मक दृष्टिकोण में सचमुच ही उन चीजों को नष्ट करने की शक्ति होती है जिन्हें हम जीवनभर संजोते और प्यार करते हैं। हमारे जीवन में दो चीजें हमारी मनोवृत्ति और हमारी क्रियाविधि एक-दूसरे से जुड़ी होती है। कम उपलब्धि वाले लोग खुद को निराश करते हैं क्योंकि वे शुरू में खुद के बारे में बहुत कम सोचते हैं । हमारी मनोवृत्ति की समस्याएँ अक्सर बढ़ती जाती हैं और गंभीर परिणाम देती हैं। फिर भी, इसका एक बहुत ही सरल समाधान है। विचारों और कार्यों के बीच संबंधों पर अपनी गहन अंतर्दृष्टि से विकास और आत्म-सुधार के लिए एक शक्तिशाली अवसर मिलता है। हमारी क्रियाविधि के साथ हमारा सकारात्मक रवैया हमारे इच्छित जीवन के निर्माण में तथा हमारे अपने भाग्य को आकार देने में प्रभाव डालती है। बचपन में मैं पीपल के वृक्ष को जल अर्पित करता था ताकि बेहतर पढ़ाई हो। बाद में पूजा-अर्चना के पीछे कुछ पाने की इच्छा रहती थी। लेकिन बाद में समझ आया कि हमें वह नहीं मिलता जो हम चाहते हैं और जिसके लिए प्रार्थना करते हैं। हमें वह मिलता है जो हम न्यायपूर्वक कमाते हैं। हमारी इच्छाएँ और प्रार्थनाएँ तभी पूरी होती हैं और उनका उत्तर मिलता है जब वे हमारे विचारों और कार्यों के साथ सामंजस्य बिठाती हैं।


प्रकाश की गति प्रति सेकंड 1.86 लाख मील होता है जबकि विचार की गति प्रकाश से तेज होती है। विचार बिजली के माध्यम ईथर से भी सूक्ष्म होता है। जैसे बिजली की गति सभी दिशाओं में गमन करती है। वैसे ही हमारे मन में भरा ईर्ष्या, प्रतिशोध और घृणा भी सूक्ष्म रूप में सभी दिशाओं में लोगों तक पहुंचता है। यह तब भी होता है, जब हम मन से बाहर ने लाते हैं। यह दिया के प्रकाश और पानी में गिरने वाले पत्थर से बने तरंग की तरह प्रवाहित होती है। मन भी आकाश तत्व की तरह सारे अंतरिक्ष को भरता है जो विचार के लिए वाहन का काम करता है। जैसे आकाश प्रकाश के लिए वाहन है और वायु ध्वनि के लिए वाहन है। दिव्य जीवन सोसाइटी के स्वामी शिवानंद ने एक किताब लिखी- विचार शक्ति। इसमें बताया गया है कि विचार एक सूक्ष्म शक्ति है। यह हमें भोजन से मिलती है। छांदोग्य उपनिषद में वर्णन है कि यदि भोजन शुद्ध है तो विचार भी शुद्ध होगे। जिसके विचार शुद्ध होंगे, उनकी वाणी में शक्ति होगी। भारतीय चिंतन में बताया गया है कि संपूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति भी एक ब्रह्मांडीय मन के रूप में हुई है। सृष्टि का जो मूल विचार था, उसे हिरण्यगर्भ, ब्रह्मांडीय आत्मा की इच्छा कहा गया। यह स्पंदन के रूप में उत्पन्न हुआ। विचार ही सारा संसार है। यह मनुष्य को बांधता है। हमारे चारों ओर जो विचार हम देखते हैं, वे केवल मन के रूप या पदार्थ हैं। विचार ही सृजन करता है, विचार ही विनाश करता है।एक विचार कई विचार को जन्म देता है। चाय की इच्छा के साथ दूध, पानी, चीनी, मेज, कुर्सी, बिस्कुट आदि के विचारों को आमंत्रित करता है। भारतीय जीवन में कहा गया- मनोमात्रं जगत। भारतीय परंपरा कहती है कि प्रारब्ध पिछले जन्म का पुरुषार्थ है। हम कर्म बोते हैं और आदत काटते हैं। आदत बोने से चरित्र बनता है और चरित्र बोने से भाग्य काटते हैं। जब लोग कहते है कि शक्ति कहां है ? सभी क्षमताओं और ऊर्जाओं का उद्गम विचार से होता है।

परिस्थितियों की बाहरी दुनिया खुद को विचार की आंतरिक दुनिया के रूप में आकार देती है। सुखद और अप्रिय दोनों बाहरी परिस्थितियाँ ऐसे कारक हैं, जो व्यक्ति के अंतिम भले के लिए होते हैं। मनुष्य दुख और आनंद दोनों से सीखता है। शरीर मन का सेवक है। यह मन के कार्यों का पालन करता है, चाहे वे जानबूझकर चुने गए हों या स्वचालित रूप से व्यक्त किए गए हो। मनुष्य को अपने हृदय में एक उचित और ऊर्ध्व उद्देश्य की कल्पना करनी चाहिए, और उसे पूरा करने के लिए प्रयास करना चाहिए। उस उद्देश्य को अपने विचारों का केन्द्र बिन्दु बनाना चाहिए। यह आध्यात्मिक आदर्श का रूप ले सकता है, या यह सांसारिक वस्तु हो सकती है, जो उस समय उसकी प्रकृति के अनुसार हो। लेकिन जो भी हो, उसे अपनी विचार-शक्ति को उस वस्तु पर केन्द्रित करना चाहिए, जिसे उसने अपने सामने रखा है। मनुष्य जो कुछ भी प्राप्त करता है और जो कुछ भी प्राप्त करने में विफल रहता है, वह उसके अपने विचारों का प्रत्यक्ष परिणाम है। इससे पहले कि कोई व्यक्ति कुछ भी प्राप्त कर सके, चाहे वह सांसारिक चीजें ही क्यों न हों, उसे अपने विचारों को गुलामीपूर्ण पशु भोग से ऊपर उठाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अलग बात

### रोबोट हमारे परिवार का हिस्सा बन सकते हैं?



**डॉ. आर. बी. चौधरी**

विज्ञान की निरंतर प्रगति और अकल्पनीय अनुसंधान से समूचा विश्व तेजी से बदल रहा है। आबादी की चुनौतियों के बीच घटती प्रजनन दर और घटती जन्म दर जैसी समस्याएं आधुनिक विज्ञान से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। ऐसी हालत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। अब सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा बन सकता है? स्वीडन के उमेओ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एआई और किन्शिप नामक परियोजना के माध्यम से इस प्रश्न का समाधान ढूंढ़ने में लगे हैं हैं।

अमेरिका से प्रकाशित होने वाली साइंस दिल्ली नामक पत्रिका में प्रकाशित पेपर में डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने लिखा है कि यह परियोजना इस बात की जांच करने में लगी है कि काल्पनिक कथाओं जैसे विज्ञान कथा कहानियों और फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को किस प्रकार बताया और समझाया गया है, ताकि यह समझा जा सके कि हम एआई को क्या अपने जीवन या परिवार के हिस्से के रूप में ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां रोबोट परिवार का हिस्सा बन सके। डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने यह भी लिखा है कि यह परियोजना सिर्फ रोबोट और एआई के बारे में नहीं कार्य कर रही है, बल्कि परिवार और रिश्तों को कैसे बेहतर ढंग से सजाया, संवारा और चलाया जा सकता है, उसपर भी काम कर रही है।

डॉ. ऑस्ट्रोम ने आगे लिखा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है जब हमारे घनिष्ठ रिश्ते हमारे समाज का आधार बनते हैं जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों से लेकर जीवन में होने वाली तमाम परिवर्तनकारी निर्णयों तक हर चीज को नियंत्रित करना पड़ता है। उन्होंने आगे लिखा है कि जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में जिसमें स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक देखभाल मैं आगे बढ़ रहा है,वैसे-वैसे हम अधिक से अधिक इस पर भरोसा भी कर रहे हैं। यहां तक कि मानव और गैर-मानव(रोबोट) के बीच की सीमाएं तेजी से घटती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में जहां यह विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है , वहीं पर हमारे परिवार से लेकर हमारी कम्युनिटी के बीच जगह बनाती हुई एआई की संभावित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठने लगे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# वादों का अंत, जनशक्ति का आगाज




राजनीति के मंच पर एक अद्भुत दृश्य उभर रहा है मौन का महासमर! चुनाव प्रचार के शोरगुल के थमते ही नेताओं की वाचालता पर विराम लग चुका है और जनता की उंगलियां संकल्पबद्ध मोड में आ चुकी हैं। यह परिदृश्य लोकतंत्र की असली शक्ति को दर्शाता है, जहां केवल शब्दों की गूंज नहीं, बल्कि जनमत की बुलंदी सुनाई दे रही है। जब आम नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग पूर्ण जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ करेंगे, तब राजनीति के मंच से खोखले वादों और छलपूर्ण घोषणाओं का तिलिस्म भी समाप्त हो जाएगा। यह परिवर्तन केवल उम्मीदों की नई रोशनी ही नहीं जलाता, बल्कि जनता के निर्णय को सर्वोच्च बनाने की दिशा में क्रांति की आधारशिला भी रखता है। दिल्ली में चुनाव प्रचार के शोर के थमते ही नेताओं की चुप्पी और जनता की उंगलियों की सशक्त अभिव्यक्ति लोकतंत्र के एक नए युग का संकेत है। अब यह युग वादों और घोषणाओं का नहीं, बल्कि निर्णयों और कृत्यों का है। जब नेताओं के भाषण जनता को संतुष्ट करने में असफल रहे, तब जनता ने अपने मत से लोकतंत्र की वास्तविकता का उद्घोष किया। यही वह शक्ति है जिसे वर्षों तक अनदेखा किया जाता रहा, लेकिन अब यही शक्ति परिवर्तन की गाथा लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केवल 'वादा-बंदी' का युग नहीं है, बल्कि 'जनशक्ति संकल्प' का युग है, जहां हर नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति को अभिव्यक्त कर रहा है।

देश की बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

दिल्ली की सड़कों पर चुनावी प्रचार के दौरान लगे रंगीन पोस्टर अब धुंधले पड़ चुके हैं। ये पोस्टर हवा में लहराते हुए मानो स्वयं से प्रश्न कर रहे हैं। क्या वे फिर किसी दीवार पर चिपकाए जाएंगे, या फिर इतिहास के धूल-धूसरित पन्नों में समा जाएंगे? चुनाव प्रचार के माइक से गूंजने वाली उन्मादी चीखें अब थम चुकी हैं, नारों का शोर भी शांत हो गया है, और नेताओं के ऊंचे मंचों से उठने वाली उंगलियां अब स्थिर हो चुकी हैं। यह कोई संयोग मात्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे निर्णायक घड़ी है जहां अब भाषणों की बौछार नहीं होगी, बल्कि जनता अपने मतों से निर्णय सुनाएगी। नेताओं की अप्रत्याशित चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या यह चुनाव आयोग के निर्देशों का प्रभाव है, या फिर जनता की बढ़ती जागरूकता का संकेत? वे नेता जो कल तक आश्वासनों की गंगा बहा रहे थे, वे आज मौन की गहराइयों में समा गए हैं। लेकिन यह मौन पराजय का प्रतीक नहीं, बल्कि जनसत्ता के जागरण का उद्घोष है।

अब जनता की उंगली केवल मोबाइल स्क्रीन पर स्क्रॉल करने या सोशल मीडिया पर बहस छेड़ने तक सीमित नहीं रहेगी। यह उंगली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर दबने वाली है, जो भविष्य की दिशा को स्पष्ट करेगी। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की एक नई परिभाषा गढ़ने का भी समय है। अब देखना यह है कि परिवर्तन की यह लहर किसी नई सुबह की दस्तक लाएगी या फिर वही पुराने वादों का भार जनता के कंधों पर पुनः लाद दिया जाएगा। लोकतंत्र में जनता की भूमिका अब केवल चुनावी प्रक्रिया में मतदान करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक सजग प्रहरी की भांति सत्ता के हर कदम पर दृष्टि बनाए रखने की है। जनता ने अपने अधिकारों को पहचान लिया है, और अब वह केवल पांच वर्षों में एक बार मतदान कर मौन नहीं रहेगी, बल्कि निरंतर शासन पर निगरानी रखेगी। डिजिटल मीडिया और सूचना क्रांति के इस युग में कोई भी सरकार अब जनता को भ्रमित नहीं कर सकती। लोकतंत्र केवल मतों की गणना नहीं, बल्कि जनता की चेतना का विस्तार है। फैसला जनता के हाथों में है और यही लोकतंत्र की असली ताकत है। अब जनता अपने मताधिकार का उपयोग केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं करेगी, बल्कि एक निर्णायक शक्ति के रूप में करेगी। यही लोकतंत्र की असली विजय है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मधुऋतु में होता रहा, पतझर का आभास।
नज़र नेह को लग गयी, मौसम भरे उसास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना

बच्चों के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज़ भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे भारी निराशा में डूब सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चर्चाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज़्यादा बच्चे नहीं थे लेकिन जो थे, उनका आपस में संवाद बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है। जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की ज़रूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज़्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नज़रअंदाज़ किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं। वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ़ ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है।

आपकी बात



**प्रियंका सौरभ**

इसलिए, संक्षेप में, एक बच्चे की अनदेखी करने से बहुत सारी नकारात्मक भावनाएं, सामाजिक संघर्ष, व्यवहार संबंधी समस्याएं और सीखने की समस्याएं हो सकती हैं। देखभाल करने वालों के लिए बच्चों पर ध्यान देना, उन्हें स्वस्थ रूप से बड़ा होने के लिए आवश्यक समर्थन और संचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। बात करना बहुत ज़रूरी है, साथ ही ज़रूरत पड़ने पर दयालु होना भी ज़रूरी है! जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों; इससे आप दोनों के बीच नज़दीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और ज़रूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें। इस महत्वपूर्ण पेरेंटिंग कौशल पर कुछ बेहतरीन सुझावों के लिए, एडेल फ़ार्बर की किताब "हाउ टू टॉक सो किड्स विल लिसन एंड हाउ टू लिसन सो किड्स विल टॉक" देखें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### पारंपरिक रीति रिवाज से मां सरस्वती को दी गई विदाई

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा को किया गया विसर्जन

*क्लब के सभी सदस्य मां की प्रतिमा को हाथों में उठाए जयकारे लगाते हुए झील घाट पहुंचे*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक और भव्य रूप से मां सरस्वती पूजन उत्सव का आयोजन किया गया। क्लब के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार को प्रेस क्लब भवन परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई। विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन पूरे समर्पण और आस्था के साथ किया गया। भक्तों ने मां सरस्वती से ज्ञान, विवेक और प्रकाश का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। मंगलवार को विशेष हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन की पवित्र अग्नि में आहुति देकर मां सरस्वती से सबके उज्जवल भविष्य और समृद्धि की कामना की गई। पूजन के पश्चात विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्य और पदाधिकारी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शामिल हुए। मां सरस्वती की प्रतिमा को फूल-मालाओं से सुसज्जित कर श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। विसर्जन यात्रा प्रेस क्लब भवन परिसर से झील घाट तक निकाली गई। क्लब के सभी सदस्य मां की प्रतिमा को हाथों में उठाए जयकारे लगाते हुए झील घाट पहुंचे,अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर उत्सव मनाते हुए नजर आए, शंख की ध्वनि से वातावरण अनुकूलित हुआ। पूरे मार्ग में जय मां सरस्वती,अगले बरस तू जल्दी आना जैसे भक्तिमय उद्घोष गूंजते रहे।

### श्री अग्रसेन भारत गैस। ग्रामीण केंद्र का किया उद्घाटन प्रमुख राजकुमार पाठक

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ में रविवार को श्री अग्रसेन भारत गैस ग्रामीण वितरण केंद्र का उदघाटन प्रमुख राजकुमार पाठक, डी एस डब्ल्यू ओ स्नेह कश्यप, शाखा प्रबंधक प्रियंका गौतम ने सयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस दौरान प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि ताराटांड़ काफी ग्रामीण क्षेत्र है ।आस पास के ग्रामीणों को गैस लेने के लिए 20 किलोमीटर गांडेय जाना पड़ता था केंद्र खुलने से लोगों को परेशानियां का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारत गैस कंपनी के एरिया मैनेजर तेजेश्वर राज ने बताया कि लोगों को सुविधा मिले। जिसे देखते हुआ ताराटांड़ में केंद्र खोला गया है। अब घर घर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस टंकी पहुंचाया जाएगा। मौके पर उपस्थित केंद्र संचालक नीतू कुमारी, सुधांशु अग्रवाल, मुखिया यशोदा देवी, जागेश्वर पंडित,राज कुमार तुरी,दीपू अग्रवाल, भोला मंडल, अशोक मंडल, विनोद मंडल, भैरो वर्मा कुलदीप वर्मा, सुरेश मुर्मू, झंडू वर्मा, सहित दर्जनों लोगों मौजूद थे।

# मूर्ति विसर्जन में खूब झूमे बच्चे, नम आंखों से दी गई मां सरस्वती को विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के सरकारी विद्यालय और निजी विद्यालय एवं चौंक चौराहे पर विद्या कि देवी मां सरस्वती की पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया और मंगलवार को ढोल ताशे और डीजे बजाकर मां सरस्वती का जुलूस निकाल कर आस पास के जलाशय में विसर्जन किया गया। वहीं सरकारी विद्यालय और निजी विधालय के बच्चे विसर्जन के दौरान ढोल व डीजे की धुन पर खूब थिरके। साथ ही साथ चौंक चौराहे पर के मूर्ति विसर्जन के दौरान युवाओं का टोली ने नम आंखों से मॉ सरस्वती को विदा किया। मौके पर बरकट्ठा थाना और गोरहर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ विसर्जन के दौरान मौजूद रहे। वहीं पुलिस कर्मी शिलाडीह, गोरहर, बेलकपी, बरकट्ठा दक्षिणी, उतरी, सलैया, बेडोकला, गैंडा के अखाड़ों में घूम घूम कर जायजा लिया और लोगों को शांति पूर्ण तरीके से विसर्जन करने का अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह का हुड़दंग नहीं करें। थाना क्षेत्र में अगर किसी भी तरह का हुड़दंग मचाने का कोशिश किया तो उसके उपर कानुनी कारवाई की जायेगी।

### मोदीबीघा में छापेमारी, आरा मशीन समेत बोटा जब्त

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी वन क्षेत्र के मोदीबीघा में रविवार को वन विभाग की टीम ने तिसरी पुलिस के सहयोग से अवैध रूप से संचालित आरामिल में छापेमारी कर आरा मशीन सहित साल प्रजाति का बोटा जब्त किया है। टीम ने वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस बल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। अपराधियों की पहचान की जा रही है उसके बाद वनवाद दायर किया जाएगा। कार्रवाई के उपरांत वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि वन सम्पदा को क्षति पहुंचाने वाले को बिलकुल बक्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी में प्रभारी वनपाल अभीमीत राज,वन उप परिसर पदाधिकारी रणजीत प्रभाकर, अक्षय सिन्हा, सूर्यकांत कुमार, शशि कुमार, रवीश कुमार, गौतम दास, सुरेश कुमार महतो,सुधीर बेसरा, आलोक मोहन पांडे,विश्वनाथ सिंह, राजेश पंडित, हीरालाल पंडित व अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

### पचंबा में नाली से मिला चार दिनों से लापता व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस



**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र के पेठियाटांड़ में मंगलवार की सुबह नाली में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विकाश उर्फ संजय मल्ला के रूप में हुई, बताया जाता है कि पचंबा थाना इलाके के परसाटॉंड के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, कुछ लोग जब सुबह वहां से गुजर रहे थे, तो उनकी नजर नाली में पड़े शव पर पड़ी। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि परिजनों ने पचंबा थाना में चार दिन पहले व्यक्ति के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। वहीं इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिरनी में भक्तिभाव से मां की प्रतिमा का किया गया विजर्सन



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में देवी माँ का विसर्जन किया। भरकट्टा, बिरनी, चिताखारो, पहरियाडीह, चिरुडीह, सलेडीह, पेशम, खाखीपिपर, गादी, खेदवारा, नगड़ी समेत दर्जनों गांवों में मां की विदाई श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर पहरियाडीह नवयुवक समिति द्वारा सरस्वती पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मंगलवार दोपहर से श्रद्धालुओं ने देवी माँ की पूजा-अर्चना की और रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। देवी माँ की विदाई के समय भक्तों की आंखें नम हो गईं। विसर्जन कार्यक्रम में सुरेश राय, विनोद राय, विजय रजक, मनोज रजक, महेंद्र राय, राजेश राय, प्रकाश राय, इनर्जित सिंह, दिलीप सिंह, नारायण राय, पिंटू रजक समेत सैकड़ों श्रद्धालु और समिति के सदस्य शामिल हुए। बिरनी पुलिस और भरकट्टा ओपी पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रही। सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रखंड पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बोलेरो ने पूजा पंडाल में मारी टक्कर, 4 जख्मी, 2 गंभीर

**गावां।** थाना क्षेत्र के सेरुआ में एक अनियंत्रित बोलेरो ने बिजली पोल में टक्कर मारते हुए सरस्वती पूजा पंडाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में बालक समेत 4 लोग घायल हो गए। जिसमें 2 की स्थिति गंभीर बनीं हुई है। जिसका धनबाद के असर्फी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि सेरुआ निवासी पीयूष कुमार 13 वर्ष पिता विनोद यादव, कुंदन कुमार 18 वर्ष पिता अशोक यादव समेत कुछ अन्य युवकों ने मिलकर सरस्वती पूजा उठाया था। पूजा सम्पन्न होने के बाद कुछ अन्य युवकों के साथ सभी पंडाल के बाहर सो गए। रात करीब 1 बजे एक अनियंत्रित बोलेरो ने बिजली पोल में टक्कर मारते हुए पूजा पंडाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में पंडाल के बाहर सो रहे पीयूष कुमार और कुंदन कुमार समेत 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### हवन पूजन के साथ मां की हुई विदाई

# गुलाल के साथ होली की हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सोमवार को प्रारंभ हुए दो दिवसीय सरस्वती पूजा का मंगलवार को हवन पूजन के साथ समापन हुआ. भक्तों ने श्रद्धाभाव से मां की पूजा कर खिचड़ी भोग अर्पित किया. फिर सामूहिक रूप से खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर मां से आशीर्वाद लिया. देर संध्या होते ही श्रद्धालु मां पूरे भक्ति भाव से मां की प्रतिमा का विसर्जन किया. इस अवसर पर सबों की आंखे नम और मस्तक झुके रहे. सबों ने मन ही मन मां से ज्ञान, बुद्धि और धन सहित शांति का वरदान मांगा.

### जयकारे के साथ सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में मां की हुई विदाई

हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में आचार्य सत्यनारायण पांडेय के सान्निध्य में केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा सहित विद्यार्थियों ने हवन पूजन किया. उसके बाद सबों ने सामूहिक रूप से महाभोग खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया. मौके पर जिप सदस्या प्रीति गुप्ता भी सपरिवार मौजूद रही. उपस्थित लोगो ने मां के चरणों में गुलाल रखकर आशीर्वाद लिया और होली की शुरूआत की. संध्या होते हीं सबों जयकारे के साथ श्रद्धा पूर्वक मां की प्रतिमा का तिलैया डैम में नम आंखों से विसर्जन किया. साथ ही विद्यादाहिनी से से ज्ञान का आशीष मांगते हुए अगले वर्ष फिर हंसी खुशी से मिलने की प्रार्थना किया. इस कार्य में सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब इंस्ट्रक्टर रोहित कुमार दास, भोला राम, एसआरसी ऑपरेटर नूपुर कुमारी, प्रज्ञा केंद्र ऑपरेटर सबिता कुमारी, पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, सोनू कुमार सहित केंद्र की विद्यार्थी साक्षी, अमृता, सोनाली, जुली, खुशी, संस्कृति, शीतल, राहुल आदि छात्र छात्राओं ने महती भूमिका निभाई.

### नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

# 11 सौ महिलाओं ने उठाया कलश, विधायक व पूर्व विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तुइयो मे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ भगवती,हनुमत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाल गई। कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी ,मुख्य पुजारी डॉ० आई पी भारती ने महिलाओं व बालिकाओं को कलश देकर व फीता काटकर किया।कलश यात्रा मे 11 सौ महिला व कुवांरी कन्या शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी में मंत्रो उच्चारण के बाद कलश में जल भर कर पुनः मंदिर परिसर के यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण हुआ। विदित हो कि महायज्ञ 4 फरवरी से लेकर 13 फरवरी तक किया जाएगा। वहीं यज्ञाचार्य प्रकाश पाण्डेय की देख रेख में महायज्ञ प्रारंभ हुआ। मौके पर कांग्रेस नेता डॉ० प्रकाश कुमार, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, उतिम महतो, भाजपा वरिष्ठ नेता समन ठाकुर, छोटीलाल यादव, राजेश प्रसाद, विनोद राम, विजय राणा,सुरेन्द्र राणा, नंदकिशोर प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अनियंत्रित बोलेरो ने पूजा पंडाल में मारी टक्कर, 4 लोग जख्मी, 2 गंभीर

**गावां।** गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ में एक अनियंत्रित बोलेरो ने बिजली पोल में टक्कर मारते हुए सरस्वती पूजा पंडाल को क्षतिग्रस्त कर दिया. घटना में एक बच्चे समेत 4 लोग घायल हो गए. इनमें 2 की स्थिति गंभीर है. गंभीर रूप से घायलों का इलाज धनबाद के असर्फी अस्पताल में चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, सेरुआ निवासी विनोद यादव के पुत्र पीयूष कुमार, अशोक यादव के पुत्र कुंदन कुमार समेत अन्य युवकों ने मिलकर सरस्वती पूजा की थी. पूजा संपन्न होने के बाद सोमवार की रात ये लोग अन्य युवकों के साथ पंडाल के बाहर सो गए. रात करीब 1 बजे एक अनियंत्रित बोलेरो बिजली पोल में टक्कर मारते हुए पूजा पंडाल में घुस गई. घटना में पंडाल के बाहर सो रहे पीयूष कुमार और कुंदन कुमार समेत 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को आननफानन में गावां सीएचसी पहुंचाया, जहां गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया. घटना में बोलेरो वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है.


## कार्यालय जिला परिषद्, खूँटी

**-: अति आवश्यक सूचना :-**

कार्यालय आदेश सं० :– 19/2024–25 दिनांक :– 25.01.2025

इस कार्यालय के आदेश संख्या 17/2024–25 दिनांक–17.01.2025 एवं आदेश संख्या 18/2024–25 दिनांक– 17.01.2025 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति के आलोक में परिसम्पत्तियों के आवंटन हेतु गठित किराया एवं एकरारनामा चयन समिति की बैठक दिनांक 08.02.2025 दिन शनिवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से निर्धारित की जाती है।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० सं० | भवन का नाम/परिसम्पति का नाम | प्रखण्ड का नाम | दुकान/भवन की संख्या | आवेदन निष्पादन का समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मार्केट कॉम्पलेक्स बाजार टांड, खूँटी। | खूँटी | 1,2,3,4 | 11:00 बजे से 03:00 बजे तक | |
| | | | 5,6,7,8 | | |
| | | | 9,10,11,12 | | |
| | | | 13,14,15,16 | | |
| 2 | मार्केट कॉम्पलेक्स, लोधमा, कर्रा प्रखण्ड। | कर्रा | 04 से 10 | | |
| 3 | G+2 Halls (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) | तोरपा, रनियां, मुरहू | – | | |

अतः सभी आवेदकों से अनुरोध है कि उपरोक्त प्रकाशित सारिणी के आलोक में ससमय जिला परिषद, खूँटी के सभागार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 345696 District (24-25)_D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –19/2024–25**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 13.2.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.2.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.2.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying Fitting and Fixing of High Purification Capacity Water Purifier, water Cooler, Geyser at Minister Qtr. No.-E/223 and Overhauling of 2000 LPH Iron and Turbidity Removal filtration plant with multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied work at Residence of Principal Secretary, Hon'ble Governor of Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 969684.00 | 19400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2 | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- A-99, A-100, A-107 of sector-II, AN-178/III, B-2049/II, CD-629/OHC/II and others Jharkhand Vidhan sabha pool quarters, Dhurwa, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1409900.00 | 28200.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3 | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work & all others allied work related to water & sanitary at Quarter Nos. B-1306, Sector-II, B-1294 sector -II , CD-630/OHC/II and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 982858.00 | 19700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4 | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work & all others allied work related to water & sanitary at Quarter Nos. B-2172, Sector-II, B-1216 sector -II , side-IV , AN-280/III and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 746359.00 | 15000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5 | Cleaning of Brick Masonary Sump, PVC Water storage Tank, and some repair work at Judges Bunglows and High court pool Quarter under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 793535.00 | 15900.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 6 | Special repair and improvement of water supply with replacement of submerssible motor & water tank at Gate No.-2,Jharkhand New High court , Dhurwa, Ranchi and allied others works under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 619953.00 | 12400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 7 | Seepage repair and Renovation of 2 Nos Urinal , repairing of drain with provision of cover , and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage work behind cnteen toilet and 300 bed lady barrack and for kela bagan in the campus of central training institute, homegaurd, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 953438.00 | 19100.00 | 1250.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 345731 Drinking Water and Sanitation(24-25).D


### संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

# कार्यकता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं : सुदर्शन भगत

*आज भारत विकास और संस्कृति दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काफी आगे बढ़ रहा है*




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा जिला कार्यालय हाथमरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला चुनाव अधिकारी व प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। संगठन कार्यशाला में बोलते हुए मुख्य वक्ता व संगठनात्मक चुनाव प्रवेक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने उपस्थित कार्यकताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि संगठन महापर्व में हमें प्रदेश द्वारा दिए कार्य को पूरा करना है। आनेवाले समय में हमें क्या क्या कार्य करना है उस पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं। उन्होंने चुनाव अधिकारी और सहयोगी के कार्य के सम्बन्ध में क्या करना है बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार भाजपा संगठनात्मक चुनाव को सम्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से हमें पूरा भरोसा था कि झारखण्ड में हमारी सरकार बनेगी किन्तु निराशा हुई है। चुनाव में हार जीत लगा रहता है। निरन्तर जनसंघ काल से भाजपा के स्थापना के साथ निरन्तर कार्य करते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के नेतृत्व में 2 सीट आने पर आज आपके मनोबल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऊंचाई पर पहुंचे हैं। आम बजट में यहां के लोगों के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य हुआ है। आज भारत विकास और संस्कृति दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काफी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा है बुथ से लेकर जिला तक संगठनात्मक चुनाव को सर्वसहमति से करना है। वहीं सरोज सिंह ने बुथ समिति और मण्डल से जुड़े विषयों को लेकर कहा कि जिस बुथ में 50- 50 प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं कि उस बूथ समिति का चुनाव संपन्न करवाना है।

# जेएलकेएम के संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी ने मां सरस्वती का लिया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो तथा जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने रामगढ़ जिला के मांडु प्रखंड अंतर्गत लइयो पंचायत के विभिन्न सरस्वती पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां सरस्वती से आशीर्वाद लिया। लइयो पंचायत मे पूरे धूमधाम व भक्ति भाव के साथ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के दौरान मां सरस्वती सहित अराध्य देवी देवताओं के गगन भेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर रवि महतो ने कहा हिंदू समाज में माता सरस्वती साहित्य, संगीत, कला तथा विद्या की देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। मां सरस्वती को वीनापुस्तक धारिणी कहा गया है। उनमें भाव, विचार एवं संवेदना का त्रिविध संगम है। जहां वीणा संगीत की वही पुस्तक विचारों की और मयूर वाहन कला की अभिव्यक्ति है। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि ऋतुराज वसंत के आगमन पर सरस्वती की पूजा करने का विधान है। सरस्वती पूजन से विद्या,ज्ञान व विज्ञान की प्राप्ति होती है। वसंत के आगमन के साथ ही हमारे जीवन में नव संचार होता है।लइयो पंचायत में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो की उपस्थिति देखकर क्षेत्र में हर्ष का माहौल था।



# महाकुंभ : 23वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन

## भव्य आयोजन के लिए सरकार को सराहा

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

संगम नगरी प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी में रोजाना लाखों-करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। इसी सिलसिले में महाकुंभ के 23वें दिन भी अधिक संख्या में श्रद्धालु संगम पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने अच्छी व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन की तारीफ की और प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी को भी सराहा। जम्मू की रहने वाली एक महिला श्रद्धालु वनिता सूरी ने बताया कि "महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था है। हम एक दिन पहले से आए हुए हैं और बहुत मजा आ रहा है। जैसे कि लोगों ने डराया हुआ था कि महाकुंभ नहीं जाना है, आते समय हमें डर भी लग रहा था, लेकिन यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा। लेकिन यहां पर सारी व्यवस्था ठीक थी, सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ख्याल रखा गया है। जब हम रात में आए तो आर्मी और पुलिस के लोग भी मौजूद थे। हमने बहुत आराम से स्नान किया। जम्मू से ही आए अमित ने बताया, "महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था थी। पीएम मोदी और सीएम योगी ने लोगों के लिए जो व्यवस्था की है, वो बहुत ही सराहनीय है। सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा गया है। एक अन्य श्रद्धालु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि "महाकुंभ की एक नंबर व्यवस्था है। मैं दो बार महाकुंभ में नहाया। एक बार बसंत पंचमी के दिन रात को 11 बजे और दूसरी बार सुबह चार बजे। महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी थी, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम थे। इस बार पुलिस एक जगह भीड़ जुटने नहीं दे रही है।"मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ को लेकर उन्होंने कहा, "कोई डर का माहौल नहीं है। ये बहुत बड़ा आयोजन है। छोटे-मोटे हादसे के डर में घर में नहीं रह सकते। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से आए अनंता ने भगवान हनुमान का स्वरूप धारण किया हुआ है। वह इस रूप से भक्तों को खास संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि "इस स्वरूप से भक्तों को ये संदेश दे रहे हैं कि सभी हिंदू राष्ट्र के लिए मदद करें, ताकि देश हिंदू राष्ट्र बने।

बता दें कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महाकुंभ में 23वें दिन सुबह 8 बजे तक 20.65 लाख श्रद्धालु आए जबकि 30.65 लाख लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी मौजूद हैं। बता दें कि महाकुंभ में अभी तक 37.54 करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं।

**30.65** लाख लोगों ने 23वें दिन महाकुंभ में स्नान किया

**37.54** करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं महाकुंभ में अभी तक

### अदाणी समूह को सेवा कार्यों पर स्वामी ज्ञानानंद ने दिया साधुवाद

**कहा- सेवा-सद्भाव सनातन की सबसे बड़ी गरिमा**

प्रयागराज में जारी महाकुंभ 2025 में सेवा-सद्भाव को सनातन की विशेष गरिमा बताते हुए महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने अदाणी समूह द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। स्वामी ज्ञानानंद एक शिक्षाविद, दार्शनिक, मार्गदर्शक, लेखक और योगी हैं। उन्होंने नैतिकता, मूल्यों, और गीता पर कई किताबें लिखी हैं और व्याख्यान दिए हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने महाकुंभ में अदाणी ग्रुप द्वारा चलाई जा रही महाप्रसाद सेवा की विशेष तौर पर सराहना की। उन्होंने कहा, "यह महाकुंभ का मंगलमय अवसर है जहां पूरे कुंभ क्षेत्र में सत्संग, कथाओं का अमृतपान हो रहा है। इसके अलावा यज्ञ-अनुष्ठान आदि भी अपनी जगह हो रहे हैं। लेकिन सनातन की सबसे बड़ी गरिमा सेवा-सद्भाव है। यहां सेवा को प्राथमिकता देते हुए स्थान-स्थान पर भंडारों का आयोजन हो रहा है। इस संदर्भ में अदाणी ग्रुप द्वारा किया जा रहा सेवाभाव बहुत



### भूटान नरेश ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी, सीएम योगी रहे मौजूद

**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव भी मौजूद रहे।

#### सभी अतिथियों ने गंगा पूजन भी किया

लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी और भूटान नरेश एक साथ प्रयागराज पहुंचे। हवाई अड्डे से दोनों सड़क मार्ग से संगम तट पहुंचे। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी ने पक्षियों को दाना भी खिलाया। उनका लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट जाने का भी कार्यक्रम है जहां वे दर्शन-पूजन करेंगे। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना। भूटान नरेश ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसला अफजाई की। गौरतलब है कि वसंत पंचमी के मौके पर सोमवार को महाकुंभ में अंतिम अमृत स्नान के मौके पर करोड़ों आस्थावान लोगों ने डुबकी लगाई। अखाड़ों के साथ श्रद्धालुओं का स्नान चलता रहा। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था बहुत व्यापक रही।

### जमुई में बालू लदे वाहन की टक्कर से स्कॉर्पियो सवार तीन लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**जमुई (आईएएनएस)।** बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक स्कॉर्पियो और बालू लदे वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो पर सवार सभी लोग एक तिलक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, नवादा जिले के रोह थाना अंतर्गत कुंज गांव से एक स्कॉर्पियो पर छह लोग सवार होकर लखीसराय जिले के कजरा थाना अंतर्गत अरमा गांव में एक तिलक

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## अमेरिका में रह रहे 7.25 लाख भारतीय अप्रवासियों पर लटकी देश निकाला की ट्रम्पी तलवार

**ब्यूरो**

**इनमें गुजरात, हरियाणा, पंजाब के लोग ज्यादा हैं**

- यह मैक्सिको व अल साल्वाडोर के बाद अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है
- ट्रंप प्रशासन ने शुरुआत में कुल 15 लाख अवैध अप्रवासियों की सूची तैयार की है, इसमें से 18 हजार भारतीय
- मई 2024 तक अमेरिका में लगभग 3,51,000 भारतीय छात्र थे, जिनमें से ज्यादातर विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग व गणित में मास्टर डिग्री के लिए गए
- अक्टूबर, 2022 से सितंबर 2023 के बीच, अमेरिका द्वारा जारी किए गए लगभग 4 लाख एच-1बी वीजा में से 72% भारतीयों को मिले

**नई दिल्ली।** भारत के कुछ नेताओं के अति प्रिय डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका का दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही अवैध रह रहे विदेशियों को अमेरिका से निकालो की जो मुहिम शुरू किये हैं , उसके चपेटे में सबसे ज़्यादा भारतीय आ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बहुत मुखर रहे , और यह करके अमेरिका के कम पढ़े - लिखे व बेरोजगार युवकों तथा दक्षिणपंथी विचारधारा वाले मतदाताओं को लुभाए।सो, चुनाव जीतने के बाद काम संभालते ही अवैध अप्रवासियों को वापस उनके मुल्क भेजने का काम शुरू कर दिए। अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर वहां से एक मिलिट्री जहाज आ रही है। इसके अलावा ग्वाटेमाला, पेरू व होंडुरास के अप्रवासियों को भी उनके देश भेजा जा चुका है। आने वाले दिनों में ट्रंप का यह अभियान और तेज होगा। ऐसे में देखना है कि अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर भारत व अमेरिका के रिश्तों में कोई बदलाव , तनाव होता है या भारत सरकार मौन रहकर वह सब करती रहेगी जो ट्रम्प चाहते हैं। इसका संकेत विदेश मंत्री एस. जयशंकर के इस कहे से मिल चुका है कि अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को वापस लेने के लिए हम तैयार हैं। लेकिन बेहतर ज़िंदगी व ज्यादा कमाई की उम्मीद में अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों में ट्रम्प के इस अभियान से बहुत भय हो गया है। उन्हें हर पल इस बात का डर रहने लगा है कि उन्हें कभी भी वहां की एजेंसियां पकड़ सकती हैं और वापस उनके देश भेज सकती हैं। कहा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय अप्रवासियों की संख्या 7.25 लाख हो गई है। यह मैक्सिको व अल साल्वाडोर के बाद अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे अप्रवासियों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी है।

माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 तक, अमेरिका में अनुमानित 11 मिलियन अवैध अप्रवासियों में से लगभग 5,53,000 (5%) भारत से थे। ट्रंप के प्रशासन ने शुरुआत में कुल 15 लाख अवैध अप्रवासियों की लिस्ट तैयार की है और इसमें से 18 हजार भारतीय हैं। अमेरिका में अवैध रूप से जाने वाले भारतीयों की संख्या पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ी है। विशेषकर हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में युवा ऐसे हैं जो डंकी रूट के जरिए अमेरिका जाते हैं। डंकी रूट का रास्ता ऐसे लोग अपनाते हैं जो अच्छी एजुकेशन ना होने, अच्छी इंग्लिश ना बोल पाने के कारण या और भी कई वजहों से अमेरिका का वीजा हासिल नहीं कर पाते। इसके लिए वह बहुत बड़ा रिस्क भी लेते हैं लेकिन फिर भी वह अमेरिका जाना चाहते हैं क्योंकि ऐसे लोगों का अमेरिका आने का उद्देश्य ज्यादा पैसे कमाकर अपने घर भेजना होता है। ऐसे लोगों का सपना होता है कि वे किसी भी तरह अमेरिका के नागरिक बन जाएं यानी वहां की नागरिकता पा जाएँ। गुजरात, पंजाब व हरियाणा में ऐसे कई युवाओं की कहानी सामने आ चुकी है जो डंकी रूट के जरिए अपने पसंदीदा देश पहुंचने के चक्कर में लाखों रुपए गंवाने के साथ ही जान भी गंवा चुके हैं। भारत सरकार ने इस मामले में सहयोग करने वाला रुख दिखाया है और उसे ऐसी उम्मीद है कि अमेरिका भी भारतीय नागरिकों को अमेरिका में रहने के लिए एच-1बी वीजा या स्टूडेंट वीजा के मामले में बेहतर रुख अपनाएगा। अमेरिकी मीडिया में आई रिपोर्ट्स से पता चलता है कि आईसीई के अफसरों को अवैध अप्रवासियों को पकड़ने के लिए रोजाना टारगेट दिया गया है और इस वजह से अवैध अप्रवासियों में इस बात का डर पैदा हो गया है कि कहीं उन्हें उनके ऑफिस या फिर घर से हिरासत में ना ले लिया जाए। बड़ी संख्या में लोग ऐसे भी हैं जो डरकर और चुपचाप रहने को मजबूर हैं। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता उन छात्रों और प्रोफेशनल्स को लेकर है, जो अमेरिका में पढ़ाई और काम करने जाते हैं। मई 2024 तक, अमेरिका में लगभग 3,51,000 भारतीय छात्र थे, जिनमें से ज्यादातर मास्टर डिग्री के लिए विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग व गणित में पढ़ाई कर रहे थे। अक्टूबर, 2022 से सितंबर 2023 के बीच, अमेरिका द्वारा जारी किए गए लगभग 4 लाख एच-1बी वीजा में से 72% भारतीयों को मिले। इसी दौरान अमेरिका में भारत की चार बड़ी आईटी कंपनियों- इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल और विप्रो को लगभग 20,000 कर्मचारियों के लिए ए-1 बी वीजा की मंजूरी मिली।अमेरिका में रह रहे भारतीयों के लिहाज से एक बात अहम है कि छात्र (एफ श्रेणी) और स्किल्ड प्रोफेशनल्स (एच-1बी) दोनों ही अमेरिका की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान देते हैं। भारत की ओर से इस बात को अमेरिका के सामने रखा गया है।वैसे तो डोनाल्ड ट्रंप व उनके एस मैन उद्योगपति मस्क ए-1 बी वीजा कार्यक्रम का समर्थन कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद पिछले साल दिसंबर में उन्होंने कहा था कि वे एच-1 बी के पैरोकार हैं और वीजा के पक्ष में रहे हैं। इसके बाद जनवरी में भी उन्होंने कहा था कि अमेरिका को "बेहद योग्य" और "महान" लोगों की जरूरत है, और वीजा कार्यक्रम के जरिये ही हमें ऐसे लोग मिलते हैं।पीएम नरेन्द्र दामोदर दास मूलचंद मोदी 12 फरवरी से दो दिन के लिए अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। देखिए उस दौरान ट्रम्प से इस बारे में उनकी बात होती है या नहीं ?

### एमपी : इंदौर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर (आईएएनएस)**



मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर के दो निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को घर भेज कर स्कूल खाली करा दिए। पुलिस ने भी दोनों स्कूल परिसरों की जांच की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के दो प्रमुख स्कूलों एनडीपीएस स्कूल और आईपीएस स्कूल के प्रबंधनों को धमकी भरा ईमेल आया, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। इस मेल के आधार पर एनडीपीए स्कूल प्रबंधन ने राजेंद्र नगर और आईपीएस स्कूल प्रबंधन ने तेजाजी नगर थाने की पुलिस को सूचना दी। परिजनों को फोन कर बच्चों को वापस ले जाने का भी संदेश भेजा गया। स्कूल प्रबंधन ने स्कूल को पूरी तरह खाली कराया और इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया।

तेजाजी नगर थाने के प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया है कि एनडीपीएस स्कूल के प्राचार्य ने सूचना दी थी कि उन्हें एक धमकी भरा ईमेल आया है, इस सूचना के आधार पर पुलिस दल भेज कर पूरे परिसर की जांच की गई। बसों की भी जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### सरकारी व अर्द्धसरकारी दफ्तरों में अब मराठी बोलना अनिवार्य

**केंद्र के कार्यालयों में मराठी बोर्ड लगाना**

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की देवेन्द्र फडणवीस सरकार ने मराठी भाषा का सख्ती से पालन कराने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। राज्य में यदि कोई किसी काम से सरकारी या अर्ध सरकारी कार्यालय में जाता है तो उन्हें मराठी भाषा में ही बात करनी होगी। मराठी भाषा नीति की सिफारिशों पर क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने अब सभी सरकारी और अर्धसरकारी कार्यालयों में मराठी बोलना अनिवार्य कर दिया है। मराठी भाषा का उपयोग करने से इनकार करने वालों अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों और बैंकों को मराठी भाषा में ही साइन बोर्ड लगाने होंगे। सोमवार को नियोजन विभाग ने इस संबंध में एक शासनादेश (जीआर) जारी किया है। शासनादेश के अनुसार सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालयों, स्थानीय स्वशासन निकायों, मंडी और सरकारी सहायता प्राप्त कार्यालयों के लिए आगंतुकों (राज्य के बाहर से आने वाले गैर मराठी लोगों को छोड़कर) से मराठी में संवाद करना अनिवार्य होगा।

## महाकुंभ से विदा होने लगे नागा सन्यासी पहुंचेंगे काशी

**संवाददाता**

- **नए बने नागाओं को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में मिलेगा प्रमाण पत्र**
- **2 वर्ष बाद हरिद्वार अर्धकुंभ में मिलने का वादा**
- **वैष्णव परंपरा के संत अभी त्रिजटा स्नान तक रहेंगे**

**प्रयागराज।** अंतिम अमृत स्नान पूरा होने के साथ ही अखाड़ों में विदाई की तैयारी होने लगी। अब छावनी में कढ़ी पकौड़ी की परंपरागत पंगत के बाद सभी साधु-सन्यासी -महात्मा एक दूसरे से विदा लेकर काशी रवाना हो जाएंगे। अचला सप्तमी के बाद अलग-अलग अखाड़ों में कढ़ी पकौड़ी होगी। सबसे पहले शैव अखाड़े के संन्यासी विदाई लेंगे। उसके बाद अनी एवं उदासीन अखाड़ों के साधु-संत विदा होंगे। हालांकि, अखाड़ों की धर्म ध्वजा महाशिवरात्रि के बाद ही छावनी से उतारी जाएगी। अब सभी अखाड़ों की अगली मुलाकात दो साल बाद हरिद्वार अर्धकुंभ में होगी। सोमवार को तीसरे स्नान के बाद से नागा संन्यासियों ने अपना समान एकत्र करना शुरू कर दिया। निरंजनी, महानिर्वाणी एवं जूना अखाड़े के बाहरी पटरी पर बीते 22 दिनों से धूनी रमाए नागा संन्यासी अपना सामान समेटने लगे। धूनी के साथ जमीन पर गड़ा चिमटा उखाड़कर उसे कपड़े से बांध लिया। त्रिशूल एवं तलवार भी बक्से में रख ली।

निरंजनी अखाड़ा के नागा संन्यासी महेंद्र पुरी का कहना है कि कढ़ी-पकौड़ी के बाद धूनी भी ठंडी कर देंगे। बीते लगभग एक माह से श्रद्धालुओं को आशीष बांट रहे नागा संन्यासी अब यहां से जाने के लिए ट्रक, ट्रैक्टर एवं वाहनों के बंदोबस्त में जुटे हैं। उनका कहना है कि अचला सप्तमी तक ज़्यादातर सन्यासी यहां से चले जाएंगे। अनी अखाड़े के सन्यासी धूना तपस्या पूरी करने के साथ ही त्रिजटा स्नान तक यहां ठहरेंगे। इसके बाद वह भी यहां से रवाना हो जाएंगे। जिन नागाओं की दीक्षा कुंभ नगरी में हुई है, उनको अखाड़ों का प्रमाण पत्र काशी से मिलेगा। इसके साथ ही नए बने महामंडलेश्वर, महंत समेत रमता पंच के सदस्यों को भी मोहर छाप काशी से ही नई बनवानी पड़ेगी। महाकुंभ के साथ ही उनके पुराने सभी प्रमाण पत्र भी रद हो जाते हैं। वैष्णव परंपरा के संत यहां त्रिजटा स्नान तक ठहरेंगे। श्रीकृष्ण मंगल सनातन विचार मंच के डा. विश्वनाथ निगम का कहना है कि माह भर तक स्नान न कर पाने वालों के लिए त्रिजटा स्नान विशेष फलदायी होता है। फाल्गुन मास की तृतीया तिथि पर त्रिजटा स्नान का मुहूर्त माना जाता है। तमाम वैष्णव संत भी इस स्नान के लिए खास तौर से प्रयाग आते हैं। इस वर्ष महाकुंभ होने की वजह से वह यहां रहकर ही त्रिजटा स्नान करेंगे। इसके बाद ही उनकी यहां से रवानगी होगी हालांकि मेले का औपचारिक समापन शिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के बाद होगा।तब तक तमाम सन्यासी, महात्मा व श्रद्धालु रोज़ संगम स्नान , जप , ध्यान , दर्शन -पूजन के लिए भक्ति भाव से रहेंगे।

# रेलवे फाटक बंद करने का विरोध, डीआरएम ने लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के श्री बंशीधर नगर में विधायक अनंत प्रताप देव और पब्लिक के विरोध को देखते हुए रेल प्रशासन को श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मेन रोड पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के पश्चिम में स्थित रेलवे गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने के लिए गए निर्णय से पीछे हटना पड़ा। डीआरएम ने तत्काल रेलवे फाटक बंद नहीं करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार रेलवे के आईडब्ल्यू सत्यनारायण यादव जेसीबी मशीन व तकनीकी टीम के साथ गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने नगर ऊंटारी पहुंचे थे। गेट बंद किए जाने और आधा अधूरा तालाबनुमा एलएचएस चालू करने की भनक मिलते ही गेट पर पब्लिक जुट गई। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता जमा हो गए और गेट को बंद किए जाने का विरोध करने लगे। उधर डीआरएम के निर्देश के आलोक में एईएन रेणुकूट ने आईडब्लू को गेट बंद नहीं करने का निर्देश दिया।

जिसके बाद आईडब्लू ने गेट को बंद किए जाने संबंधित काम को बंद कर दिया है। विधायक की पहल के बाद गेट से आवागमन जारी रहने पर वहां उपस्थित स्थानीय लोगों ने विधायक की जमकर तारीफ की।



## विधायक ने गेट नहीं बंद करने की डीआरएम से की अपील

वहीं लोगों ने स्थानीय विधायक को गेट बंद होने और तालाबनुमा एलएचएस में आवागमन के दौरान पब्लिक को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। विधायक अनंत प्रताप देव भी गेट पर पहुंचे और उन्होंने आईडब्ल्यू से एलएचएस में जलजमाव के कारण आवागमन खासकर पैदल यात्रियों को होने वाली परेशानियों के विषय में पूछा। आईडब्ल्यू से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विधायक ने डीआरएम धनबाद से फोन पर बात की। विधायक ने डीआरएम से कहा कि अंडरपास में दो से तीन फीट पानी लगा हुआ है। ऐसे में उसमें लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## डीआरएम ने तत्काल गेट बंद नहीं करने का दिया निर्देश

रेलवे अंडर पास से चार चक्का और बाइक का तो आवागमन हो जाएगा, लेकिन पैदल चलने वाले लोगों को काफी कठिनाई होगी। ऐसी स्थिति में रेलवे फाटक को बंद करना अव्यावहारिक है। विधायक ने डीआरएम से एलएचएस का निर्माण कार्य पूर्ण होने और आवागमन सुलभ होने की फुलप्रूफ व्यवस्था होने के बाद ही गेट को बंद करने को कहा है। डीआरएम ने विधायक को सकारात्मक जवाब दिया और गेट को चालू रखने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया।

## न्यूज बॉक्स

### चंदवा में दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर, दो की मौत, दो अन्य लोग घायल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित लाधूप-सेन्हा के समीप मंगलवार की अहले सुबह दो ट्रकों के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक के चालक और दूसरे ट्रक के खलासी की मौत हो गई। जबकि ट्रक पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान लातेहार थाना क्षेत्र के धनकरा गांव निवासी राजू उरांव पिता राजगीर उंराव और कन्नौज (यूपी)निवासी ट्रक का खलासी अंकोल कुमार पिता जयवीर सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायलों में भोला उरांव पिता श्यामलाल उंराव लातेहार व सुनील कुमार पिता अंगद सिंह कन्नौज का नाम शामिल है। स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना चंदवा पुलिस को दी जिसके बाद चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुँचाया जहां दोनो घायलों का इलाज किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमशेदपुर से सीमेंट लेकर ट्रक जेएच 19 बी 9340 लातेहार की ओर आ रही थी वहीं दूसरी ट्रक सीजी 13 एई 7023 दिल्ली से उड़ीसा जा रही थी। इसी बीच चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप सेन्हा के पास दोनों ट्रकों में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गये और चालक उपचालक ट्रक में ही फंस गये थे। इस दौरान सड़क की दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। चंदवा पुलिस के द्वारा जेसीबी के माध्यम से ट्रक में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया व घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से चंदवा अस्पताल भेज सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया।

### धूमधाम से मां सरस्वती प्रतिमा विसर्जन



**खरौंधी (गढ़वा)।** में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस प्रशासन सक्रिय रूप से नजर आया और विसर्जन को लेकर प्रशासन की गाइडलाइनों का सख्ती से पालन किया गया।मध्य विद्यालय बजरमरवा सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, सुंडी, कोशलीबार, सिसरी, अरंगी, कूपा, चंदनी, करिवाडीह, राजी, चंदनी, उच्च विद्यालय खरौंधी सहित शिव मंदिर उपरलाटोला पूजा समिति के द्वारा स्थापित माता की प्रतिमा को धूमधाम से विसर्जित किया गया। मंगलवार को हवन और पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं ने माता को भोग अर्पित किया और प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद श्रद्धालुओं की टोली अबीर-गुलाल उड़ाते हुए प्रतिमा विसर्जन के लिए निकली। इस मौके पर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। वे पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। पूजा समितियों ने प्रशासन के गाइडलाइनों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन किया। प्रशासन ने पहले ही डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बिना डीजे के भी युवा थिरकते नजर आए।श्रद्धालु मां शारदे की प्रतिमा वाहनों में लेकर गांव के तालाब और नदी तक पहुंचे और विधिपूर्वक विसर्जन किया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में मां सरस्वती की पूजा और विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### कैंसर को हराने के लिए अरली डिटेक्शन जरूरी : सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र कुमार



**पलामू (हि.स.)।** विश्व कैंसर दिवस पर एमआरएमसीएच पलामू में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कैंसर को हराना है, हारना नहीं, सभी को समझाना है, घबराना नहीं कार्यक्रम के तहत उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहिया को पूरी जानकारी दी गयी। गांव गांव लोगों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमआरएमसीएच के सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित थे। उनके अलावा डा. आरके रंजन, डा. एसके रवि, डा. मनीषा तिर्की, डा. विजेता खलखो एवं हॉस्पिटल इंचार्ज सुमित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र ने कहा कि कैंसर लाइलाज बीमारी है और इससे निपटने का एक ही तरीका है अरली डिटेक्शन। कैंसर तीन तरह के होते हैं। ओरल, ब्रेस्ट और सरभिक्स। ओरल कैंसर तंबाकू एवं गुटखा खाने से होता है। इसी तरह 40 से अधिक उम्र की महिलाओं को अनियमित रक्तस्त्राव होने पर सरभिक्स कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए तुरंत जांच और फिर इलाज कराना चाहिए। ब्रेस्ट में गांठ बनने के कारण कैंसर होता है। ऐसी स्थिति बनने पर महिलाओं को तुरंत जांच करानी चाहिए। अप्रैल से यहां जांच शुरू हो रही है। संबंधित परेशानी वाले लोग इलाज करवा सकते हैं। तीनों कैंसर के लक्षण भी नजर आते हैं। लक्षण को देखकर फर्स्ट स्टेज से इलाज शुरू कराने से काफी हद तक कैंसर से बचा जा सकता है। पहचान होने के बाद डायग्नोस्टिक जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहिया को हिदायत दी कि वे यहां से मिली जानकारी को गांव गांव तक फैलाएं और कैंसर से लड़ने में लोगों की मदद करें। अन्य डाक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भी तीनों कैंसर के बारे में जानकारी दी और जागरूकता पर बल दिया।

## मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

# अफीम की खरीद बिक्री करने वाले पर करें कार्रवाई : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु एनसीओआरडी समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में अफीम की खेती के विरुद्ध थाना स्तर व अंचल स्तर पर की गई कार्रवाई की थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी से जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अफीम की खरीद बिक्री करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें।





जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने हेतु सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर सतत निगरानी रखने एवं ऐसी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करने हेतु निर्देशित किया।

आगे उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के लिए ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों आदि का सेवन बहुत ज्यादा घातक होता है। जिले में ड्रग्स की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अजय कच्छप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद के चर्चित बराही धाम में भव्य भंडारे का आयोजन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्र के चर्चित व सुप्रसिद्ध बराही धाम परिसर में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसके साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। मालूम हो कि सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। पूजा अर्चना के बाद शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा सैकडों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर सदस्यों ने कहा कि मंगलवार को की जाने वाली हनुमानजी पूजा व प्रसाद ग्रहण से भक्तों को मनचाहा फल मिलता है और रोग-दोष से मुक्ति मिलती है। आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में बजरंगबली की पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास है कि श्रद्धालुओं व प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से बराही धाम धार्मिक दृष्टिकोण के साथ-साथ पर्यटन स्थल के क्षेत्र में अग्रणी हो।

## झारखंड कला जात्रा सोहराय आर्ट फेस्टिवल सीजन 2 का होगा शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** कलाकृति आर्ट फाउंडेशन, कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स, लातेहार टूरिज्म,नेचुरल एंड ह्यूमन रिसोर्स वेलफेयर फाउंडेशन , सोहराय आर्ट झारखंड.कॉम, झूमर रिसॉर्ट एवं लेक व्यू रिसॉर्ट के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय चित्रकला शिविर का आयोजन नेतरहाट की धरती पर किया जा रहा है 2025 को किया जा रहा है।

इस शिविर का उद्देश्य झारखंड की पारंपरिक सोहराय चित्रकला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना है। नेतरहाट के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर लाइव चित्रकारी प्रदर्शन किया जाएगा, जहाँ देश-विदेश से आए पर्यटक झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो सकेंगे।

इस शिविर में देश के जाने-माने रांची के चित्रकार धनंजय कुमार, रजनी, हर्षिता, अर्चना, जया ,शिखा, प्रेम शंकर मरांडी, सुरुचि, रिचा, रिद्धि, विवान एवं अन्य कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं ।







कार्यक्रम के आयोजक धनंजय कुमार ने बताया कि कार्यशाला के पहले दिन आज पाइन फॉरेस्ट में कलाकार अपनी प्रतिभा को दिख रहे हैं और चल साथ ही साथ सनसेट पॉइंट सनराइज पॉइंट शैले हाउस एवं अन्य जगहों पर भी अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे।

लातेहार टूरिज्म के प्रोपराइटर गोविंद पाठक जी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, साथ ही झारखंड की कला और संस्कृति को नई पहचान मिलती है। साथ ही, इस आयोजन से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का समापन कल 4:00 बजे सनसेट पॉइंट पर किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नेतरहाट थाना के थाना प्रभारी नेतरहाट पंचायत के मुखिया एवं अन्य लोगों पर स्थित रहेंगे।

## मनरेगा मजदूरों को नहीं मिल रहा काम, पलायन

# केतार में जॉब कार्डधारी मजदूर 14 हजार, काम सिर्फ 1625 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा)योजना चला रही है। लेकिन यह योजना केतार प्रखंड क्षेत्र में विफल साबित हो रही है। इस कारण इलाके से मजदूरों का पलायन उनकी नियति बन गयी है। मनरेगा में काम नहीं मिलने से प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर रूख कर रहे है। प्रखंड में फिलहाल आम बागवानी और तालाब योजना को छोड़कर पिछले डेढ़ वर्ष से कोई नया योजना संचालित नहीं हो रहा है। इस कारण बेरोजगारी और बढ़ गई है। ज्ञात हो कि मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों को उनके ग्राम





पंचायत में ही 100 दिनों का रोजगार दिलाया जाना है लेकिन अधिकांश मजदूर को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड में फिलहाल जॉब कार्ड धारी मजदूरों की संख्या लगभग 14000 है।

लेकिन प्रखंड में फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में सिर्फ 1625 मजदूरों को ही काम मिल पाया है। इनमें बलिगढ़ पंचायत में 384, केतार पंचायत में 168, लोहरगाडा. 103, मुकुन्दपुर में 372, पाचाडुमर में 303, परसोडीह में 99, परती कुशवानी पंचायत में 196 मजदूरों को काम मिला है। मनरेगा में लगातार काम नहीं मिलने और बढती कमिशनखोरी से मजदूरों का मोह अब भंग होने लगा है। कई मजदूरों ने बताया कि समय पर सामग्री आधारित योजनाओं का भुगतान नहीं होने से योजनाएं लंबित है और समय पर मजदूरी भुगतान नहीं होने से भी मजदूरों का मोह भंग हो गया है। जबकि जांच के नाम पर भी शोषण करने का मामला लगातार आते रहता है। मजदुर टीसीबी, मेडबंधी जैसी छोटी योजना शुरू कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। मेडबंदी का कोडिंग भी हुआ है लेकिन योजना शुरू नहीं हो रहा है।

मजदूरों ने बताया कि योजना जांच के नाम पर अधिकारियों द्वारा समय-समय शोषण भी किया जाता रहता है। इस संबंध में बीपीओ निरज कुमार पाल ने कहा की 10 फरवरी तक पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कराया जा रहा है। इसमें मजदुर काम की मांग कर सकते हैं। उन्हें दीदीबाड़ी और मेडबंधी जैसी योजनाएं शुरू कराकर रोजगार दिया जायेगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा की निबंधित मजदूरों की संख्या कितनी है इसकी वो जांच करेंगे। इसके पश्चात मजदूरों को रोजगार से जोड़ा जायेगा।

## पेज एक के शेष

### अधिकार के लिए...

और इससे भी बात नही बनी तो यहां का कोयला खदान बंद कर दिया जाएगा। वहीं कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल गए थे, तब वो हेमंत सोरेन थे, लेकिन जब वह जेल से बाहर आए तो वह गुरुजी बनकर बाहर निकले। उन्होंने कहा कि महिला अब झारखंड में अंबला नहीं है, क्योंकि महिलाओं के पास महिला सम्मान योजना है। मंईयां सम्मान योजना महिलाओं की जीत है।

### टोल प्लाजा का...

दुर्घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। टोल प्लाजा के सभी कर्मचारी भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने टोल प्लाज में जमकर तोड़फोड़ की। लोगों के गुस्से को देखते हुए नगड़ी और इटकी पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है।

**लोगों ने सड़क को कर दिया जाम :** इससे पहले, दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों ने एनएच को जाम कर दिया। मलार पुल के पास लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। इसमें इटकी के बीडीओ-सीओ की गाड़ी को भी आगे नहीं जाने दिया गया। शाम को 7:30 बजे जनप्रतिनिधियों और पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद लोगों ने सड़क खाली कर दी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी को घटनास्थल पर बुलाया गया है।

### जमीन फर्जीवाड़े में...

मामले में आरोप गठन पर सुनवाई के दौरान आरोपियों ने अपने आप को निर्दोष बताया। कहा कि आगे मामले में ट्रायल फेस करेंगे। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की प्रक्रिया पूरी की। जानकारी हो कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में भी आरोपी हैं। इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में है। चेशायर होम मामले में भी जेल में हैं। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। लेकिन दूसरे मामले में जेल में रहने के कारण बेल नहीं ली है।

### जो गरीबों की...

इतने लाख के घोटाले, 10 साल हो गए ये घोटाले न होने से भी लाखों करोड़ रुपए बचे हैं। जो जनता की सेवा में लगे। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले ऐसे बम गोले फेंके गए, बंदूक की ऐसी गोलियां चलाई गई कि देशवासियों का जीवन छलनी कर दिया गया। हमने धीरे-धीरे उन घावों को भरते-भरते आगे बढ़े। 2 लाख रुपये 2013-14 में उस पर इनकम टैक्स माफी थी और आज 12 लाख रुपये संपूर्ण रूप से इनकम टैक्स से मुक्ति। हमने बीचे के काल खंड में 14 में 17 में 19 में 23 में भी हम लगातार ये करते आए। घाव भरते गए और आज बैंडेज बाकी था वो भी कर लिया। स्टैंडर्ड डिडक्शन उसमें अगर 75 हजार जोड़ दें तो पहली अप्रैल के बाद देश में सैलरीड क्लास है उनके पौने 13 लाख रुपये तक कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो गेमिंग का महत्व क्या होता है इसके लिए भी प्रयास करने वाले लोग में हैं। हमने युवाओं को कहा कि दुनिया का गेमिंग का कैपिटल भारत क्यों न बने। कुछ लोगों को एआई की बात होती है तो फैशन में है तो बोलते हैं। मेरे लिए एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दूसरा एआई एस्पिरेशनल इंडिया है। भारत वो देश है जिसके इंडिया एआई मिशन को लेकर पूरी दुनिया बहुत आशावादी है और विश्क के एआई प्लेटफार्म में भारत की मौजूदगी एक बहुत अहम स्थान प्राप्त कर चुकी है।पीएम मोदी ने कहा- 2014 में जब आए तब मान्य विपक्ष नहीं था। उतने अंक भी लेकर कोई नहीं आया था, अनेक कानून ऐसे थे हमें पूरी स्वतंत्रता थी। हमारा संविधान को मानने का चरित्र था, हमने तय किया कि भले विपक्ष नहीं होगा, लेकिन जो सबसे बड़े दल का नेता है, उसे मीटिंग में बुलाएंगे। ये लोकतंत्र की आत्मा होती है, तब होता है।पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि- प्रदूषण को कम करने की दिशा में भी हमारी सरकार ने कई पहल किए हैं। 12 हजार इलेक्ट्रिक बस हमने देशभर में दिए हैं और दिल्ली को भी दिया है, आज बड़े शहरों में गिग इकोनॉमी डेवलप हो रहा है, लाखों युवा जुड़ रहे हैं। हमने बजट में कहा है कि ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर रजिस्ट्रेशन कराएं और आईडी कार्ड मिले, आयुष्मान योजना का भी लाभ दिया जाएगा। अनुमान है कि आज देश में एक करोड़ गीग वर्कर हैं। हम उस दिशा में भी काम कर रहे हैं। एमएसएमई सेक्टर बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर लेकर आता है। ये छोटे उद्योग आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक हैं, देश की अर्थव्यवस्था में ये सेक्टर बहुत बड़ा योगदान दे रहा है। हमारी नीति साफ है, इस क्षेत्र को सहूलियत, सहायता और संबल पर फोकस है। पूरे इकोसिस्टम को बल देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। कई पहलुओं पर काम शुरू किया है, 2006 में मानदंड बनाया गया था और सुधार नहीं किया गया था, हमने दो बार सुधार का प्रयास किया और अब बड़ी छलांग लगाई है। हर तरफ उनको आर्थिक सहायता दी जा रही है। एमएसएमई के सामने चुनौती फॉर्मल फाइनेंशियल रिसोर्सेज की रही है। पीएम ने आगे कहा- पीएम किसान सम्मान निधि से साढ़े तीन लाख करोड़ किसान के खाते में पहुंचे हैं, बीते दशक में तीन गुना अधिक खरीदी की है, किसान को ऋण में भी तीन गुना वृद्धि की गई है। आपदा में किसान को उसके हाल पर छोड़ दिया जाता था, किसानों को पौने दो लाख करोड़ रुपये मिले हैं, सिंचाई के लिए कदम उठाए गए हैं, संविधान की बात करने वालों को ज्यादा ज्ञान नहीं है। पानी को लेकर बाबा साहब का विजन इतना क्लियर था कि आज भी हम लोगों को प्रेरणा देता है, सौ से अधिक दशकों से लटकी सिंचाई परियोजनाएं पूरा करने का अभियान चलाया। नदियों को जोड़ने की वकालत अंबेडकर ने की, लेकिन दशकों तक कुछ नहीं हुआ। आज हमने केन-बेतवा लिंक समेत कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया।

### लातेहार में जेजेएमपी...

के बाद जेजेएमपी के नक्सली चंदन साव और पप्पू साव ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की योजना बनाई। थाना प्रभारी धीरज कुमार और सीआरपीएफ के अधिकारियों से संपर्क साधकर दोनों नक्सलियों के परिजनों ने उनके आत्मसमर्पण की बात कही। थाना प्रभारी और सीआरपीएफ के अधिकारियों ने दोनों नक्सलियों को आत्मसमर्पण नीति के लाभ की जानकारी दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मंगलवार को दोनों नक्सलियों ने लातेहार एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

### पटरी से उतरे...

सायरन के माध्यम से स्थानीय रेल अधिकारियों को दी गयी। इसकी सूचना मिलते ही चक्रधरपुर रेल मंडल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक को दुरुस्त कराने में जुटे हैं। मालगाड़ी बेपटरी होने की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी से लेकर आरपीएफ और अन्य कर्मी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं और डिरेल हुई मालगाड़ी के डिब्बों को हटाकर ट्रैक को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। बेपटरी हुई मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है।

### क्या असम सरकार...

निर्वासित करने का निर्देश दिया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों के विदेशी होने की पुष्टि होते ही उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि आपने यह कहकर निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने से इनकार कर दिया कि उनके पता नहीं हैं। यह हमारी चिंता क्यों होनी चाहिए? आप उन्हें उनके देश भेज दें। क्या आप किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं? बेंच ने असम सरकार की ओर से पेश वकील से कहा कि जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना पड़ता है। आप उन्हें अनंतकाल तक निरुद्ध केंद्र में नहीं रख सकते। संविधान का अनुच्छेद 21 मौजूद है। असम में विदेशियों के लिए कई निरुद्ध केंद्र हैं। आपने कितने लोगों को निर्वासित किया है? सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को निर्देश दिया कि वह निरुद्ध केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को दो सप्ताह के भीतर निर्वासित करना शुरू करे और अनुपालन हलफनामा दाखिल करे। पीठ ने असम में विदेशी घोषित किए गए लोगों के निर्वासन और निरुद्ध केंद्रों में सुविधाओं से संबंधित याचिका पर सुनवाई की।

# यूएनजीए अध्यक्ष आज से भारत दौरे पर, राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष फिलेमोन यांग 4 फरवरी से 8 फरवरी तक भारत के दौरे पर रहेंगे। वह भारत सरकार के निमंत्रण पर यहां आ रहे हैं। उनकी भारत यात्रा से उम्मीद है कि यह संयुक्त राष्ट्र और भारत के बीच सहयोग को मजबूत करेगी और गंभीर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।

यांग की यात्रा का उद्देश्य भारत और अन्य देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करना और अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और 'भविष्य के लिए समझौते (पैक्ट फॉर द फ्यूचर)' जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना है। यांग का नई दिल्ली और बेंगलुरु का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, यांग उच्च स्तर की चर्चा में हिस्सा लेंगे, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकें शामिल होंगी।



उनके कार्यक्रम में भारत में यूएन कंट्री टीम के साथ बातचीत भी शामिल है, जिसकी अगुवाई यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प कर रहे हैं।

राजनयिक व्यस्तताओं के अलावा, राष्ट्रपति यांग उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करेंगे। बेंगलुरु में वे इंफोसिस परिसर और भारतीय विज्ञान संस्थान जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ-साथ दोनों शहरों के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करेंगे। भारत यात्रा से पहले राष्ट्रपति यांग ने 31 जनवरी से 4 फरवरी तक जापान का आधिकारिक दौरा किया। टोक्यो में उन्होंने जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा, विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और जेआईसीए के अध्यक्ष अकिहिको तनाका से मुलाकात की। उन्होंने हिरोशिमा परमाणु बमबारी के पीड़ितों को समर्पित समाधि स्थल पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कैमरून गणराज्य में जन्मे फिलेमोन यांग पहले देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। जून 2024 में उन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। उनका कार्यकाल सितंबर 2024 से शुरू होकर सितंबर 2025 तक रहेगा।

# ट्रम्प ने मैक्सिको व कनाडा पर लगाए गए टैरिफ को 30 दिनों के लिए टाला



**एजेंसी। वॉशिंगटन**

मैक्सिको के बाद अमेरिका ने कनाडा पर भी टैरिफ लगाने के फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। यह निर्णय तब लिया गया जब दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने पर सहमति जताई। ट्रम्प ने दो दिनों पहले मैक्सिको और कनाडा पर 25-25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

इस फैसले के करीब 24 घंटे बाद ही ट्रम्प ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद टैरिफ को एक महीने के लिए टालने पर सहमति जता दी। चीन से आयात पर लगाए गए टैरिफ फिलहाल जारी रहेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि कनाडा सीमा के जरिये अमेरिका में आने वाली फेंटानिल जैसी अवैध ड्रग्स रोकने के लिए कदम उठाने के बाद टैरिफ 30 दिनों तक रोकने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने ट्रम्प से फोन पर बातचीत के दौरान फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए विशेष जांच दल नियुक्त करने का वादा किया। ट्रूडो ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में बताया है कि उन्होंने ट्रम्प से की गई बातचीत में सीमा सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया, जिसके बाद ट्रम्प ने टैरिफ को टालने की बात पर सहमति जताई। ट्रूडो ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए 1.3 अरब कनाडाई डॉलर खर्च करने के वादा किया है।

ट्रम्प ने इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, ''कनाडा ने सुनिश्चित किया है कि अमेरिका के साथ लगी इसकी उत्तरी सीमा सुरक्षित होगी।''

इससे पहले सोमवार को मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत के बाद मैक्सिको पर लगाए गए टैरिफ को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि फेंटेनाइल जैसी नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए मैक्सिको 10 हजार नेशनल गार्ड को सीमा पर तैनात करेगा। इसके साथ ही मैक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा और व्यापार पर वार्ता जारी रखेंगे और टैरिफ को अब एक महीने के लिए टाल दिया गया है।

# राज्यसभा में राजद सांसद ने कहा 'देश में बाबाओं की फैक्ट्री है, यह बंद हो'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में बोलते हुए राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि देश में बाबाओं की एक फैक्ट्री आ गई है और यह फैक्ट्री बंद होनी चाहिए। हर धर्म के अंदर इस तरह के अंधविश्वास पैदा हो रहे हैं। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल एक साझा पॉलिटिकल विल लें कि कोई भी वीवीआईपी दर्शन किसी मंदिर, किसी दरगाह में नहीं होना चाहिए। देश में धर्मांधता और धार्मिकता का फर्क मिटता जा रहा है। हम धार्मिक देश हैं, हजारों साल से हम धार्मिक देश हैं। यहां धर्मांधता नई चीज है। प्रतिदिन देखो हर घंटे कई नए बाबा आ रहे हैं। वे ग्रह-नक्षत्र देखकर बताते हैं कि कभी नहीं नहाया तो कोई पाप नहीं मिटेंगे।

## यह परिपाटी संविधान के दृष्टिकोण से भी बंद होनी चाहिए



उन्होंने कहा कि यह जो रिलिजियस बाबाओं की प्रोडक्शन फैक्ट्री आ गई है, इनके उत्पादन पर भी रोक लगनी चाहिए। हर धर्म के अंदर इस तरह के अंधविश्वास पैदा हो रहे हैं। उन्होंने सदन में आर्थिक असमानता का विषय उठाया। मनोज झा ने कहा कि यह असमानता आने वाले वर्षों में और अधिक परेशान करेगी। मुझे बिलेनियर्स से परेशानी नहीं है। लेकिन, लोगों के बीच में खाई बढ़ती जा रही है। हम यह जानते हैं कि बेरोजगारी का त्वरित समाधान किसी के पास नहीं है। लेकिन, बेरोजगारी के लिए ब्लूप्रिंट क्या है? बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए पहली शर्त यह है कि यह मानना आवश्यक है कि बेरोजगारी है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक तीन युवाओं में से दो बेरोजगार हैं। बिहार में उच्च पदों की परीक्षाएं लेने वाली एक संस्था है। उस संस्था का करिकुलम वाइटल कहता है कि बीते कुछ वर्षों में कोई भी परीक्षा बिना रिगिंग के नहीं हुई है। यदि वहां जाकर न्याय मांगो तो युवाओं पर लाठीचार्ज होता है।

उन्होंने रेल मंत्री से ट्रेनों की व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री वेश बदलकर व्यवस्था का जायजा लें तो उन्हें असली हालत का पता लगेगा। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं, अभी यूजीसी का ड्राफ्ट रेगुलेशन आया। यह ड्राफ्ट रेगुलेशन विश्वविद्यालय की मौत की इबारत है। यह विश्वविद्यालय, शिक्षक और छात्र विरोधी है। कहीं ऐसी योजना तो नहीं है कि पूरी शिक्षा व्यवस्था हम निजी हाथों में सौंप दें। शिक्षकों के पदों पर भर्ती को लेकर एक श्वेत पत्र आना चाहिए कि विश्वविद्यालय और अन्य संस्थाओं में एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण को लेकर क्या स्थिति है?

## एशियाई शीतकालीन खेलों की मशाल रिले की शुरुआत

**बीजिंग।** 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों की मशाल रिले समारोह चीन के हेलोंगच्यांग प्रांत के हार्बिन शहर में सोमवार को शुरू हुआ। मशाल रिले की अवधि 1 दिन है और इसकी कुल दूरी लगभग 11 किलोमीटर है। 7 फरवरी की शाम एशियाई शीतकालीन खेलों के उद्घाटन समारोह स्थल पर मुख्य मशाल टावर प्रज्ज्वलित होगा, जो इस प्रतियोगिता के समापन तक रहेगा। मशाल रिले गतिविधियों में 120 मशालधारक भाग लेंगे, जिनमें से सबसे छोटे की उम्र 16 वर्ष है और सबसे बड़े मशालधारक की उम्र 83 वर्ष है। एशियाई शीतकालीन खेलों का पहला प्रतियोगिता कार्यक्रम आइस हॉकी शुरू हुआ और 4 फरवरी की सुबह चीनी टीम मिश्रित डबल्स में आइस केर्लिंग का मुकाबला करेगी। एशियाई शीतकालीन खेलों का आधिकारिक उद्घाटन 7 फरवरी को होगा और समापन 14 फरवरी को होगा, जो कि आठ दिनों तक चलेगा।

# अब सभी दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा में ले जा सकेंगे राइटर : सुप्रीम कोर्ट

**ब्यूरो**

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस जे.बी. पारदीवाला व जस्टिस आर. महादेवन की खंडपीठ ने दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा में राइटर ले जाने की अनुमति देते हुए कहा भले ही वे 40 प्रतिशत की मानक दिव्यांगता मानदंड को पूरा न करते हों, जो अब तक लागू था।पीठ ने फैसला सुनाया कि दिव्यांग उम्मीदवारों और मानक दिव्यांगता (40% या उससे अधिक विकलांग) वाले उम्मीदवारों के बीच कृत्रिम भेद व विभाजन को समाप्त किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों के बाद केंद्र द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को सभी दिव्यांग उम्मीदवारों को बिना किसी बाधा के परीक्षा देने में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए लाभ प्रदान करके लागू किया जाना चाहिए। न्यायालय ने परीक्षा निकायों से सुगम्यता संबंधी उपायों को लागू करने को कहा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि परीक्षा केंद्र शारीरिक रूप से सुलभ हों और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त हों। साथ ही, भेदभाव को रोकने और दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।शीर्ष अदालत ने शिकायत दर्ज करने के लिए एक शिकायत निवारण पोर्टल स्थापित करने का आदेश दिया, जिससे अभ्यर्थियों को अदालत का दरवाजा खटखटाने से पहले अदालत से संपर्क करने की अनुमति मिल सकेगी। यह ऐतिहासिक फैसला 2022 में गुलशन कुमार नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें केंद्र व अन्य प्राधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वे उन्हें विभिन्न परीक्षाओं के लिए उनकी दिव्यांगता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, कानून के तहत एक राइटर की सुविधा, प्रतिपूरक समय और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करें, जिसके वे हकदार हो सकते हैं।शीर्ष अदालत ने सभी प्राधिकरणों/भर्ती एजेंसियों/परीक्षा निकायों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का समान रूप से पालन करने तथा समय-समय पर सर्वेक्षण/सत्यापन के माध्यम से इनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसने सरकार को

- प्रमाण पत्र की वैधता (जो वर्तमान में केवल 6 महीने के लिए है) को बढ़ाया जाना चाहिए

## बेल्जियम में नई सरकार के गठन पर पीएम मोदी ने दी बधाई

# भारत और बेल्जियम के संबंध को और मजबूत करने की बात कही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूरोपिय देश बेल्जियम में प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के नेतृत्व में नई सरकार के गठन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने भारत और बेल्जियम के संबंध को और मजबूत करने की बात कही। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। मैं भारत-बेल्जियम रिश्तों को और मजबूत करने, वैश्विक मामलों पर हमारे सहयोग को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं। आपके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं।" बेल्जियम में महीनों से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के बाद सोमवार को नई सरकार ने शपथ ली। ब्रसेल्स के रॉयल पैलेस में हुए शपथ ग्रहण समारोह में बेल्जियम के राजा फिलिप के सामने प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर और उनकी कैबिनेट के 14 मंत्रियों ने शपथ ली। बार्ट डी



वेवर फ्लेमिश राष्ट्रवादी पार्टी न्यू फ्लेमिश एलायंस (एन-वीए) के नेता हैं। यह पहली बार है जब एक फ्लेमिश राष्ट्रवादी संघीय सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यह नई सरकार "एरिजोना गठबंधन" के नाम से जानी जाती है, जिसमें 5 प्रमुख राजनीतिक दल शामिल हैं। ये एन-वीए, फ्लेमिश क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स, समाजवादी वूरूइट, फ्रेंच-भाषी सुधारवादी आंदोलन (एमआर) और मध्यमार्गी लेस एंगेज हैं। इन दलों ने बजट कटौती, कर वृद्धि और पेंशन सुधारों पर महीनों की कठिन बातचीत के बाद एक समझौता किया, जिसका उद्देश्य बेल्जियम की सार्वजनिक वित्तीय स्थिति को स्थिर करना है। पिछले साल जुलाई में राजा फिलिप ने बार्ट डी वेवर को संघीय सरकार बनाने का जिम्मा सौंपा था। उन्होंने गठबंधन बनाने के लिए कई राजनीतिक दलों से बातचीत की, जिसमें फ्रेंच-भाषी मूवमेंट रिफॉर्मेटर (एमआर) और लेस एंगेज, डच-भाषी क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स (सीडी एंड वी) और समाजवादी वूरूइट शामिल थे। गठबंधन की बातचीत में सामाजिक-आर्थिक सुधार, स्वास्थ्य सेवा में निवेश, कम आय वाले लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने और बेरोजगारों को रोजगार देने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। नई सरकार का गठन बेल्जियम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त करता है और देश को आर्थिक और सामाजिक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

## जाम्बिया : हैजा प्रभावित शहर में शुरू होगा टीकाकरण अभियान

**लुसाका।** जाम्बिया में हैजा के प्रकोप से प्रभावित कॉपरबेल्ट प्रांत के चिलीलाबोम्बे शहर में टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री एलिजा मुचिमा ने हैजा की स्थिति पर एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, सरकार ने प्रांत में हैजा के प्रकोप से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन, गावी और अन्य भागीदारों के साथ चर्चा शुरू की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मुचिमा ने कहा कि जिले के लिए टीकों की लगभग 1,29,000 खुराकें निर्धारित की गई हैं और टीकाकरण अभियान 7 फरवरी से शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "टीकाकरण हमारी हैजा प्रतिक्रिया रणनीति की आधारशिला है।, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीकाकरण के लिए तैयारियां और बीमारी के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण शुरू हो गया है। उनके अनुसार, हैजा प्रकोप को नियंत्रित करने और फैलने से रोकने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया है।

# 'केन्द्र सरकार यूएपीए के तहत किसी को आतंकी घोषित कर सकती हैं'

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार व जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धाराओं को चुनौती देने वाला याचिकाओं को सुनने से इनकार करते हुए कहा कि पहले यह विषय हाईकोर्ट में सुना जाना चाहिए , उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में लाना चाहिए। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट में इसके लिए कई याचिकाएं दायर की गई थी और यूएपीए की धारा 35व 36 को चुनौती दी गई थी। क्योंकि इन धाराओं के तहत केंद्र सरकार को किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने और उसे आतंकवादियों की सूची से बाहर करने की शक्ति मिली है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार व जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पीठ ने पाया कि इन्हीं धाराओं को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दिल्ली हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। इसके अलावा कई अन्य हाई कोर्ट में भी ऐसे ही मामले लंबित है। इसके बाद पीठ ने सवाल पूछते हुए कहा कि हम इन याचिकाओं को क्यों सुने? पहले इस पर हाई कोर्ट का निर्णय आने देना चाहिए। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स ने 1967 के यूएपीए कानून में 2019 में किए गए बदलाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया कि इस बदलाव से सरकार किसी को भी मनमाने तरीके से आतंकवादी घोषित कर सकती है। इसके बाद व्यक्ति को साबित करना होगा कि वह खुद आतंकवादी नहीं है। याचिका में कहा गया कि यह सब व्यक्ति के स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन है। इस पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि बहुत सी दिक्कतें आती हैं। कभी आपकी तरफ से कुछ मुद्दे छेड़ दिए जाते हैं तो कभी दूसरी तरफ से। फिर हमें मामले को बड़ी बेंच के पास भेजना पड़ता है। पहले हाई कोर्ट को इस पर फैसला कर लेने दीजिए। वैसे वकीलों में इस बात की चर्चा है कि कई कारणों से हाईकोर्ट में लंबे समय तक मामला खींच रहा है। याचिकार्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील सी यू सिंह ने कहा कि 5 साल से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। जब सुप्रीम कोर्ट दूसरे मुद्दों पर फैसला सुना रहा है, तो इस पर क्यों नहीं सुना सकता? याचिकाकर्ता ने अपील की कि याचिका को खारिज न किया जाए बल्कि दिल्ली हाई कोर्ट को ट्रांसफर किया जाए।

- सुप्रीम ने कोर्ट- पहले हम नहीं सुनेंगे...हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद...
- तब याचिकाकर्ता ने अपील की कि याचिका को खारिज न किया जाए बल्कि दिल्ली हाई कोर्ट को ट्रांसफर किया जाए

# नेपाल में लड़कियों के शादी की उम्र 20 से घटाकर 18 वर्ष करने पर महिला आयोग की आपत्ति

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में सरकार द्वारा लड़कियों की शादी उम्र 20 वर्ष से घटकर 18 वर्ष करने के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने आपत्ति जताई है। लड़कियों की शादी की उम्र घटाने संबंधी कानून मंत्रालय के प्रस्ताव पर संसदीय समिति में जल्द फैसला लेकर उसे संसद में पेश करने की तैयारी चल रही है।

सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष कमल पराजुली ने देश के कानून मंत्री अजय चौरसिया को पत्र लिख कर लड़कियों की शादी की उम्र घटाने के प्रस्ताव को वापस लिए जाने की मांग की है। अपने दो पन्ने के पत्र में महिला आयोग की अध्यक्ष ने लिखा है कि केवल विवाह में यौन संबंध को आधार मानते हुए लड़कियों की शादी की उम्र को घटाना किसी भी रूप में ठीक नहीं है। इस समय कानून मंत्रालय की तरफ से लड़कियों की शादी की उम्र को 20 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किए जाने के पीछे यह तर्क दिया गया है कि इससे लिव इन रिलेशन वाला मामला बहुत अधिक बढ़ गया है और ऐसे में एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा करने, बच्चे का जन्म होने पर उनकी जिम्मेवारी को लेकर बहुत मामले बढ़ गए हैं। कानून मंत्रालय के प्रस्ताव में यह भी लिखा है कि 20 वर्ष शादी की उम्र होने से लड़कियों की तरफ से लड़कों के खिलाफ बलात्कार और यौन दुराचार के झूठे मामलों में काफी बढ़ोतरी हो गई है। लेकिन राष्ट्रीय महिला आयोग ने कानून मंत्रालय के इन तर्कों को ही नकारते हुए विवाह के लिए 20 वर्ष की आयु को ही निरंतरता देने के पक्ष में हैं। आयोग का तर्क है कि विद्यालय के पाठ्यक्रम में अन्य विषय के अलावा सामाजिक और वैवाहिक जीवन के व्यावहारिक ज्ञान की भी शिक्षा देने के लिए पाठ्यक्रम बनाना चाहिए।

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी शादी की उम्र 20 वर्ष बताया है




राष्ट्रीय महिला आयोग ने नेपाल के संविधान मौजूदा प्रावधान के अनुसार लड़के और लड़कियों की शादी उम्र को 20 वर्ष होने को ही बेहतर बताया है। पराजुली ने अपने पत्र में लिखा है कि शादी सिर्फ यौन संबंध बनाने के लिए नहीं बल्कि लड़कियों के लिए यह भावनात्मक अधिक होता है। उन्होंने कहा है कि 20 वर्ष की लड़की न सिर्फ भावनात्मक रूप से मजबूत होती हैं बल्कि उसके आत्मनिर्भर होने और अपनी आर्थिक और सामाजिक परिस्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकती है।

